Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

Established 1865

# पायनियर

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-09, अंक-240
रायपुर, बुधवार 23 अप्रैल 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00

www.dailypioneer.com

# आतंकवादी हमला : 25 से अधिक पर्यटकों के मारे जाने की आशंका

एजेंसी ‹ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग जिले के लोकप्रिय पर्यटन स्थल पहलगाम के पास मंगलवार को एक बड़े आतंकवादी हमले में 25 से अधिक पर्यटकों के मारे जाने और कम से कम आठ अन्य के घायल होने की आशंका है। मृतकों की संख्या के बारे में अब तक हालांकि, कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गयी है। यह हमला अपराह्न करीब 1.30 बजे बैसरन मैदानी क्षेत्र में हुआ, जो पहलगाम के पास खूबसूरत लेकिन गैर-मोटर वाहन योग्य स्थान है। हमले पर केंद्र सरकार ने तत्काल प्रतिक्रिया व्यक्त की और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा का नेतृत्व करने के लिए श्रीनगर पहुंचे। शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी घटना के बारे में जानकारी दी, जो वर्तमान में सऊदी अरब की आधिकारिक यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री दोनों ने अपराधियों को नहीं बख्शने का प्रण लिया है। अधिकारियों ने बताया कि बंदूकधारियों ने बैसरन में पर्यटकों के एक समूह पर गोलीबारी की, जिसमें बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है जिसमें एक पर्यटक महिला





रोती हुई कह रही है कि वे 'भेल पुरी' खा रहे थे, तभी एक आतंकवादी ने उसके पति को गोली मार दी। वीडियो में एक और महिला रोती हुई अपने पति को बचाने के लिए मदद मांग रही है। सूत्रों ने बताया कि आतंकवादी हमले में 25 से अधिक पर्यटक मारे गये हैं। अधिकारियों ने बताया कि आठ घायलों को पहलगाम के एक चिकित्सा केंद्र में लाया गया और उनमें से दो को गंभीर हालत में श्रीनगर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर वाहनों से नहीं पहुंचा जा सकता और सुरक्षा बलों को पैदल ही घटनास्थल पर भेजा गया है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि हमलावरों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया है। वह केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा और कानून व्यवस्था की देखरेख करते हैं। गौरतलब है कि 2019 के बाद से जम्मू-कश्मीर में यह पहला बड़ा आतंकवादी हमला है। पिछला बड़ा आतंकवादी हमला 14 फरवरी, 2019 को हुआ था, जब जैश-ए-मोहम्मद के एक स्थानीय आत्मघाती हमलावर आदिल डार ने लेथपोरा पुलवामा में अपनी विस्फोटकों से भरी कार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की बस से टकरा दिया था, जिसमें बल के 40 जवान मारे गये थे। इस हमले के बाद बालाकोट में हवाई हमले किये गये। एक दिन बाद पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई की और इससे दोनों देशों के बीच एक संक्षिप्त लड़ाई शुरू हो गयी।

## पहलगाम में पर्यटकों पर कायर आतंकियों ने हमला किया : साय

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले पर पर्यटकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि पहलगाम में पर्यटकों पर कायर आतंकियों ने हमला किया है। साय ने एक्स पर ट्विट कर कहा, हमले में हताहत हुए पर्यटकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। घायलों में रायपुर के भी एक व्यक्ति हैं, ऐसा समाचार आया है। उनके बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के निर्देश दिये गये हैं।

## आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट करते हुए लिखा, 'मैं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदना है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उनका नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है और यह और भी मजबूत होगा।'

## रायपुर के व्यापारी को लगी गोली, 11 लोग भी फंसे

**रायपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में राजधानी रायपुर के एक व्यापारी को गोली लगने की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि रायपुर के समता कॉलोनी में रहने वाले कारोबारी दिनेश मिरानिया इस आतंकी हमले में गोली लगने से घायल हो गए। घटना के बाद उन्हें तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दिनेश अपनी पत्नी और बच्चों के साथ पर्यटन के उद्देश्य से कश्मीर गए हुए थे। डॉक्टरों ने उनकी स्थिति गंभीर लेकिन स्थिर बताई है। इधर इस घटना की जानकारी मिलते ही रायपुर स्थित उनके परिजनों और परिचितों में चिंता का माहौल है। इस हमले के कारण छत्तीसगढ़ के एमसीबी जिले के करीब 11 लोग भी फंसे हैं, जो कि गर्मियों में छुट्टियां मनाने गए थे।

## क्विक न्यूज़

### मुंबई में टेक्सटाइल और स्टील उद्योग के दिग्गजों से मिलेंगे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 23 और 24 अप्रैल को देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में आयोजित वस्त्र एवं इस्पात उद्योग के दो प्रतिष्ठित राष्ट्रीय आयोजनों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री साय इन अवसरों पर राज्य की नई औद्योगिक नीति, निवेश की संभावनाएँ और अधोसंरचना विकास के विजन को देशभर के उद्योगपतियों एवं नीति निर्माताओं के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। ये आयोजन मुंबई के गोरेगांव स्थित बॉम्बे एग्ज़िबिशन सेंटर में होंगे। मुख्यमंत्री साय 23 अप्रैल को सीएमएआई फैब शो में भाग लेंगे, जिसे क्लोथिंग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित किया गया है। यह शो देश के वस्त्र उद्योग से जुड़े दिग्गजों का प्रमुख प्लेटफॉर्म है, जहाँ उत्पादन, निर्यात और ब्रांडिंग से जुड़े प्रतिष्ठित प्रतिनिधि शामिल होते हैं। मुख्यमंत्री इस मंच से छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति में वस्त्र उद्योग के लिए उपलब्ध विशेष सुविधाओं, प्रोत्साहनों और निवेश के अवसरों की जानकारी साझा करेंगे।

### प्रदेश में गर्मी और लू को देखते हुए स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्कूली बच्चों के हित में संवेदनशील निर्णय लेते हुए राज्य के सभी कलेक्टरों से कहा है कि राज्य में पड़ रही भीषण गर्मी और लू की स्थिति को देखते हुए राज्य के सभी स्कूलों में 25 अप्रैल से 15 जून तक अवकाश रखा जाए। सभी स्कूलों में इस निर्देश का कड़ाई से पालन किया जाए। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद राज्य के स्कूल शिक्षा विभाग ने ग्रीष्मकालीन अवकाश की तिथि घोषित कर दी है। मुख्यमंत्री साय ने कहा है कि गर्मी को देखते हुए स्कूली बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश के परिपालन में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के सभी शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त एवं गैर अनुदान प्राप्त स्कूलों में 25 अप्रैल से 15 जून 2025 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा की गई है।

### तमिलनाडु से जुड़े मामले में केरल का मामला शामिल नहीं : केंद्र सरकार

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के समक्ष केंद्र सरकार ने कहा कि



तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा विधेयकों को मंजूरी देने में देरी से संबंधी शीर्ष अदालत के 8 अप्रैल, के फैसले में केरल का मामला शामिल नहीं है। न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ के समक्ष सरकार की ओर से पेश ओरसॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तमिलनाडु के फैसले का अध्ययन करने के लिए समय की मांग करते हुए कहा कि यह केरल के मामले से अलग है।

## कैलाश विजयवर्गीय ने कांग्रेस के संविधान बचाओ अभियान पर उठाया सवाल

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर पहुंचे मध्यप्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कांग्रेस के संविधान बचाओ अभियान पर कहा कि जो अपनी जेब में संविधान की किताब लेकर घूम रहे हैं, मूल उसमें है क्या? संविधान का उपयोग कांग्रेस राजनीति के लिए कर रही है। अगर कांग्रेस संविधान के अनुरूप चली होती तो ये दुर्दशा नहीं होती। संविधान का जितना मजाक कांग्रेस ने उड़ाया, उतना किसी ने नहीं किया। भारत रत्न भीमराम अंबेडकर के सम्मान में आयोजित राजनांदगांव में आयोजित भाजपा के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे रायपुर पहुंचे थे कैलाश विजयवर्गीय ने एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा में कहा कि संविधान की धज्जियां कांग्रेस ने उड़ाई है, आपातकाल लगाया, और जब यूपीए की सरकार थी तब उनके नेता ने बिल की कॉपी फाड़ी थी। अब वहीं नेता देश के संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ विदेश में बयान दे रहे हैं। इससे क्या देश का सम्मान बढ़ेगा। चुनाव प्रणाली पर कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के सवाल उठाए जाने पर कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि कांग्रेस का दोहरा चरित्र है, जनता इसे समझ रही है। इसलिए कांग्रेस को हर जगह नकार रही है। जहां जीत होती है, वहां सवाल नहीं है। जहां हारे वहां सवाल उठाना है।

## विकसित राष्ट्र के लिए खेती और पशुपालन को बढ़ाना होगा : शिवराज

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए खेती



और पशुपालन की भूमिका को बढ़ाना होगा। चौहान ने हरियाणा के करनाल में आईसीएआर- राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान के 21वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शोध और विकास में गांवों को जोड़ने की आवश्यकता है। उन्होंने लखपति दीदी योजना का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य दिया है जिसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। चौहान ने मंत्रालय की कई योजनाओं का जिक्र भी किया।

## संविधान में संसद से ऊपर किसी संस्थान की परिकल्पना नहीं : धनखड़

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संवैधानिक पदों को अलंकरण बताने की धारणा को गलत करार देते हुए मंगलवार को कहा कि संविधान में संसद से ऊपर किसी संस्थान की परिकल्पना नहीं है। धनखड़ ने दिल्ली विश्वविद्यालय में भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर आयोजित एक कार्यक्रम 'कर्तव्यम' को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। नागरिक सर्वोच्च है क्योंकि राष्ट्र और लोकतंत्र नागरिकों से ही निर्मित होते हैं। उनमें से प्रत्येक की एक भूमिका है। लोकतंत्र की आत्मा प्रत्येक नागरिक में निवास करती है और स्पंदित होती है। नागरिकों के सतर्क होने से लोकतंत्र विकसित होगा और इसके मूल्यों का संवर्धन होगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के विकसित होने के लिए नागरिक योगदान देता है।

## तेजी से कार्य करते हुए अच्छी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में सड़कों पुल-पुलियों व भवनों के निर्माण कार्य करें पूर्ण : विष्णु देव साय

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



### मुख्यमंत्री ने इन कार्यों की समीक्षा की

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में प्रगतिरत राष्ट्रीय राजमार्गों, एनएचएआई द्वारा किए जा रहे कार्यों, निर्माणाधीन सड़कों, पुल-पुलियों एवं भवनों की प्रगति, खेल विभाग के अधोसंरचना निर्माण कार्यों तथा सीआरआईएफ, आरआरपी (एलडब्ल्यूई) तथा आरसीपीएलडब्लूईए योजनाओं के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने महानदी भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को तेजी से कार्य करते हुए अच्छी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में सड़कों, पुल-पुलियों एवं भवनों के काम पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों और प्रमुख सड़कों पर तेज और सुरक्षित यातायात पर जोर दिया। उन्होंने एआई और नवीन तकनीकों के उपयोग से खराब सड़कों के त्वरित चिन्हांकन व मरम्मत के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरूण साव और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बैठक में सड़कों और पुल-पुलियों के काम आगामी पांच साल की कार्ययोजना को ध्यान में रखते हुए त्वरित गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों और वृहद पुलों के कार्यों को भू-अर्जन के बाद डेढ़-दो वर्षों में अनिवार्यतः पूर्ण करने को कहा। उन्होंने शहरों के नजदीक बनने वाले बाइपास और रिंगरोड में पर्याप्त संख्या में ओव्हरब्रिजों और अण्डरब्रिजों का निर्माण करते हुए इन्हें एक्सप्रेस-वे की तर्ज पर विकसित करने के निर्देश दिए। इससे यातायात तेज और सुरक्षित होगा। मुख्यमंत्री साय ने भारतमाला परियोजना के तहत रायपुर को विशाखापट्नम से जोड़ने बन रहे एक्सप्रेस-वे से रायपुर-जगदलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने अच्छी गुणवत्ता के कनेक्टिंग-रोड्स बनाने के निर्देश दिए, ताकि इस एक्सप्रेस-वे का अधिक से अधिक लाभ राज्य के लोगों को मिल सके। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्गों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी बड़ी एवं महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए एक-एक डेडीकेटेड अधिकारी नामांकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों में तेजी लाने एनएचएआई के साथ बेहतर समन्वय बनाकर काम करने को कहा। उन्होंने आगामी तीन वर्षों में 30 हजार करोड़ रूपए के सड़क विकास के कार्यों को पूर्ण करने के लक्ष्य के साथ काम करने को कहा। उन्होंने नए बजट में प्रावधानित कार्यों की प्राथमिकता तय करते हुए शीघ्र ही उनके इस्टीमेट, डीपीआर और टेण्डर की कार्यवाही पूर्ण करते हुए कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

## महाराष्ट्र चुनाव पर राहुल गाँधी के सवालों का गणित के हिसाब से भी कोई तुक नहीं बनता: आयोग के सूत्र

एजेंसी ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर कांग्रेस के नेता राहुल गाँधी के विदेशी धरती से उठाए गए सवालों के एक दिन बाद आयोग के सूत्रों ने खारिज किया और कहा कि सामान्य गणित और स्थापित प्रक्रियाओं के हिसाब से वहां हुए मतदान की रफ्तार और मतदाता-सूची की शुद्धता को लेकर विपक्ष के नेता के सवालों का कोई तुक नहीं बनता। आयोग के एक अधिकारी ने आपना नाम जाहिर न करने की शर्त पर कहा कि 20 नवंबर 2024 को महाराष्ट्र विधान सभा के चुनाव में सुबह से साम तक प्रति घंटे मतदान की जो औसत रफ्तार देखी गयी उसके हिसाब से दो घंटे में एक करोड़ 16 लाख मतदाताओं ने वोट डाले होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में चुनाव से पहले मतदाता सूचियों का संशोधित मसौदा कांग्रेस पार्टी सहित सभी दलों को दिया गया था और इतने बड़े राज्य में नौ करोड़ से अधिक नामों की सूची को लेकर उंगली पर गिनने भर की कुछ गिनी चुनी आपत्तियां ही आयी थी जिनका परिमार्जन कर दिया गया था। उल्लेखनीय है कि गांधी ने बोस्टन में एक कार्यक्रम में कहा था, 'महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव में चुनाव आयोग ने कुछ समझौता कर लिया था' और 'सिस्टम में कुछ गड़बड़ी थी।' उन्होंने कहा था कि चुनाव आयोग ने शाम 5:30 पर मतादान का आंकड़ा दिया था और उसके बाद आयोग के अनुसार 7:30 तक 65 लाख लोगोंने वोट डाले। कांग्रेस नेता ने इसे असंभव बताया था।

## नेशनल हेराल्ड मामला भाजपा का ध्यान भटकाने का प्रयास : सुप्रिया

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस की राष्ट्रीय नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामला भाजपा की ओर से ध्यान भटकाने, बरगलाने और तथ्यों को तोड़-मरोड़ने का एक प्रयास है। श्रीनेत ने यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा का काम देश के सामने मौजूद महत्वपूर्ण मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाना। अपनी विफलताओं से ध्यान भटकाना। स्वतंत्रता संग्राम को तोड़-मरोड़ कर पेश करना और देश की विरासत का अपमान करना है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए कांग्रेस पार्टी के ऐतिहासिक गुजरात अधिवेशन से बौखलाए मोदी-शाह की जोड़ी ने फिर से कांग्रेस पार्टी पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अपनी पसंदीदा आपराधिक वसूली मशीन को छोड़ दिया है। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ ईडी द्वारा दायर तथाकथित आरोप पत्र कुछ और नहीं बल्कि विशुद्ध राजनीतिक षड़यंत्र है। गांधी परिवार का हर सदस्य चाहे वह राजनीति में हो या नहीं भाजपा द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि विडंबना यह है कि पहली बार मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप ऐसे मामले में लगाए जा रहे है, जिसमें एक भी पैसा या संपत्ति हस्तांतरित नहीं की गई है। बैलेंस शीट को कर्ज मुक्त बनाने के लिए कर्ज को इक्विटी में बदला जाता है। यह एक आम प्रथा है और पूरी तरह से कानूनी है। जब पैसा ही नहीं है, तो लॉन्ड्रिंग कहां है? यह एक षड़यंत्रकारी राजनीतिक ठगी है। मोदी सरकार ने ईडी को अपना 'चुनाव विभाग' बना लिया है और बेशर्मी से और बार-बार प्रतिशोध के लिए इसका दुरुपयोग कर रही है। ईडी के मामलों में सजा की दर सिर्फ एक प्रतिशत है। इसके अलावा, ईडी ने जो राजनीतिक मामले दर्ज किए है, उनमें से 98 प्रतिश तमामले सत्ताधारी पार्टी के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के परिवार के खिलाफ मनगढ़ंत मामलों की जा रही साजिश सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग से कम नहीं है। फर्जी और झूठे मामलों के माध्यम से नेतृत्व और उनके परिवारों को निशाना बनाकर, भाजपा सरकार कांग्रेस पार्टी को दबाने की पूरी कोशिश कर रही है, एकमात्र ताकत जो लगातार लोगों के साथ और इस देश की आत्मा के लिए खड़ी रही है।

### वर्ष 2016 और 2019 के बाद उनकी सऊदी अरब की उनकी यह तीसरी यात्रा

## सऊदी अरब के साथ संबधों में असीम संभावनाएं : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी ‹ जेद्दा
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने से आरंभ हो रही सऊदी अरब की उनकी दो दिवसीय यात्रा के पहले दोनों देशो के बीच बढ़ते संबधों की 'असीम संभावनाओं' की चर्चा करते हुए कहा है कि अस्थिरता से भरी दुनिया में दोनों देशों के रिश्ते स्थायित्व के मजबूत स्तंभ की तरह खड़े हैं। पीएम मोदी ने अरब न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में यह बात कही। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री आज से शुरू हो रही सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। वर्ष 2016 और 2019 के बाद उनकी सऊदी अरब की उनकी यह तीसरी यात्रा है। मोदी ने सऊदी अरब को एक विश्वसनीय और सामरिक रूप से महत्वपूर्ण साझीदार बताते हुए जोर देकर कहा कि वर्ष 2019 से 'रणनीतिक साझीदार परिषद' के गठन के बाद से दोनो देशो के बीच द्विपक्षीय संबध महत्वपूर्ण रूप से काफी व्यापक हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, 'हमारी साझीदारी में असीमित संभावनाए हैं। अस्थिरता से भरे समूचे विश्व में हमारे संबध स्थायित्व के स्तंभ की भांति मजबूती से खड़े हैं।' उन्होंने सऊदी क्राउन प्रिंस एवं प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान के नेतृत्व की प्रंशसा की और उन्हें दोनों देशो के बीच मजबूत संबधों का हिमायती और 'दृष्टा' करार दिया । उन्होंने कहा कि सऊदी प्रिंस ने अपने 'विजन 2030' के लिए पूरी दुनिया में प्रंशसा प्राप्त की है। प्रधानमंत्री ने कहा, हर बार जब मैं उनसे मिलता हूँ तो क्राउन प्रिंस ने मेरे ऊपर विशेष प्रभाव छोड़ा है। उनकी अंतरदृष्टि, दूरदर्शी सोच की संकल्पना और अपने लोगों की इच्छाओं की पूर्ति के लिए उनका जुनून काबिले तारीफ है।' पीएम मोदी ने दोनों देशो के साझे आर्थिक महत्वाकांक्षाओं की ओर ध्यान दिलाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा की ऊर्जा, कृषि एवं उवर्रकों जैसे प्रमुख क्षेत्रों में वैश्विक चुनौतियों के बावजूद दोनो देशो के बीच व्यापारिक संबधों में बढ़ोतरी हुई है। मोदी ने प्रमुखरूप से 'ग्रीन हाइड्रोजन' और प्रौद्योगिकी जैसे उभरते क्षेत्रों में सऊदी अरब और भारतीय व्यापारिक संबधों के गहरे 'एकीकरण' पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय कंपनियां सऊदी अरब के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी गहरी पैठ बनाने में कामयाब हुई है। मोदी ने सऊदी अरब को वर्ल्ड एक्सो 2030 और फीफा वर्ल्ड कप 2034 के आयोजन की मेजबानी हासिल करने पर बधाई दी और इसे दोहरी सफलता करार दिया। प्रधानमंत्री ने दोनो देशों के बीच बढ़तें रक्षा सहयोग और दोनों देशो की सेनाओं के संयुक्त सैन्य अभ्यास को बढती रणनीतिक विश्वास का संकेत करार दिया। सितम्बर 2023 में जी 20 सम्मेलन के दौरान आरंभ हुए भारत पश्चिम एशिया यूरोप आर्थिक कारीडोर (आईएमईईसी) के बारे में मोदी ने कहा कि यह परियोजना समूचे क्षेत्र में विकास, वाणिज्य और कनेक्टिविटी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, वर्ष 2014 से हमारे रिश्ते नयी ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहे हैं। मुझे याद है जब 2016 में मुझे किंग सलमान से 'द आर्डर आफकिंग अब्दुल अजीज़' सम्मान से सम्मानित किया गया था। मैं सच में विश्वास करता हूं कि यह दोनों देशों के संबधों के लिए 'आशाजनक' समय है। और मै जरूर कहूंगा कि सऊदी नेतृत्व ने इस साझीदारी को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाई है। मोदी ने कहा, भारत और सऊदी अरब एक साथ आगे बढ़ते रहेंगे - शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए, न केवल हमारे लोगों के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए। क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान पर मोदी ने कहा, मैं हमारे बीच साझा की गई व्यक्तिगत गर्मजोशी और विश्वास को महत्व देता हूं। और हां, इस व्यक्तिगत तालमेल ने स्वाभाविक रूप से यह दर्शाया है कि कैसे दोनों देश हमारी साझीदारी को प्राथमिकता देते हैं। वह हमारे द्विपक्षीय संबंधों के एक मजबूत समर्थक हैं।

## अमरेली में निजी प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट की मौत




वार्ता ‹ अमरेली
www.dailypioneer.com

गुजरात में अमरेली तालुका क्षेत्र में एक निजी प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें पायलट की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि शास्त्रीनगर गिरिया गांव के निकट सड़क पर अचानक एक निजी प्रशिक्षण विमान अपराह्न दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे वहां आग लगने से अफरा-तफरी मच गयी। स्थानीय लोगों और अग्निशमन विभाग के कर्मियो ने घटना स्थल पर पहुंच कर कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया। लेकिन हादसे में अहमदाबाद निवासी 19 से 20 साल उम्र के पायलट अनिकेत महाजन की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि विमान में एक ही पायलट सवार था। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## कांग्रेस चलाएगी 40 दिवसीय संविधान बचाओ अभियान



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस की कार्यकारिणी की बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रभारी सचिव गण जरिता लैतफलांग, विजय जांगिड़, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, शामिल रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि एआईसीसी के निर्देशानुसार प्रदेश में भी 25 अप्रैल से 40 दिवसीय संविधान बचाओ अभियान शुरू किया जायेगा। 25 अप्रैल को दुर्ग जिले से संविधान बचाओ रैली निकाली जायेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 25 अप्रैल को दुर्ग जिले में संविधान बचाओ रैली के साथ प्रदेश के सभी जिलों में 3 से 10 मई तक संविधान बचाओ रैलियां निकाली जायेगी तथा 11 से 17 मई तक प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में संविधान बचाओ रैली निकलेगी तथा 20 से 30 मई तक कांग्रेस संविधान बचाओ अभियान को घर-घर लेकर जायेगी। उन्होंने कहा कि संविधान बचाओ अभियान का उद्देश्य मोदी सरकार द्वारा संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर किये जा रहे लगातार हमलों, प्रतिशोध की राजनीति, आर्थिक कुप्रबंधन और सामाजिक न्याय के प्रणालीगत हनन का मुकाबला करना है। यह अभियान आम नागरिक की आवाज को बुलंद करेगा।

# भारत ने बदली रणनीति बांग्लादेश में 5000 करोड़ की रोकी रेल परियोजनाएं

पायनियर संवाददाता ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




भारत नेपाल-भूटान के जरिए वैकल्पिक मार्ग तलाशने के अलावा पूर्वोत्तर राज्यों के रास्ते सिलीगुड़ी कोरिडोर (चिकन नेक) में रेल लाइनों की संख्या दोगुनी-चौगुनी तक बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रहा है। भारत ने बांग्लादेश में चल रही राजनीतिक उथल-पुथल और श्रमिकों की सुरक्षा की चिंताओं का हवाला देते हुए वहां 5,000 करोड़ रुपए की लागत से चल रहीं प्रमुख रेल संपर्क परियोजनाओं के लिए फंडिंग और निर्माण कार्य को रोक दिया है। ये परियोजनाएं बांग्लादेश के रास्ते भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में संपर्क बढ़ाने के उददेश्य से की गई पहल का हिस्सा थीं। सूत्रों के अनुसार 'बदले हुए बांग्लादेश' के रवैये और सुरक्षा अनिश्चितताओं के चलते भारत अब नेपाल और भूटान जैसे पड़ोसी देशों के माध्यम से वैकल्पिक सीमा पार मार्गों की खोज कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक भारत नेपाल-भूटान के जरिए वैकल्पिक मार्ग तलाशने के अलावा पूर्वोत्तर राज्यों के रास्ते सिलीगुड़ी कोरिडोर (चिकन नेक) में रेल लाइनों की संख्या दोगुनी-चौगुनी तक बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रहा है। भारत ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के चीन में दिए उस बयान के बाद रणनीति बदली है जिसमें उसने चिकन नेक का संकेत देते हुए कहा था कि भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की पहुंच के लिए वह (बांग्लादेश) समुद्र का अकेला संरक्षक है। तीन निलंबित परियोजनाओं में अखौरा-अगरतला क्रॉस-बॉर्डर रेल लिंक, खुलना-मोंगला पोर्ट रेल लाइन और ढाका-टोंगी-जॉयदेबपुर रेल विस्तार शामिल हैं। इनके साथ ही, पांच अन्य प्रस्तावित रेल मार्गों के सर्वेक्षण को भी रोक दिया गया है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों को मुख्य भूमि से जोड़ना और बांग्लादेश के बंदरगाहों व उपनगरों में परिवहन क्षमता बढ़ाना था। भारतीय जमीन का इस्तेमाल करके बांग्लादेश नेपाल और भूटान में सामान भेजता था। अब उसके इन निर्यात को झटका लगेगा। बता दें कि अखौरा-अगरतला रेल लिंक परियोजना के अलावा दोनों देश मैत्री सेतु और खुलना-मोंगला पोर्ट रेल लाइन जैसी परियोजनाओं पर भी काम कर रहे हैं।

# ओलावृष्टि से गेहूं फसल को हुए नुकसान की तुरंत गिरदावरी करवाई जाए: चीमा

एजेंसी ◀ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने राज्य भर में, विशेष रूप से रोपड़ और नूरपुर बेदी क्षेत्रों सहित कंडी बेल्ट में हाल ही में हुई ओलावृष्टि और भारी बारिश के कारण खड़ी गेहूं की फसल को हुए नुकसान की तुरंत गिरदावरी करवाने की मांग की। शिअद के वरिष्ठ नेता डॉ. दलजीत सिंह चीमा ने यहां एक बयान में कहा कि खराब मौसम के कारण खड़ी गेहूं की फसलों को हुए नुकसान के मुआवजे के अलावा, जिन किसानों की गेहूं की फसल आग के कारण नष्ट हो गई है, उन्हें तुरंत मुआवजा दिया जाना चाहिए। डॉ. चीमा ने कहा कि यह निंदनीय है कि स्थिति पर काबू पाने और पीड़ित किसानों को राहत प्रदान करने के बजाय, आम आदमी पार्टी (आप) सरकार स्थिति से बेखबर है। उन्होने कहा, सैकड़ों एकड़ खड़ी गेहूं की फसल नष्ट होने के बावजूद कोई गिरदावरी नहीं की गई है। इसी तरह जिन किसानों की गेहूं की फसल आग से नष्ट हो गई है, उन्हें अपना मामला पेश करने के लिए सरकारी कार्यालयों में जाना पड़ रहा है। ऐसा लगता है कि राज्य में कोई शासन नहीं है और पूरी सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट के उपचुनाव लड़ने के लिए किया जा रहा है।

## कर्मचारियों को गेंहू खरीदने को मिलेगा 9700 रुपये का ब्याज-मुक्त ऋण: चीमा

**चंडीगढ़।** पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने घोषणा की कि प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ग्रेड-4 (ग्रुप-डी) के कर्मचारियों के लिए गेहूं खरीदने के लिए ब्याज मुक्त ऋण को बढ़ाकर 9700 रुपये कर दिया गया है। चीमा ने कहा कि आप की अगुवाई वाली राज्य सरकार ने ग्रेड-4 कर्मचारियों के लिए इस महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता में लगातार वृद्धि करते हुए गेहूं खरीदने के लिए ब्याज मुक्त ऋण में पिछले तीन सालों में 21.25 प्रतिशत का इजाफा किया है। उन्होने कहा कि वित्तीय वर्ष 2019-20 और 2020-21 के चुनौतिपूर्ण कोविड-19 वर्षों के दौरान भी कांग्रेस सरकार द्वारा कोई बढ़ोतरी किए बिना केवल 7500 रुपये का ब्याज रहित गेहूं ऋण की सुविधा दी गई।

# मार्च माह में तीन लाख 21 हजार लीटर से अधिक वॉश नष्ट, 893 मामले दर्ज

एजेंसी ◀ उदयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर अंकुश लगाने के लिए जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुए मार्च माह में तीन लाख 21 हजार लीटर से अधिक वॉश नष्ट करने के साथ ही 893 मामले दर्ज किए गए। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते बताया कि राज्य में जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसके तहत मार्च माह में तीन लाख 21 हजार 572 लीटर वॉश नष्ट किया गया। इसी क्रम में भारत निर्मित विदेशी मदिरा की 22462, देशी मदिरा की 3908, अवैध मदिरा की 5361, बीयर की 3693 बोतल सहित 700 लीटर स्प्रिट सीज किया गया। अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रदीप सिंह सांगावत ने बताया कि राज्य में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत मार्च माह में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय में संलिप्तता पर राजस्थान आबकारी अधिनियम के तहत 893 केस दर्ज करते हुए 685 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। अवैध मदिरा परिवहन के तहत 23 दुपहिया वाहन, 11 हल्के चार पहिया वाहन एवं एक भारी चार पहिया वाहन सहित 35 वाहनों को सीज किया गया है।

# आय से अधिक सम्पत्ति मामला: अभियंता व्याख्याता पत्नि सहित गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान में चित्तौड़गढ़ में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के मामले में विद्युत निगम के सहायक अभियंता को उसकी व्याख्याता पत्नी के साथ गिरफ्तार किया। ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. विक्रमसिंह ने बताया कि ब्यूरो ने अजमेर विद्युत वितरण निगम के सावा कार्यालय पर पदस्थ सहायक अभियंता महिपाल जाटव को 26 जून 2019 को परिवादी से कृषि विद्युत कनेक्शन लेने के बदले 30 हजार की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया था।

# विज्ञान मंथन यात्रा विद्यार्थियों के लिये उपयोगी सिद्ध होगी : यादव

एजेंसी ◀ भोपाल
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् (मैपकॉस्ट) की 17वीं विज्ञान मंथन यात्रा का मुख्यमंत्री निवास परिसर से शुभारंभ करते हुए यात्रा के लिए चयनित प्रतिभाशाली भावी वैज्ञानिक बच्चों को बधाई दी और उनके साथ संवाद किया। इस समारोह में डॉ यादव ने एक शिक्षक के रूप में बच्चों से सवाल-जवाब भी किए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ मुख्यमंत्री निवास परिसर से टेलीस्कोप द्वारा विभिन्न ग्रहों को देखा। उन्होंने विद्यार्थियों से अंतरिक्ष विज्ञान पर विस्तार पूर्वक संवाद किया। डॉ यादव ने कहा कि वे बच्चों के बीच मुख्यमंत्री या किसी शिक्षक नहीं, मित्र के रूप में उपस्थित हैं। उन्होंने बच्चों से कहा कि उनके जीवन के लिए यह विज्ञान मंथन यात्रा उपयोगी सिद्ध होगी। पाठ्य पुस्तकों के अध्ययन के साथ विद्यार्थी जब विज्ञान से जुड़े नामी-गिरामी संस्थानों का प्रत्यक्ष अवलोकन कर वहां की कार्य पद्धति की जानकारी प्राप्त करते हैं तो यह ज्ञान सिर्फ नौकरी के लिए नहीं बल्कि जीवन के लिए उपयोगी सिद्ध होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मानव शरीर और प्रकृति का भी समन्वय है। मनुष्य के जन्म से लेकर मृत्यु तक सभी प्रक्रियाएं जानने और समझने का विषय है। प्राण भी 5 प्रकार के हैं, जो श्वसन प्रणाली, हृदय, वाणी, पाचन प्रणाली, उत्सर्जन और प्रजनन प्रणाली और मांसपेशी के साथ परिसंचरण प्रणाली के रूप में जाने जाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैपकॉस्ट जैसी संस्थाएं विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक ज्ञान उपलब्ध करवाने की दिशा में सार्थक भूमिका निभा रही हैं। डॉ.यादव ने बच्चों से प्रश्न किए कि पृथ्वी और चंद्रमा में से परिक्रमा कौन करता है? ग्रह और उपग्रह में क्या अंतर है? गुरुत्वाकर्षण शक्ति क्या है? ग्रहों की परस्पर दूरी का आकलन किस तरह होता है? विद्यार्थियों के सारगर्भित उत्तर से मुख्यमंत्री डॉ. यादव बहुत प्रभावित हुए।

# आनंद बोस को निजी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस को आगे के इलाज के लिए सैन्य पूर्वी कमांड अस्पताल से एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया। बोस को सोमवार को सैन्य पूर्वी कमांड अस्पताल में भर्ती किया गया था। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि बोस की हालत स्थिर है। आगे के इलाज की आवश्यकता है क्योंकि प्रारंभिक परीक्षणों से उनके हृदय में तीन जगह ब्लॉकेज का पता चला है। सूत्रों ने कहा कि बोस को ईएम बाईपास पर अपोलो ग्लेनेगल्स अस्पताल में स्थानांतरित किया गया। सूत्रों ने कहा, राज्यपाल को निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। डॉक्टरों ने उन्हें कुछ चिकित्सा परीक्षण कराने को कहा है जो निजी अस्पताल में किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि बोस को आईसीयू में ले जाया गया और दक्षिण कोलकाता के कमांड अस्पताल में उनके दर्द को कम करने के लिए ऑक्सीजन सपोर्ट दिया गया जहां चिकित्सा परीक्षणों से उनके हृदय में तीन रुकावटों का पता चला। बोस के हृदय की स्थिति का पता लगाने के लिए शुरुआत में उनका ईसीजी परीक्षण और एंजियोग्राम किया गया।

# नारायण ने स्मार्ट मीटर परियोजना में बड़े घोटाले का आरोप लगाया

एजेंसी ◀ बेंगलुरु
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमंत्री सीएन अश्वथ नारायण ने राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई स्मार्ट मीटर परियोजना में 15,000 करोड़ रुपये के बड़े घोटाले का आरोप लगाया और इसे ऊर्जा क्षेत्र में सबसे बड़ी वित्तीय अनियमितताओं में से एक बताया। डॉ.नारायण ने कहा कि लोकायुक्त कार्यालय में पुलिस अधीक्षक के समक्ष भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत औपचारिक शिकायत दर्ज कराने के अलावा स्मार्ट मीटर परियोजना की पूरी निविदा और कार्यान्वयन प्रक्रिया का ऑडिट करने के लिए प्रधान महालेखा परीक्षक को एक याचिका भी सौंपी गई है। उन्होंने अधिकारियों से पूरी जांच करने और इसमें शामिल अधिकारियों और मंत्री के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया। उन्होंने मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर स्मार्ट मीटर योजना में अनियमितताओं के बारे में बार-बार दी गई चेतावनियों पर आंखें मूंद लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ऊर्जा विभाग और संबंधित मंत्री के समक्ष लगातार चिंता जताने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ऐसा लगता है कि यह मौद्रिक लाभ के लिए परियोजना का दोहन करने का एक जानबूझकर किया गया प्रयास है। डॉ. नारायण ने जनमत जुटाने के लिए एक ऑनलाइन हस्ताक्षर अभियान शुरू करने की घोषणा की।

# दक्षिण भारत में कम दबाव का क्षेत्र

**अमरावती।** उत्तरी छत्तीसगढ़ से मन्नार की खाड़ी तक स्थित उत्तर-दक्षिणी द्रोणिका अब उत्तर-पश्चिम बिहार और उसके आसपास के इलाकों में बने चक्रवाती परिसंचरण से मन्नार की खाड़ी तक फैल गई है। मौसम विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी दी। यह द्रोणिका छत्तीसगढ़, पूर्वी विदर्भ, तेलंगाना, आंतरिक कर्नाटक और तमिलनाडु से होकर समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर गुजरती है। दैनिक मौसम रिपोर्ट में केंद्र ने अगले पांच दिनों में तटीय आंध्रप्रदेश, यनम और रायलसीमा में अलग-अलग स्थानों पर 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज़ हवाओं और बिजली चमकने के साथ गरज और बारिश होने का अनुमान लगाया है। अगले सात दिनों के दौरान इन क्षेत्रों में एक या दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने का भी अनुमान है। इसके अलावा, अगले चार दिनों में अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ गर्म, आर्द्र और असहज मौसम की स्थिति का अनुमान है। पिछले 24 घंटों के दौरान तटीय आंध्र प्रदेश, यनम और रायलसीमा में एक या दो स्थानों पर बारिश की सूचना मिली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सोमवार को तटीय आंध्रप्रदेश के जंगमहेश्वरपुरम में अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# ईडी के बहाने कार्रवाई भाजपा की राजनीतिक साजिश : सुक्खू

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कांग्रेस पार्टी कार्यालय राजीव भवन, शिमला में नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर



कहा कि यह कार्रवाई प्रवर्तन निदेशालय के बहाने भाजपा की राजनीतिक साजिश है, जो सत्ता में रहकर उन लोकतांत्रिक मूल्यों को नष्ट कर रही है जिन्हें लंबे संघर्षों से हासिल किया गया था। सुक्खू ने राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की चेयरपर्सन सोनिया गांधी और जननायक राहुल गांधी को निशाना बनाना संविधान और लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि हम न झुकेंगे, न डरेंगे - सत्य और न्याय की लड़ाई हर मोर्चे पर लड़ेंगे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मंत्रिमंडल के साथी, विधायकगण और कांग्रेस के नेता भी मौजूद रहे।

# भाजपा ने ईडी-आईटी को 'राजनीतिक हथियार' बनाया: गर्ग

**चंडीगढ़।** पंजाब आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता नील गर्ग ने राज्य सरकार की टैक्स नीतियों के खिलाफ निराधार आरोपों के लिए भाजपा की कड़ी आलोचना की। गर्ग ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए गर्ग ने भाजपा पर देश भर में 'टैक्स आतंकवाद' फैलाने का आरोप लगाया और इससे संबंधित कई आंकड़े प्रस्तुत किए। उन्होने कहा, यह हास्यास्पद है कि भारत में टैक्स आतंकवाद को संस्थागत बनाने वाले भाजपा नेता पंजाब की आप सरकार पर इस तरह के आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने तो दूध, दही, शिक्षण सामग्री जैसी आवश्यक वस्तुओं व मंदिरों- गुरुद्वारों की पूजा सामग्री पर जीएसटी लगा दिया। वहीं भाजपा ने सत्ता में आने से पहले कोई भी नया टैक्स नहीं लगाने का वादा किया था। इसके बजाय उसने छोटे व्यापारियों और दुकानदारों पर जटिल जीएसटी का बोझ डाल दिया जिससे कारण उन्हें वर्षों से परेशानी हो रही है। गर्ग ने ईडी और आयकर विभाग की छापेमारी के जरिए भय का माहौल पैदा करने के लिए भी भाजपा सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार ऐसे छापों से व्यापारियों और छोटे कारोबारियों में दहशत फैलाती है। इसके विपरीत, पंजाब की आप सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता देती है तथा बिना किसी उत्पीड़न के व्यापार को बढ़ावा देती है। गर्ग ने शिरोमणि अकाली दल और भाजपा पर 'माफिया राज' को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और कहा, पिछली सरकारों के विपरित आप सरकार में एकत्रित टैक्स का एक एक रूपया सार्वजनिक कल्याण पर खर्च किया जाता है, जिसके तहत लोगों को मुफ्त बिजली, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा और बेहतर शिक्षा व्यवस्था प्रदान की जा रही है।

# दमोह में दर्दनाक सड़क हादसा, महादेव घाट के पुल से अनियंत्रित बोलेरो नदी में गिरी, आठ लोगों की मौत

**दमोह।** नोहटा थाना क्षेत्र के महादेव घाट पुल पर ये दर्दनाक हादसा हुआ। बोलोरो अनियंत्रित होकर नदी में गिर गई। हादसे में आठ लोगों की मौके पर मौत हो गई। घायलों को दमोह के जिला अस्पताल भेजा गया है। मध्यप्रदेश के दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। यह हादसा बनवार मार्ग पर सिमरी गांव के पास हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचे और घायलों को दमोह जिला अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार दमोह जिले के नोहटा थाना अंतर्गत बनवार मार्ग पर सिमरी के समीप ये हादसा हुआ। महादेव घाट के पुल पर एक बोलेरो के अनियंत्रित होकर नदी में गिर गई। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी रखते ही पुलिस प्रशासन के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। घायलों में रज्जो सिंह उम्र 55 वर्ष निवासी पौड़ी, वैभव सिंह पिता देवेंद्र उम्र 12 वर्ष, आयुष बहरोघाट जबलपुर, अंकित पिता रज्जो सिंह, रविंद्र पिता डोमेन उम्र 22 वर्ष निवासी बिजोरी शामिल हैं। सभी घायलों को ग्रीन कारीडोर बनाकर जबलपुर रेफर किया गया है। सभी लोग जबलपुर जिले के अलग-अलग गांव निवासी बताए जा रहे हैं।

# अभिनेता महेश बाबू को ईडी का समन, 28 को किया तलब

**हैदराबाद।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हैदराबाद स्थित रियल एस्टेट फर्मों में मनी लॉन्ड्रिंग जांच में अभिनेता महेश बाबू को 28 अप्रैल को तलब किया है। इससे पहले ईडी ने 16 अप्रैल को तेलंगाना में कई जगहों पर छापेमारी की थी। ईडी के मुताबिक, प्रवर्तन निदेशालय ने हैदराबाद के सिकंदराबाद, जुबली हिल्स और बोवेनपल्ली इलाकों में छापेमारी की थी। छापेमारी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुराना ग्रुप और साई सूर्या डेवलपर्स के खिलाफ की गई थी।



## क्या है मामला?

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, प्रवर्तन निदेशालय ने रियल एस्टेट निवेशकों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत कई स्थानों पर छापेमारी की। कार्रवाई सुराना समूह और साई सूर्या डेवलपर्स के खिलाफ की गई। छापेमारी सिकंदराबाद, जुबली हिल्स और बोवेनपल्ली में स्थित परिसरों पर की गई। अभिनेता महेश बाबू थे ब्रांड एंबेसडर

पीएमएलए के तहत जांच रियल एस्टेट परियोजनाओं को समय पर पूरा न करने के आरोप से जुड़ी हुई है। साई सूर्या डेवलपर्स के मालिक कंचरला सतीश चंद्र गुप्ता 'ग्रीन मीडोज' नाम की एक परियोजना में कथित चूक के लिए पुलिस जांच का सामना कर रहे हैं। अभिनेता महेश बाबू इस परियोजना के ब्रांड एंबेसडर थे। हालांकि, अभी तक उनके खिलाफ कोई आरोप नहीं है।

## सॉफ्टवेयर इंजीनियर की शिकायत पर कार्रवाई

सूत्रों के मुताबिक, 32 वर्षीय एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने कंचरला सतीश चंद्र गुप्ता और उनकी कंपनी, हैदराबाद के वेंगल राव नगर स्थित एक प्रमुख रियल एस्टेट फर्म के खिलाफ स्थानीय पुलिस में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। मधुरा नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत के अनुसार, नक्का विष्णु वर्धन ने कई अन्य लोगों के साथ मिलकर अप्रैल 2021 में साई सूर्या डेवलपर्स के ग्रीन मीडोज वेंचर (शादनगर में 14 एकड़ जमीन) में तीन करोड़ रुपये से अधिक की राशि का निवेश किया।

## परियोजना में निवेश करने वाले कौन-कौन?

सूत्रों के मुताबिक, परियोजना में निवेश करने वाले अन्य लोगों में डॉ. सुधाकर राव, श्रीकाकुलमा विटल महेश, राजेश, श्रीनाथ, के हरीश, कोटला शशांक, रवि कुमार, के प्रभावती, वेंकट राव और कृष्ण मोहन शामिल हैं। मामले में सुराना समूह की भी जांच की जा रही है।


# नकली देशी घी के कारोबार का भंडाफोड़, आरोपी गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान में चित्तौड़गढ़ के कोतवाली थाना पुलिस ने क्षेत्र में नकली देशी घी के कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके भारी मात्रा में नकली घी एवं पैकिंग सामग्री बरामद की है। पुलिस उप अधीक्षक चित्तौड़गढ़ विनय चौधरी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने चित्तौड़ी खेड़ा में एक मकान पर छापा मारा जहां एनिमल फैट एवं पॉम ऑयल से नकली घी बनाया जा रहा था। मौके से राजसमंद जिला निवासी भैरूलाल गुर्जर को गिरफ्तार किया गया। उसने उक्त मकान किराये पर ले रखा था और गौ दर्शन एवं कृतज्ञ नाम से नकली घी बनाकर मध्यप्रदेश में लम्बे समय से बेच रहा था। उन्होंने बताया कि मौके से करीब 1500 लीटर तैयार देशी घी, पैकिंग मशीन और पैकिंग सामग्री भी बरामद की गई है।



# ममता बनर्जी मई के पहले सप्ताह में मुर्शिदाबाद का दौरा करेंगी

एजेंसी ◀ कोलकाता
www.dailypioneer.com



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घोषणा की कि वह मुर्शिदाबाद की हालात का आकलन करने के लिए मई के पहले सप्ताह में वहां का दौरा करेंगी। मुर्शिदाबाद में हाल ही में हुए दंगों को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा, हिंसा दो वार्डों में हुई और कुछ स्थानीय व्यक्तियों के समर्थन से कुछ बाहरी लोगों द्वारा भड़काई गई। हम जिम्मेदार लोगों की पहचान करेंगे और उन्हें बेनकाब करेंगे। पश्चिम मेदिनीपुर जिले के गोलतोर में 125 मेगावाट के सौर फोटोवोल्टिक संयंत्र का उद्घाटन करने के लिए आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा, हमने हिंसा में जान गंवाने वालों के परिवारों के लिए 10 लाख रुपये मंजूर किए हैं। राज्य सरकार उनके बच्चों की शिक्षा की पूरी जिम्मेदारी भी लेगी। मैं मामले को सुलझाने के लिए मई की शुरुआत में व्यक्तिगत रूप से इलाके का दौरा करूंगी। बनर्जी ने यह भी आश्वासन दिया कि जो घर टूटे हैं, उन्हें 'बांग्लार बारी' के तहत फिर से बनाया जाएगा। उन्होंने कहा, हम दुकानों और संपत्ति के नुकसान का आकलन कर रहे हैं। सरकार जो कर सकती है, वह करेगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध में मुर्शिदाबाद में भड़की हिंसा की लहर का जिक्र कर रही थीं। इस हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए, जिसके बाद कलकत्ता उच्च न्यायालय ने केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश दिया। हताहतों के अलावा, पुलिस वैन सहित कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया, सड़कें अवरुद्ध कर दी गईं और सुरक्षाकर्मियों पर पत्थर फेंके गए। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर कटाक्ष करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, वे 100 दिनों की कार्य योजना के लिए धन रोक रहे हैं। कुछ लोग इस संबंध में राष्ट्रपति को एक प्रतिनिधिमंडल सौंपने गए थे। अब उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और दिल्ली पुलिस उन्हें तलब कर रही है। यहां तक कि जो लोग चुनाव आयोग में ज्ञापन सौंपने गए थे, उन पर भी मामले दर्ज किए जा रहे हैं। इस बीच, सुबनर्जी ने आज पश्चिम मेदिनीपुर जिले के मेदिनीपुर सदर उपखंड के गढ़बेटा-2 सीडी ब्लॉक के एक गांव गोलतोर में एक सौर ऊर्जा पार्क का उद्घाटन किया। इस ऊर्जा पार्क में 750 करोड़ रुपये के कुल निवेश किया गया है। कुल निवेश में से 150 करोड़ रुपये (20 प्रतिशत) पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दिया गया है, जबकि शेष 600 करोड़ रुपये (80प्रतिशत) जर्मन विकास बैंक केएफडब्ल्यु द्वारा वित्तपोषित किया जा रहा है।

# तेलंगाना में अगले तीन दिन तक लू चलने के आसार



**हैदराबाद।** तेलंगाना के आदिलाबाद, कोमाराम भीम आसिफाबाद, मंचेरियल, निर्मल और कुछ अन्य जिलों में अलग-अलग स्थानों पर अगले तीन दिनों के दौरान लू चलने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) ने कहा कि अगले सात दिनों में राज्य भर में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान है। अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे दो-तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने के आसार हैं। पिछले 24 घंटों में महबूबनगर जिले में अलग-अलग जगहों पर ओलावृष्टि हुई। इसी अवधि के दौरान राज्य में एक-दो स्थानों पर बारिश भी हुई।

# रूद्रपुर अवैध मजार मामले में हाईकोर्ट ने मानी कमेटी की मांग

एजेंसी ◀ नैनीताल
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने रूद्रपुर के इंदिरा चौक से तोड़ी गयी कथित अवैध मजार के अवशेष (मिटटी) दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग मान ली है। इसके लिये मजार कमेटी को 24 घंटे के अंदर दो लोगों के नाम व पते और मजार शिफ्ट किये जाने वाले नये स्थान की सूचना कोर्ट को उपलब्ध करानी होगी। प्रकरण के अनुसार ऊधम सिंह नगर जिला प्रशासन ने आज अलसुबह कार्रवाई करते हुए रूद्रपुर के इंदिरा चौक स्थित सैयद मासूम साह मियां नामक अवैध मजार को हटा दिया। मजार कमेटी की ओर से इस मामले को अपने अधिवक्ता टीए खान के माध्यम से कोर्ट खुलने के साथ ही उच्च न्यायालय के संज्ञान में लाया गया। न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल ने इस पर भोजनावकाश के बाद सुनवाई की बात कही। कोर्ट के निर्देश पर ऊधम सिंह नगर के जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया और एसएसपी मणिकांत मिश्रा सुनवाई के दौरान वर्चुअल पेश हुए। अधिवक्ता खान की ओर से कहा गया कि तोड़ी गयी मजार वक्फ संपत्ति है। डीएम भदौरिया की ओर से कहा गया कि मजार वक्फसंपत्ति नहीं है और यह अतिक्रमण था। जिला प्रशासन की ओर से मजार को नियमों के तहत हटाया गया है। कमेटी को 60 दिन का पहला नोटिस जारी किया गया। इसके बाद दूसरा नोटिस जारी किया गया। इसके बावजूद अतिक्रमित ढांचा नहीं हटाया गया। अतिक्रमित ढांचा का नियमानुसार मुआवजा भी तय किया गया है। सरकार की ओर से कहा गया कि मजार दो राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड़ने वाले इंदिरा चैक पर मौजूद थी।

## मारा गया माओवादी अम्बेली ब्लास्ट की घटना में था शामिल

# पुलिस नक्सली मुठभेड़ में 3 लाख का ईनामी मिलिशिया प्लाटून कमांडर वेल्ला वाचम हुआ ढ़ेर

पायनियर संवाददाता ◀ बीजापुर
www.dailypioneer.com






**मुठभेड़ स्थल से 01 नग 315 बोर रायफल, पोच, विस्फोटक एवं अन्य माओवादी सामग्री बरामद हुआ**

पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा बताया गया कि थाना बेदरे क्षेत्रान्तर्गत केरपे-तोड़समपारा जंगल में माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर थाना बेदरे एवं सीएएफ 9/ई सीओ4 की टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान 21/04/2025 के शाम 05.30 बजे के आसपास केरपे एवं तोड़समपारा के मध्य पुलिस पार्टी एवं माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में 03 लाख रूपये का ईनामी गुण्डीपुरी आरपीसी का मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर वेल्ला वाचम मारा गया। मुठभेड़ स्थल से 01 नग 315 बोर रायफल, राउंड, पोच, विस्फोटक, एवं माओवादी सामग्री बरामद हुआ। पुलिस उप महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप, पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा मुठभेड़ के सबंध में जानकारी देते हुए अवगत कराया गया है कि जिला बीजापुर के थाना बेदरे क्षेत्रान्तर्गत केरपे- तोड़समपारा के जंगल पहाड़ में माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर थाना बेदरे एवं सीएएफ 9/ई सीओ4 की संयुक्त टीम माओवादियों के विरूद्ध अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान सुरक्षा बलो की कार्यवाही में 01 हार्डकोर माओवादी को सुरक्षा बलो ने मार गिराया। मौके से 01 नग 315 बोर रायफल, राउंड, पोच, विस्फोटक एवं माओवादी सामग्री बरामद किया गया है। वर्ष 2024 में नक्सल विरोधी अभियान में प्राप्त बढ़त को आगे बरकरार रखते हुये वर्ष 2025 में भी जिला बीजापुर अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरूद्ध नक्सल विरोधी अभियान संचालित किये जाने के परिणाम स्वरूप जिला बीजापुर में विगत 112 दिनों में कुल 87 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किये गये। वही अलग अलग थाना क्षेत्रों से 213 माओवादियो को गिरफ्तार करने मे सुरक्षा बलो को सफलता मिली एवं 179 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्समर्पण किया है। माओवादियों के तमाम साजिश एवं कायराना हरकतों के बावजूद भी सुरक्षा बल सदस्यों द्वारा मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास हेतु समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. द्वारा बताया गया कि वर्ष 2024 में नक्सल विरोधी अभियान में प्राप्त बढ़त को आगे बरकरार रखते हुये वर्ष 2025 में भी बस्तर संभाग अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरूद्ध नक्सल विरोधी अभियान संचालित किये जाने के परिणाम स्वरूप विगत 112 दिनों में कुल 125 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किये गये। सरकार के मंशा के अनुसार और जनता की इच्छा के अनुसार पुलिस मुख्यालय के मार्गदर्शन में बस्तर रेंज में तैनात डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, सीएएफ, बस्तर फाईटर्स और अन्य समस्त सुरक्षा बल सदस्यों द्वारा मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास हेतु समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है।

# किरन्दुल के आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया गया पोषण पखवाड़ा



पायनियर संवाददाता ◀ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

दंतेवाड़ा जिले में बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य सुपोषण और कुपोषण उन्मूलन के उददेश्य से पोषण पखवाड़ा का व्यापक रूप से आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें सभी विभाग प्रमुखों को महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समन्वय करते हुए इस अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया। इसी परिप्रेक्ष्य में किरन्दुल सुभाष नगर आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत बच्चों में कुपोषण प्रबंधन मोटापे की रोकथाम संतुलित आहार की महत्ता जंक फूड के दुष्प्रभाव और स्वच्छता के महत्व पर भी जागरूकता फैलाई जा रही हैं। आंगनबाड़ी के बच्चों की पोषण स्थिति का आकलन किया जा रहा है। इसके अलावा किशोरी बालिकाओं और माता में एनीमिया जागरूकता अभियान के अंतर्गत हीमोग्लोबिन जांच की जा रही है और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्लास्टिक उपयोग में कटौती का संदेश भी दिया जा रहा है। सभी गतिविधियों को जन आंदोलन डैशबोर्ड पर दर्ज किया जा रहा है, ताकि प्रयासों की मॉनिटरिंग और मूल्यांकन संभव हो सके पोषण पखवाड़ा राज्य के नागरिकों को सुपोषित और स्वस्थ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बनकर सामने आ रहा है। इसमें जन भागीदारी और विभागीय समन्वय की विशेष भूमिका हैं।

# जगदलपुर में आयोजित शतरंज अंडर-15 प्रतियोगिता में कोण्डागांव के मयंक श्रीवास्तव ने मारी बाजी

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिला शतरंज संघ जगदलपुर में जगदलपुर स्पोर्ट्स क्रॉनिकल्स द्वारा 19 और 20 अप्रैल को अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ के नियमानुसार इंदिरा स्टेडियम में शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें कोण्डागांव के मयंक श्रीवास्तव ने बाजी मारी, आयोजन के मुख्य अतिथि महापौर संजय पाण्डे, विशिष्ट अतिथि नगर निगम के सभापति खेमसिंह देवांगन शशिनाथ पाठक, शशांक शेंडे उपस्थित रहे। बस्तर संभाग में पहली बार फेडरेशन इंटरनेशनेल डेस एलेक्स अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ के नियमों अनुसार यह टूर्नामेंट आयोजित किया गया। इस टूर्नामेंट में 80000 रुपये से अधिक के नकद पुरस्कार व सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और मेडल के रूप में भागीदारी पुरस्कार भी प्रदान किया गया। शतरंज प्रतियोगिता तीन श्रेणी में आयोजित की गई। अंडर-11 अंडर-15 और ओपन जिसमें कुल 182 प्रतिभागियों ने अपना हुनर आजमाया। अंडर-15 कैटेगरी में 15 राउंड के बाद कोण्डागांव के मयंक श्रीवास्तव विजेता रहे उन्हें ट्रॉफी मेडल और 5000 नगद का पुरस्कार दिया गया। मयंक श्रीवास्तव ने बताया कि यह टूर्नामेंट शतरंज प्रेमियों के लिए एक सुनहरा अवसर था जिसमें सभी आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साथ ही बस्तर संभाग के लिए गौरव की बात है की टूर्नामेंट इस स्तर का था की एफआईडीई रेटेड प्रतिभागी रायपुर, महासमुंद, बिलासपुर एवं अन्य जगह से भी शामिल हुए।

# संकुल जामकोटपारा में विदाई सह सम्मान का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



संकुल स्त्रोत केंद्र जामकोटपारा कोण्डागांव में 21 अप्रैल दिन सोमवार को संकुल क्षेत्र से सेवानिवृत्त संकुल प्राचार्य दिनेश शुक्ला, प्रधान अध्यापक नीलकंठ शार्दुल, अनिता यादव, जानसिंग नेताम व अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर जामकोटपारा संकुल से पदोन्नत हुए विद्या गनवीर, रामेश्वरी बघेल व भुनेश्वरी देवांगन को वर्तमान संकुल प्राचार्य शांतिलाल सलाम व सी.ए.सी. महावीर सलाम के मार्गदर्शन में समारोह का आयोजन कर विदाई दिया गया। विशेष अतिथि के रूप में शीतल कोर्राम व डॉक्टर सी.के. हिरवानी उपस्थित रहे साथ ही सेवानिवृत्त शिक्षकों के परिवार के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के सफल संचालन में निर्मला छिपाणी, बिन्दावती भंडारी, रामाधीन नरेटी, हीरालाल ध्रुव, सूरजलाल मातलाम, सहदेव मरकाम, त्रिनाथ, पूनम नायडू, पूर्णिमा नाग, आशा ठाकुर, कुमारी ओकेश्वरी राजपूत, कामिनी मिश्रा, ललिता नेताम, हेमलता ठाकुर, अनिल साहू, कुंती नाग, जयप्रकाश यादव, योगेंद्र चतुर्वेदी, स्मृति चन्द्राकर, मंजुला बोस, अरुणा नेताम, सुमित्रा सोरी, कृष्ण यादव, महेंद्र देवांगन, जयलाल बघेल, सोहन ठाकुर, नीता सोनवानी, हेमपुष्पा पाटिल व पवन तलवार का विशेष योगदान रहा।

## छात्रावास अधीक्षकों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**कांकेर।** जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा कांकेर अन्तर्गत छात्रावास अधीक्षक-अधीक्षिका एवं लेखापाल की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिला परियोजना अधिकारी अशोक कुमार पटेल ने उपस्थित कर्मचारियों को छात्रावासों में स्वस्थ वातावरण तैयार कर उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराते हुए समस्त अभिलेखों को संधारित कर अद्यतन रखने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान जिला मिशन समन्वयक रवि प्रकाश मिश्रा ने भी विभिन्न प्रकार की पंजी जैसे जीएसटी, टीडीएस, मासिक प्रतिवेदन, अपलेखन, भण्डार क्रय नियम से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा कर टीम भावना से कार्य करने व बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार रखने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यशाला में अधीक्षक-अधीक्षिका सहित कार्यलयीन स्टाफ उपस्थित थे।

## नक्सल पुनर्वास नीति का लाभ दिलाने शिविर का आयोजन कांकेर में 23 अप्रैल को

**कांकेर।** नवीन नक्सल पुनर्वास नीति-2025 के तहत जिले में निवासरत माओवादी पीड़ित एवं प्रभावित परिवारों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार ब्लॉक मुख्यालयों में कैम्प लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार 23 अप्रैल को कांकेर शहर के न्यू कम्युनिटी हॉल में पहली शिविर सुबह 10.30 बजे से आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी जिला स्तर के अधिकारियों को उक्त शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने और शासन की योजनाओं से प्रभावित परिवारों को शत प्रतिशत सैचुरेट करने हेतु निर्देशित किया है। इसी प्रकार आगामी 25 अप्रैल को भानुप्रतापपुर के पीएमश्री विद्यालय परिसर में, 28 अप्रैल को तहसील कार्यालय पखांजूर में और 30 अप्रैल को अंतागढ़ के लाइवलीहुड कॉलेज में सुबह 11 बजे से कैम्प आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विभागों में संचालित 36 प्रकार की योजनाओं का लाभ प्रदाय किया जाएगा। कलेक्टर ने प्रभावित परिवारों से सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

# विकसित बस्तर की परिकल्पना को साकार करने हेतु कृषि एवं अनुशांगिक सेक्टरों की अहम भूमिका : आयुक्त शहला निगार

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com






विकसित बस्तर की परिकल्पना को साकार करने के लिए कृषि क्षेत्र सहित आनुशांगिक सेक्टरों की अहम भूमिका है। यह बस्तर के समग्र विकास की धुरी है। इसे मद्देनजर रखते हुए मक्का एवं मिलेट्स फसलों, दलहन-तिलहन फसल क्षेत्र विस्तार, मसाला फसलों के रकबा विस्तार के लक्ष्य को हासिल करने पर ध्यान केंद्रीत करें। साथ ही बस्तर में जैविक खेती की अपार संभावनाओं को देखते हुए जैविक खेती को ज्यादा प्रोत्साहित करने सहित यहां की अनुकूल वातावरण के मददेनजर कॉफी एवं ऑयल पाम की खेती को बढ़ावा दिया जाए। वहीं पशुपालन और मत्स्यपालन एवं झींगापालन के लिए व्यापक स्तर पर पहल किया जाए। उक्त निर्देश कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार ने कोण्डागांव में आयोजित संभाग स्तरीय रबी समीक्षा सहित खरीफ 2025 की तैयारी की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिए। उन्होंने खरीफ 2025 के कार्ययोजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर बल देते हुए नियमित तौर पर समीक्षा किए जाने के निर्देश कलेक्टर्स तथा अन्य अधिकारियों को दिए। कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार ने बस्तर के किसानों की बीज की मांग को स्थानीय स्तर पर पूर्ति करने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर बीज उत्पादन कार्यक्रम से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के कृषकों सहित महिला कृषकों को प्रोत्साहित करने पर बल देते हुए कहा कि इन वर्गों के किसानों को बीज प्रमाणीकरण पंजीयन शुल्क से छूट प्राप्त है, इसलिए बीज उत्पादन कार्यक्रम से उक्त वर्ग के किसानों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने पहल करें। इन्हें बीज एवं अन्य आदान सामग्री की उपलब्धता सहित प्रशिक्षण से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने खरीफ फसल सीजन में धान के रकबा में कमी लाने के लिए निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने हेतु कार्ययोजना के अनुसार कोदो-कुटकी एवं रागी मिलेट्स सहित दलहन-तिलहन फसलों की खेती को बढ़ावा देने कहा। इस दिशा में मक्का की खेती को विशेष तौर पर प्रोत्साहित किए जाने के निर्देश दिए।

### जैविक खेती को प्रोत्साहन देने पर बल

कृषि उत्पादन आयुक्त ने बस्तर में जैविक खेती की अपार संभावनाओं को रेखांकित करते हुए कहा कि यहां की भूमि की उर्वरता और वातावरण जैविक खेती के लिए काफी अनुकूल है। इसलिए आधिकारिक किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रोत्साहित करें और उन्हें हर संभव मदद सुलभ कराया जाए। उन्होंने नेशनल मिशन आन नेचुरल फार्मिंग के लिए भी बस्तर को उपयुक्त निरूपित करते हुए इस दिशा में तैयार कार्ययोजना का कारगर कार्यान्वयन किए जाने के निर्देश दिए। कृषि उत्पादन आयुक्त ने 10 वर्ष के भीतर की विभिन्न किस्मों के रकबा विस्तार के लिए भी प्राथमिकता के साथ क्रियान्वयन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

### बस्तर बनेगा पाम ऑयल हब

कृषि उत्पादन आयुक्त ने नेशनल मिशन आन एडिबले ऑयल की कार्ययोजना को व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन करने पर बल देते हुए कहा कि बस्तर के उच्च भूमि तथा अनुकूल जलवायु ऑयल पाम की खेती के लिए काफी मुनासिब है। किसान ऑयल पाम की खेती के साथ पामा रोजा एवं लेमन ग्रास की इंटर क्रॉपिंग भी कर सकते हैं। साथ ही साग-सब्जी की खेती को भी प्रोत्साहित किया जा सकता है। अतएव भविष्य में खाद्य तेल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बस्तर में ऑयल पाम की खेती को प्रोत्साहन दिया जाए। इस दिशा में क्लस्टर बनाकर किसानों का चयन करने सहित उन्हें हरेक सहायता सुलभ कराया जाए। उन्होंने कहा कि बस्तर में ऑयल पाम के पर्याप्त उत्पादन के पश्चात पाम ऑयल तैयार करने के लिए प्रसंस्करण केन्द्र की स्थापना भी प्रस्तावित है। कृषि उत्पादन आयुक्त ने खरीफ 2025 के कार्ययोजना के अनुसार किसानों की मांग के अनुरूप बीज-खाद और फसल ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बीज-खाद का लक्ष्य के अनुरूप भंडारण एवं वितरण किया जाए। खाद-बीज के गुण नियंत्रण के लिए नियमित तौर पर निरीक्षण करने सहित जांच एवं कार्यवाही अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को खाद-बीज और फसल ऋण सुलभता की नियमित तौर पर समीक्षा करने सहित किसान क्रेडिट कार्ड में अद्यतन प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही पशुपालन, कुक्कुट पालन, सूअर पालन, बकरी पालन सहित मत्स्य पालन और उद्यानिकी फसलों की खेती इत्यादि आनुषांगिक सेक्टरों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए। बैठक में बस्तर संभाग के अंतर्गत किसानों को लघु सिंचाई साधन की उपलब्धता हेतु प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, किसान समृद्धि योजना, सौर सुजला योजना के क्रियान्वयन तथा सिंचाई पंपों के विद्युतीकरण की भी समीक्षा की गई। इस दौरान कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह ने बस्तर संभाग में कृषि विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर कृषि एवं अनुषांगिक सेक्टरों में संचालित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं से हरेक पात्र व्यक्ति को सेचुरेशन करने पर बल देते हुए इस दिशा में सभी अधिकारियों को बेहतर प्रदर्शन करने के निर्देश दिए। बैठक में कांकेर, दंतेवाड़ा, कोण्डागांव, सुकमा, बीजापुर एवं नारायणपुर के कलेक्टर तथा सीईओ जिला पंचायत बस्तर ने अपने जिले में कृषि तथा संबंधित विभागों के योजनाओं के क्रियान्वयन प्रगति, खरीफ फसल कार्यक्रम कार्ययोजना के क्रियान्वयन तैयारी सहित नवाचारों के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया।

## सड़क हादसे में कोंडागांव व्यापारी की मौत



**कोण्डागांव।** कोण्डागांव जिले में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में कोण्डागांव के प्रसिद्ध व्यापारी और ज्वेलरी शॉप संचालक रौशन कोटड़िया की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथ मौजूद शेशमल सुराना गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा नेशनल हाईवे 30 पर लंजोड़ा कोसापारा के समीप उस वक्त हुआ, जब लौह अयस्क से भरी एक हाइवा वाहन ने रॉन्ग साइड से आकर सामने से आ रही बलेनो कार को जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद हाइवा चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंची। मृतक रौशन कोटड़िया को मौके पर मृत घोषित कर दिया गया, वहीं घायल शेसमल सुराना को तुरंत जिला अस्पताल कोण्डागांव में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। कोण्डागांव सिटी कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा हाइवा चालक की तलाश की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। स्थानीय व्यापारिक समुदाय में इस हादसे को लेकर शोक की लहर दौड़ गई है। रौशन कोटड़िया को सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में एक सक्रिय व्यक्ति के रूप में जाना जाता था।

# पोषण पखवाड़ा में बिहान की महिलाओं ने निभाई सक्रिय भागीदारी

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




पोषण अभियान के अंतर्गत पोषण पखवाड़ा 2025 का आयोजन पूरे जिले भर में किया गया, जिसमें व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उददेश्य से लोगों को जागरूक किया गया। इस अभियान में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई के निर्देशानुसार और एनआरएलएम के डीएमएम विनय सिंह के मार्गदर्शन में जिले भर के बिहान अंतर्गत महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। इसी क्रम में केशकाल ब्लॉक अंतर्गत आकांक्षा महिला संकुल संगठन धनोरा के पोषण सखी कैडर अपने अपने ग्राम पंचायत के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ पोषण पखवाड़ा अभियान में शामिल होकर विभिन्न गतिविधि आयोजित कर लोगों को सुपोषण के महत्व प्रति लोगों को जागरूक किया।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)**
रजिस्टर्ड ऑफिसः 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV [ देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना ]**

जबकि, अद्योहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060119816064 & L9001060822639151, दीपक कश्यप ( ऋणी ), रमेश कश्यप ( सहऋणी ) | 13-दिसम्बर-24 ₹ 4,68,246/- चार लाख अडसठ हजार दो सौ छियालीस रूपये मात्र एवं ₹ 308026/- तीन लाख आठ हजार छब्बीस रूपये मात्र 11-दिसम्बर-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 461/27, पीसी नं. 23, ग्राम एवं तहसील लूरमी, जिला मुंगेली, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 80 वर्गमीटर | 17-अप्रैल-25 |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060126317432, किशन लाल शर्मा ( ऋणी ), श्रीमती देविका शर्मा ( सहऋणी ) | 16-जनवरी-25 ₹ 2,87,724/- दो लाख सतासी हजार सात सौ चौबीस रूपये मात्र 10-जनवरी-25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित प्लॉट नं. 177/1 शीट नं. 56, देविका का प्लॉट, बाग तालाब रायगढ, जिला रायगढ, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 722 वर्गफीट, पूर्वः रोड, पश्चिमः काशी महाराज की भूमि, उत्तरः रोड, दक्षिणः पटेल की भूमि | 18-अप्रैल-25 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्य जन कों एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के साथ सपठित नियम 8 (6) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसके अन्तर्गत प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय अर्थात इस सूचना से 30 दिवस के सम्बन्ध में है।
ऋणियों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।
दिनांकः 22.04.2025 स्थानः छत्तीसगढ प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

# न नई निविदा, न किराया, जनऔषधि केंद्र चल रहा सांठगांठ से

## कलेक्टर से शहरवासियों ने की अपील

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

जीवनदीप समिति के माध्यम से अनेक जनहित के कार्य करवाये जाते हैं। इसी उददेश्य के लिये जिला अस्पताल के समीप जन औषधि केंद्र के संचालन भी करवाया जा रहा है। लेकिन बड़े दुर्भाग्य के साथ यह बताना पड़ रहा है कि इस जनऔषधि केंद्र के निविदाकार द्वारा किराये की समय सीमा समाप्त हो जाने के बाद भी न तो केंद्र को छोड़ा जा रहा है, और न ही इसका किराया जमा किया जा रहा है। इसे लेकर जीवनदीप समिति अर्थात जिला अस्पताल के सिविल सर्जन सह अधीक्षक जिला अस्पताल धमतरी द्वारा अनेकों बार किराया जमा करने हेतु किरायेदार को नोटिस भेजी गई परंतु उसने किराये की राशि जो लगभग लाखों में होती है, उसे नहीं पटाया। इस लापरवाही में संबंधित विभाग के अधिकारी एवं जनऔषधि केंद्र के संचालक की मिलीभगत का आरोप लग रहा है। जनऔषधि केंद्र संचालक एवं चिकित्सकों के सांठगांठ के चलते न ही यहां नई निविदा निकाली जा रही है और न ही संचालक द्वारा बकाया किराया जमा किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि पिछले दो वर्षों से जनऔषधि केंद्र हेतु पुनः निविदा नहीं निकाले जाने को लेकर तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। वहीं पता चला है कि इसके संचालन को लेकर पूर्व संचालनकर्ता ने उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका दायर की थी और स्थगन आदेश प्राप्त किया था। लेकिन यह स्थगन आदेश 8 मई 2023 को शिथिल हो गया है, उसके बाद भी इसका न तो किराया जमा किया जा रहा है और न ही इसका रिटेंडर की प्रक्रिया अपनाई जा रही है जिससे संचालनकर्ता और चिकित्सकों के बीच तालमेल का पता चलता है। हद तो यह है कि इस मामले को लेकर अभी तक




विभाग के जिम्मेदार आला अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया है। इस औषधि केंद्र का संचालन जीवनदीप समिति के नाम पर होता आया है जिसके पदेन अध्यक्ष कलेक्टर होते हैं। जनऔषधि केंद्र संचालक पर 2019 से किराया जमा नहीं करने के चलते अब तक लाखों का किराया जमा करना बाकी है जिसकी वापसी को लेकर विभाग कोई प्रयास नहीं कर रहा है जबकि अभी तक उक्त जनऔषधि केंद्र संचालक के विरूद्ध वसूली की कार्यवाही की जानी चाहिये थी।

जीवनदीप समिति के द्वारा संचालित जन औषधि केंद्र में यहां आने वाले मरीजों को दवाईयां तुरंत उपलब्ध हो जाती हैं। स्वास्थ्य विभाग छग शासन की इस योजना का लाभ दूरदराज से आने वाले मरीजों को मिलता आ रहा है। लेकिन पिछले 5-6 सालों से इस औषधि केंद्र का कोई माई-बाप नजर नहीं आ रहा है, क्योंकि पूर्व में जिला चिकित्सालय के अधीन जीवनदीप समिति के द्वारा संचालित जिला औषधि केंद्र को निविदा के माध्यम से शहर के एक व्यक्ति को इसे चलाने का आदेश दिया गया था, उसकी अवधि समाप्त हो गई। वर्ष 2019 में इसका विधिवत निविदा निकालकर नये निविदाकारों को इसका संचालन का जिम्मा दिये जाने हेतु निविदा आमंत्रित किया जाना चाहिये था। यदि ऐसा किया जाता तो यह औषधि केंद्र जो 6 हजार रूपये प्रति माह किराये की दर से दिया गया है, नई निविदा आमंत्रित किये जाने से वह लगभग 35 से 40 हजार रूपये प्रतिमाह के दर से जीवनदीप समिति को लाभ पहुंचा सकता है, किंतु पूर्व के संचालनकर्ता ने स्थगन लाकर जीवनदीप समिति को मिलने वाले लाभ से वंचित कर दिया। चूंकि मामला न्यायालय के अधीन था, इसलिये चिकित्साधिकारियों ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया। इस कारण भी पूर्व के निविदाकार को किसी प्रकार की वसूली अथवा नये टेंडर के लिये नहीं कहा गया परंतु अब जब 8 मई 2023 को स्थगन आदेश समाप्त हो गया है, तो कायदे से स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को उक्त औषधि केंद्र के संचालक की किरायेदारी समाप्त कर नये निविदाकारों के लिये निविदा आमंत्रित किया जाना चाहिये था। लेकिन विभाग इस मामले में फिसडडी साबित हो रहा है और संचालक को पूरी तरह सहयोग करते आ रहा है। इसी वजह से अब तक किराया वसूली भी लंबित है। नये कलेक्टर अबिनाश मिश्रा जो कि जीवनदीप समिति के पदेन अध्यक्ष हैं, उनको भी विभाग के अधिकारी अंधेरे में रखकर जनऔषधि केंद्र के संचालक पर कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। जबकि कायदे से जिम्मेदार चिकित्सकों को जीवनदीप समिति के पदेन अध्यक्ष कलेक्टर को संपूर्ण स्थिति से अवगत कराकर 8 मई 2023 को स्थगन समाप्त होने की जानकारी देते हुए पुराने किरायेदार जिसके ऊपर जीवनदीप समिति के अंतर्गत जनऔषधि केंद्र लाखों रूपये बाकी हैं, उसकी वसूली के साथ साथ उसे किरायेदारी समाप्त कर हटाया जाना चाहिये था और नये निविदाकारों को इस जनऔषधि केंद्र को संचालित करने के लिये निविदा आमंत्रित की जानी चाहिये थी जो अब तक नहीं हुई है जिससे जीवनदीप समिति को प्रतिमाह हजारों रूपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है। पूर्व के निविदाकार द्वारा 6 हजार रूपये महीना मात्र दिया जा रहा है। वह भी पिछले लंबे समय से किराया राशि नहीं दे रहा है। उस पर भी इस निविदाकार के ऊपर जीवनदीप समिति का लगभग 4 लाख रूपये किराया नहीं पटाये जाने का आरोप भी लग रहा है। कुछ लोगों ने बताया कि इस मामले को लेकर जब औषधि केंद्र के संचालक को पूछा जाता है तो वह दादागिरी पर उतरकर एप्रोच लगाने की बात कहकर इस मामले को दबा देता है। जनऔषधि केंद्र के नये संचालन को लेकर लगातार मांग उठ रही है। वैसे भी किराया अदा करने में अक्षम साबित हो रहे पूर्व निविदाकार को वहां से हटाकर नये निविदाकारों को इसके लिये मौका दिये जाने की मांग बलवती हो रही है। यह भी कहा जा रहा है कि पूर्व निविदाकार के ऊपर लाखों रूपये की वसूली शेष है। लेकिन जिम्मेदार चिकित्सक इस पर परदा डाले बैठे हैं, जबकि शासन के नियमानुसार किसी भी किरायेदार के ऊपर इतनी बड़ी राशि बकाया रहती है तो उस पर त्वरित संज्ञान लेकर उस पर कार्यवाही की जाती है जो अब तक नहीं की गई। इससे भी चिकित्सक और जनऔषधि केंद्र के संचालक के मिलीभगत का पता चलता है। जनऔषधि केंद्र के वर्तमान संचालक पर लाखों रूपये की किराया राशि बकाया को लेकर शहरवासियों ने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से त्वरित जांच कर पूर्व वर्षों से किराया नहीं देने वाले संचालक को वहां से तत्काल हटाते हुए नई निविदा आमंत्रित किये जाने का निर्देश चिकित्सकों को देने की अपील की है। यहां यह बताना जरूरी है कि इस जनऔषधि केंद्र की जब भी नई निविदा आमंत्रित की जाती है तो ऐसे भी निविदाकार हैं जो इस जनऔषधि केंद्र को प्रतिमाह 35 से 40 हजार रूपये मासिक दर पर लेने का दावा कर रहे हैं। अब देखना है कि कलेक्टर इस पर क्या निर्णय लेते हैं।

## महापौर ने पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

महापौर नगरनिगम धमतरी रामू रोहरा ने जिला महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय परिसर से पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि पोषण रथ के माध्यम से जनसमुदाय को पोषण का महत्व के बारे में जानकारी दी जायेगी, जिससे बच्चों, किशोरियों और महिलाओं में पोषण के स्तर में वृद्धि होगी। रोहरा ने कहा कि जब हमारा समाज स्वस्थ्य होगा, तभी हम विकास की ओर अग्रसर हो सकते है। अधिकारियों ने बताया कि यह पोषण रथ नगरीय निकाय क्षेत्र और आसपास के गांवों में जाकर पोषण संबंधी जानकारी देगा। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। इस वर्ष पोषण पखवाडा की मुख्य थीम जिले को कुपोषण मुक्त करना, स्वास्थ्य जीवन शैली, जीवन के महत्वपूर्ण 1000 दिन महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देना है। जिले में कुपोषण से मुक्ति के लिए जनजागरूकता तथा समुदाय तक पहुंच हेतु संवेदीकरण एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन जैसे पोषण भी पढाई भी, टीकाकरण शिविर, गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, अन्नप्राशन, स्वसहायता समूहों की बैठक, खेलकुद, योग शिविर पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, जनप्रतिनिधियों, संस्थाओं के प्रतिनिधियों, निकाय के प्रतिनिधियों एवं अन्य सहयोगी विभागों के सहयोग से पोषण पखवाडा 2025 का आयोजन किया जा रहा है।

## महापौर द्वारा वितरण किए जन्म प्रमाण पत्र



पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के अगुवाई में छत्तीसगढ़ में चल रहे सुशासन तिहार 2025 अभियान अब अपने दूसरे चरण में जोर पकड़ चुका है। नगर निगम धमतरी क्षेत्र अंतर्गत हितग्राही मोहम्मद दानिश खान निवासी रिसाई पारा वार्ड एवं दीपांजलि चंद्रवंशी निवासी सोरिद वार्ड धमतरी के द्वारा जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए थे जिसमें सुशासन तिहार के अंतर्गत जन्म प्रमाण पत्र 3 दिवस के भीतर बनाकर आवेदन के प्रक्रिया को निराकरण करते हुए संबंधितो को जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किया।

## पढ़ई तिहार 2025 के सफल आयोजन बाबत राज्य स्तरीय वेबीनार का आयोजन





पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com

नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, बुनियादी स्तर पर बच्चों में समग्र विकास के लिए विभिन्न प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत विगत 5 सालों से प्राथमिक शाला में कक्षा 1 के बच्चों के लिए अंगना म शिक्षा कार्यक्रम प्राथमिक स्कूलों में आयोजित किया जा रहा है। राज्य परियोजना कार्यालय, रायपुर की ओर से ऑनलाइन राज्य स्तरीय वेबिनार के माध्यम से 25 अप्रैल को पढ़ई तिहार मनाये जाने का आह्वान किया गया। यह पढ़ई तिहार प्रत्येक वर्ष आंगनबाड़ी/बालवाड़ी के 5 से 7 वर्ष आयु के बच्चों के साथ स्कूलों में मनाया जाता है, जिससे बच्चों के विभिन्न विकासात्मक क्षेत्रों का आकलन उनकी माता के सम्मुख किया जाता है। राज्य परियोजना कार्यालय से सहायक संचालक, डॉ एम सुधीश एवं उनके कोर टीम ने वेबीनार में इस पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा को प्रस्तुत किया। साथ ही सभी से आग्रह किया है कि इस बार पढई तिहार बेहतर तरीके से मनाया जाए। इस वर्ष उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत बहुत सी सामग्रियां राज्य कार्यालय से प्राथमिक स्कूलों को भेजी जा रही हैं, जैसे सपोर्ट कार्ड, पोस्टर, आइडिया कार्ड, वर्कशीट, शाला पूर्व तैयारी पुस्तिका, स्मार्ट माताओं के लिए आई कार्ड इत्यादि। छत्तीसगढ़ राज्य के सभी संभागों से जुड़े हुए कोर टीम के सदस्यों ने इस पूरे कार्यक्रम को विस्तार पूर्वक समझाया। यह कार्यक्रम मुख्यतः माताओं को केंद्रित कर बनाया गया है, ताकि माताएं एवं गांव के माताओं का समूह अपने बच्चों और स्वयं के उन्मुखीकरण के लिए तैयार होता रहे और भविष्य में इस प्रकार का कार्यक्रम स्वाभाविक रूप से प्रत्येक प्राथमिक शाला में 25 अप्रैल को मनाते जाए। इस कार्यक्रम के तहत पढ़ई तिहार मेले में 9 काउंटर बनाए जाते है, जिसमें क्रमशः नामांकन संकलन, शारीरिक व क्रियात्मक, बौद्धिक, भाषा, गणित पूर्व तैयारी, बच्चों का कोना विषय पर शिक्षकों और माताओं के सहयोग से विभिन्न गतिविधियों कराई जाती है। आगामी शैक्षिक वर्ष में कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले सभी बच्चों को सपोर्ट कार्ड दिया जाता है। प्रत्येक वर्ष की तरह एएमसी सदस्य, स्मार्ट माताएं, बच्चे, माताएं इस पढ़ई तिहार कार्यक्रम में उत्साह के साथ भाग ले, इसके लिए आमंत्रण पत्र स्कूल के द्वारा माताओं, पालकों, समुदाय के गणमान्य नागरिकों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भेजा जाना प्रारंभ हो चुका है। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के शिक्षकों और समुदाय के बीच बेहद लोकप्रिय माना जाता है।

## पहले दिन विशेष शिविर में 104 बच्चों का हुआ आधार पंजीयन

### 50 ग्राम पंचायतों में 3 दिन चलेगा विशेष शिविर



पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले में हितग्राहियों के लिए आधार पंजीयन हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। 19 अप्रैल को आयोजित शिविर में कुल 104 बच्चो का नए आधार कार्ड हेतु पंजीयन किया गया। वहीं 187 हितग्राहियो ने आधार कार्ड में अपडेट कराये है। इस विशेष शिविर आयोजन से नये आधार पंजीयन व आधार अपडेशन कराने में ग्रामीणों को साहूलियत हो रही है और उनकी समस्या का समाधान भी हो रहा है। बताया गया कि विशेष शिविर 19 अप्रैल से प्रत्येक विकासखंड के 10 -10 कुल 50 ग्राम पंचायतो में 3 दिन शिविर लागए जाएंगे। इस शिविर में आधार पंजीयन, अपडेशन व त्रुटि सुधार की कार्यवाही की जा रही है। विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत भवानीपुर शिविर में दीक्षा ढीढी, खुशांस साहु, भुनेश्वर साहु सहित 7 लोगों का नया आधार पंजीयन हुआ वहीं सुनील कुमार, रानी बघेल और निर्मला यादव ने आधार अपडेट कराया।

## कटगी के खिलाड़ी दिल्ली में दिखायेंगे अपना जौहर



पायनियर संवाददाता ‹ कसडोल
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कटगी के तीन खिलाड़ी दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता दिल्ली में अपना जौहर दिला रहे है छोटा गांव होने के बावजूद यहाँ खेल में कोई शहर के खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया है। 22 अप्रैल से 27 अप्रैल तक होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता गतका में अपने हुनर का प्रदर्शन करने वाले शेखर साहू पिता टीकाराम साहू ऋतिक देवांगन पिता शंकरलाल देवांगन निशा यादव पिता अशोक यादव ने बताया कि व्यायाम शिक्षक आलोक मिश्रा कोच अविनाश व विद्यालय के गुरु जनों के मार्गदर्शन से इस मुकाम तक पहुँच पाए। इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए डी ई ओ हिमांशू भारती ने इन्हें मिठाई खिला के रवाना किया साथ में बीईओ कसडोल बीएसओ संतोष साहू प्राचार्य पीएन पुरेना तथा स्टाफ मौजूद थे। जन भागीदारी समिति अध्यक्ष व सदस्य भी उन्हें आशीर्वाद प्रदान किए ऐसे मौका हर बार आता है। जब कटगी के खिलाड़ी गांव जिला राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करते है गाव के लोगो में भी भारी उत्साह है।

## चने की राशि के भुगतान के लिए कलेक्टर ने एपीसी को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी जिले में समर्थन मूल्य पर चने की खरीदी के बाद किसानों को राशि का भुगतान अब जल्द ही हो जाएगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने चने की राशि के जल्द भुगतान के लिए राज्य के कृषि उत्पादन आयुक्त से आग्रह किया है। मिश्रा ने इस संबंध में एक अर्धशासकीय पत्र भी कृषि उत्पादन आयुक्त को भेजा है। उन्होंने आशा जताई है कि जल्द ही चना बेचने वाले किसानों को उनकी राशि का भुगतान उनके बैंक खातों मे कर दिया जाएगा। जिले में एक मार्च से समर्थन मूल्य पर चने की खरीदी की गई है। इसके लिए जिले में आठ सहकारी समितियों में उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। इन सभी उपार्जन केन्द्रों में एक हजार 760 चना उत्पादक किसानों ने 16 हजार 369 क्विंटल चना समर्थन मूल्य पर बेचा है। किसानों को पांच हजार 650 रूपये प्रति क्विंटल की दर से राशि का भुगतान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष जिले में व्यापक पैमाने पर फसल चक्र परिवर्तन अभियान चलाया गया था। इस अभियान के कारण जिले में दलहनी फसलों का कुल क्षेत्र 15 हजार हेक्टेयर से बढ़कर 30 हजार हेक्टेयर तक पहुंच गया है। जिले में इस अभियान के तहत सबसे अधिक रकबे में चने की फसल लगाई गई। एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से जिले के 10 हजार 777 किसानों ने लगभग 11 हजार 750 हेक्टेयर रकबे में लगी चने की फसल को बेचने के लिए पंजीयन कराया है। समर्थन मूल्य पर चना खरीदी के लिए सभी विकासखण्डों में आठ उपार्जन केन्द्र खोले गए हैं। केन्द्रीय एजेंसी एनसीसीएफ को जिले में चना उपार्जन के लिए नामित किया गया है। अब तक 16 हजार 369 क्विंटल चने का उपार्जन किया जा चुका हैए परन्तु एजेंसी द्वारा किसी भी किसान को चने की राशि भुगतान नहीं की गई है। कलेक्टर ने एपीसी को भेजे पत्र में आग्रह किया है कि उपार्जित चने का भुगतान नहीं होने से किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को समय पर उनके उत्पाद का दाम दिलाने के लिए कलेक्टर ने संबंधित एजेंसी को निर्देशित करने का आग्रह कृषि उत्पादन आयुक्त से किया है।

## कलेक्टर व एसपी ने समर कैम्प का किया शुभारम्भ



पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने पंडित चक्रपाणी शुक्ल शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में बलौदाबाजार स्पोर्ट्स एसोसियेशन के समर कैम्प का शुभारम्भ किया। अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण पश्चात फीता काटकर समर कैम्प का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर सोनी ने कहा कि यह समर कैम्प बच्चों के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। इस कैम्प के माध्यम से बच्चे अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करने के साथ ही खेल की तकनीक भी सीख सकेंगे। उन्होंने खेल में बालिकाओं की सहभागिता पर जोर देते हुए बालिकाओं को प्रशिक्षित कर खेल का वातावरण तैयार करने कहा। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने कहा कि समर कैम्प बच्चों को मनोरंजन के साथ अपनी क्षमता और प्रतिभा को निखारने का अवसर देता है। बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में सकारात्मक भूमिका निभाता है। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष नीरज बाजपेयी, सचिव बलराम साहु, राजकमल मिश्रा, डॉ जयनारायण केशरवानी, बी.पी. बघमार, के.के. कश्यप, अमित अग्रवाल एवं बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

## भारतीय जनता मजदुर ट्रेड यूनियन काउंसिल का नवनियुक्त जिला अध्यक्ष के के वर्मा को दी गई बधाई

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



पद, पावर, पैसा एवं प्रतिष्ठा पाने के लिए भागते भागते मनुष्य का जीवन व्यतीत हो जाता है। लेकिन बमुश्किल इनमे से एकात ही मिल पाता है, लेकिन उसे भी वह अपने अतिमहत्वाकांक्षी के कारण सम्भाल नहीं पाता परन्तु गरीब, युवा, महिला, किसान, एवं मजदूरों की सेवा करने की जिसमें जज्बा हो वह किसी पद की मोहताज नहीं होता। उक्त कहना है भारतीय जनता मजदुर ट्रेड यूनियन काउंसिल बलौदा बाजार जिले का नवनियुक्त जिला अध्यक्ष के के वर्मा का। वर्मा ने कहा कि जैसा कि सर्व विदित है कि बलौदा बाजार जिला सीमेंट हब जिले के नाम पर देश विदेश में अपनी पहचान बना रही है। यहां राष्ट्रीय एवं अंतरास्ट्रीय स्तर पर कई सीमेंट कंपनियों संचालित हैं लेकिन यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि जिन किसानों ने इन कंपनियों को अपनी तीन पीढ़ी से जीवन यापन करने वाली जमीन को औने पौने दाम पर इस उम्मीद से बेच दी कि उद्योग लगने से इनके बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलेगा लेकिन रोजगार तो दूर इन किसानों को पर्याप्त मुआवजा भी नहीं मिला, पढ़े लिखे युवा साथी काम के लिए इधर उधर भटक रहे हैं, मजदुर साथियों को पर्याप्त मजदूरी नहीं मिल रही है, मजदूरों का भारी शोषण हो रहा है इन्हीं सब समस्याओं एवं मेरी पिछले काम काज को देखते हुए भारतीय जनता मजदुर ट्रेड यूनियन काउंसिल छत्तीसगढ़ के सचिव बृजेश कुमार पांडेय ने मुझे बलौदा बाजार जिला अध्यक्ष नियुक्त करते हुए निर्देशित किया है कि एक माह के भीतर जिला कार्यकारणी का गठन कर प्रदेश कार्यालय को प्रेषित करना है जिसे वर्मा ने सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि जिस उद्देश्य एवं विश्वास के साथ मुझे जो सम्मान दिया गया है उसे पूरा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जावेगी। किसी मजदूर साथियों एवं बेरोजगार साथियों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा चाहे इसके लिए हमें सड़क की लड़ाई लड़ना पड़े। वर्मा के नियुक्ति पर भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि गण, किसान, बेरोजगार युवाओं एवं भारी संख्या में मजदूर साथियों ने बधाई दी। वर्मा ने इस नियुक्ति पर भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन काउंसिल छत्तीसगढ़ इकाई के समस्त पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा उददेश्य है कि मजदूरों के अधिकारों की रक्षा करते हुए इनके हितों की लड़ाई लड़ना, जरूरत पड़ने पर आंदोलन एवं प्रदर्शन करना, इन्हें प्रशिक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा सेवाएं प्रदान करना एवं इनके अधिकारों की रक्षा, इन्हें न्याय और समानता दिलाना हमारा उददेश्य है ।

## जन्मजात विकृति से पीड़ित बच्चों के लिए चिरायु बना वरदान

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले में राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वास्थ्य परीक्षण कर चिरायु की टीम के द्वारा बच्चों का बेहतर इलाज कराया जा रहा है। बेहतर ईलाज होने से जन्मजात विकृति से पीड़ित बच्चों के लिए चिरायु योजना वरदान साबित हो रहा है। भाटापारा खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेन्द्र माहेश्वरी ने बताया कि विकासखण्ड भाटापारा के ग्राम तरेंगा की 13 वर्षीय बालिका भारती यदु को जन्म से ही क्लेफ्ट पैलेट की समस्या थी। बच्ची के पिता रजवा यदु जो मजदूरी करते हैं उन्होंने बताया कि, इस जन्मजात रोग के कारण बच्ची के मुँह के तालू में छिद्र था जिसके कारण बच्ची को खाने, बोलने में असुविधा होती थी। डॉक्टर ने बताया कि बच्ची को देखने के बाद उसे रायपुर के निजी अस्पताल भेजा गया जहाँ ऑपरेशन के माध्यम से उपचार हुआ। यह उपचार पूरी तरह से निःशुल्क हुआ है। इसी तरह पलारी खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.एस. ध्रुव ने बताया कि पलारी विकासखण्ड के ग्राम कोसमंदा के 12 वर्षीय बालक मोरध्वज कन्नौजे को जन्म से ही हृदय दोष था। जिसके तहत हृदय में संरचनात्मक असमानताएं विकसित हो जाती हैं जो हृदय की दीवारों, वाहिकाओं, वाल्वों को प्रभावित करता है जिससे सामान्य रक्त परिवहन बाधित हो जाता है। मोरध्वज को समय-समय पर तबियत खराब होने, सांस लेने में तकलीफ, खेलने कूदने के दौरान जल्दी थकान हो जाना,वजन न बढ़ना जैसी समस्या होती थी। डॉ. ध्रुव के ने बताया कि चिरायु टीम द्वारा सभी आवश्यक जाँच के पश्चात बालक को रायपुर के एक निजी अस्पताल में ले जा कर हृदय का सफल उपचार कराया गया। जिसका ऑपरेशन निःशुल्क किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि चिरायु योजना के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्कूलों में मेडिकल टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है।इसके तहत किसी प्रकार के रोग पाए जाने की स्थिति में उसके निःशुल्क उपचार की भी व्यवस्था की जाती है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वास्थ्य परीक्षण कर चिरायु की टीम के द्वारा बच्चों का बेहतर इलाज कराया जा रहा है। चिरायु की टीम के द्वारा कटे-फटे होंठ, जन्म जात मोतियाबिंद, टेढ़े-मेढ़े हाथ पैर, श्रवण बाधा सहित 44 प्रकार की बीमारी तथा विकृति पर कार्य किया जाता है। जरूरत पड़ने पर बच्चों को अच्छे हॉस्पिटल रेफर भी कराया जाता है।

# सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का निराकरण गुणवत्तापूर्वक करें अधिकारी: कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत 30 अप्रैल तक विभागों को प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाना है। अधिकारी आवेदनों का निराकरण गुणवत्तापूर्वक करना सुनिश्चित करें। प्रयास यह होना चाहिए कि निराकरण से आवेदक पूर्णतः संतुष्ट हो सके। उन्होंने कहा कि 4 मई 2025 तक विभागों को प्राप्त आवेदनों का संपूर्ण निराकरण कर लिया जाए। कलेक्टर सिंह ने अधिकारियों की समय-सीमा लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक में सुशासन तिहार के अंतर्गत विभागों कों प्राप्त आवेदन और इनके निराकरण की समीक्षा करते हुए उक्त बाते कही। उन्होंने कहा कि हितग्राही मूलक योजनाओं की मांगों पर अधिकारी पात्रता परीक्षण करना सुनिश्चित करें। सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदन विभाग से संबंधित न हो तो ऐसे आवेदनों को संबंधित विभागों को फारवर्ड किया जाए ताकि विभाग द्वारा समय पर इसका निराकरण किया जा सके। कलेक्टर सिंह ने कहा कि अधिकारी मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, पीजीएन (वेब व पोस्ट) पोर्टल, सार्थ-ई और पीजी पोर्टल के अंतर्गत एक से तीन माह के अंतर्गत लंबित सभी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें। इसी प्रकार राजस्व अधिकारी राजस्व से संबंधित अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, सीमांकन के भी एक से तीन माह तक के लंबित प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर सिंह ने समीक्षा के दौरान सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण में विभागों को प्राप्त मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदनों और विभागीय निराकरण हेतु पहल की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मांगों पर विभागीय तैयारी पूरी करें। आवश्यक दस्तावेज हेतु मोबाइल नंबर के माध्यम से आवेदकों से संपर्क करें। स्वीकृत मुआवजा राशि का वितरण समय पर हो, राजस्व अधिकारी यह सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने कहा कि नगरीय निकायों में भी मांगों एवं शिकायतों का निराकरण औचित्यपूर्ण हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी विभागवार निराकृत प्रकरणों की प्रवृष्टि पोर्टल में कराते जाएं। कलेक्टर ने अवगत कराया कि आवेदनों के विभागीय निराकरण के संबंध में आगामी 26 अप्रैल 2025 से जिलास्तरीय समीक्षा की जाएगी। बैठक में एडीएम अरविन्द एक्का, सहायक कलेक्टर बबन अभिजीत पठारे, जिला पंचायत के सीईओ बी.के. दुबे, सभी नगरीय निकायों के आयुक्त एवं सभी एसडीएम सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

# 10 से अधिक ठेले खोमचे पर चला निगम का बुलडोजर

## टप्पा तालाब सहित अन्य स्थानों पर सड़क किनारे पर अवैध अतिक्रमण

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत टप्पा तालाब चौक से स्थित सड़क किनारे शासकीय जमीन पर कब्जा कर रखी गई खोमचे व ठेके को हटाने की कार्रवाई नगर निगम ने की। आयुक्त सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में निगम की अतिक्रमण शाखा और बाजार विभाग टीम ने यहाँ लगभग लाइन से 10 से अधिक अस्थायी और स्थायी गुमटी, ठेले पर चला बुलडोजर, हटाया गया अतिक्रमण। इस कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों ने विरोध किया, लेकिन निगम प्रशासन के सख्ती के आगे उन्हें पीछे हटना पड़ा। दरअसल टप्पा तालाब चौक के पास की शासकीय भूमि पर पहले कुछ लोगों ने अस्थायी रूप से ठेले, टीन शेड और लकड़ी की मदद से दुकानें बनाई थीं। देखते ही देखते ये कच्चे दुकान पक्की में तब्दील हो गए था। कई लोगों ने तो टीन, ईंट और सीमेंट से स्थायी चबूतरा निर्माण कर लिया था। सड़क किनारे सरकारी ज़मीन पर अवैध कब्ज़ा हुआ, बल्कि यातायात और सफाई व्यवस्था पर भी असर पड़ रहा था। निगम की टीम जेसीबी और अमले के साथ मौके पर पहुँची और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान कुछ दुकानदारों ने विरोध करते हुए कार्रवाई को रोकने की कोशिश की, लेकिन निगम की सख्ती में काम जारी रहा। कार्रवाही के दौरान बाजार विभाग शशिकांत यादव, ईश्वर वर्मा, अतिक्रमण प्रभारी अधिकारी परमेश्वर के अलावा बाजार विभाग/ अतिक्रमण विभाग अमला मौजूद रहें। टप्पा तालाब में अतिक्रमण के कारण यहाँ अवैध और गैर कानूनी कार्य को भी बढ़ावा मिल रहा था, टप्पा तालाब के आस पास दोबरा अतिक्रमण होने पर जब्ती की कार्रवाही होगी। महापौर अलका बघामार ने शहर में यातायात व्यवस्थित को लेकर दुकान के बाहर सड़क घेरकर व्यवसाय करने वाले तथा सड़क किनारे चौक चौराहों पर अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालो के अलावा महापौर ने शहर कालोनी क्षेत्र, गली मोहल्ले में लोगो के द्वारा घर के पास नाली के ऊपर तार फ्रेंन्सिंग लगाकर गार्डन बनाकर रखा गया उनसे भी अपील की गई है कि नुकसान से बचने के लिए वे अपना अवैध अतिक्रमण स्वयं हटा लें। निगम की कार्रवाही में सहयोग करें।

# ओयो होटल ब्लू स्काई, नेचुरल प्वांइट, कृष एवं अन्य पर निगम की टीम ने की कार्यवाही, वसूला 22200 का अर्थदण्ड

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com



शिकायत मिल रही थी कि ओयो होटल के विभिन्न शाखाओं में साफ-सफाई एवं खादय सामग्री ठीक से उपयोग नहीं किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई की टीम मौके पर निरीक्षण करने गई, तो पता चला ओयो होटल नेचुरल प्वाइंट द्वारा अनुज्ञप्ति लाईसेंस नहीं लिया गया था, दुसरे के नाम पर होटल संचालित किया जा रहा था। जबकि किसी भी व्यवसाय को करने के लिए अनुज्ञप्ति लाईसेंस लेना अनिवार्य होता है। उसके उपर कार्यवाही करते हुए 15000 का अर्थदण्ड लगाया गया और उसे तत्काल नियमानुसार अनुज्ञप्ति लाईसेंस लेने के लिए निर्देशित किया गया। ओयो होटल ब्लू स्काई, कृष होटल में साफ -सफाई मानक के अनुसार नहीं पाये जाने पर 6000 रूपये का चालानी कार्यवाही की गई। संबंधित को चेतावनी दी गई की जो भी सामान का उपयोग करे, वह ताजा हो। पहले से कटी हुई बासी सब्जी कई दिनो का बना हुआ पेस्ट, आटा, टमाटर, धनीया, मिर्चा, शिमला मिर्च का उपयोग बंद करें। इससे खाने वाले के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। जो भी बासी सामान मिले उसे जप्ती बनाकर डिस्पोज करवाया गया। उन्हे चेतावनी दी गई की दुबारा इस प्रकार की कमी पायी जायेगी तो नगर निगम अधिनियम 1956 की धाराओ के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी। होटल के मैरेजर ने भी स्वीकार किया की खाना बनाने वाले बावर्ची से ही लापरवाही हुई है अब नहीं होगा। हम लोग मानक के अनुसार खादय सामग्री का उपयोग करेगें। इसी प्रकार सिंगलयूज प्लास्टिक उपयोग एवं गंदगी फैलाने वालो पर भी कार्यवाही की गई। फल ठेला, सिद्वार्थ जनरल स्टोर, कुंज बिहारी जनरल स्टोर, कनिष्का फैंसी स्टोर से 1200 रूपये का अर्थदण्ड वसूल कर रसीद प्रदान किया गया। कार्यवाही के दौरान स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी, लिपिक संजय गायकवाड़, क्रिस्टोपर अर्जुन, वार्ड सुपरवाइजर अमित आदि उपस्थित रहे।

# एनडीआरएफ का प्रशिक्षण शिविर निगम भिलाई में हुआ आयोजित

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दुर्ग अभिजीत सिंह के आदेशानुसार नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। उददेश्य था कि निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अप्रत्याशित रूप से आए आपदा के समय किस प्रकार से प्रारंभिक बचाव किया जाए। कोई भी समस्या बताकर नहीं आती है लेकिन सर्तकता एवं जानकारी रहने से बहुत कुछ कंट्रोल किया जा सकता है। समस्याएं कुछ प्राकृतिक होती है जैसे बाढ़, भूकंप, सुनामी, बिजली चमकना एवं मानव निर्मित समस्या जैसे आगजनी, दुर्घटना, हार्ट टेक, पानी में डूबना, लू लगना इत्यादि ऐसे समय में क्या बचाव किया जाए। प्रशिक्षण में बताया गया कि अगर किसी को हृदय घात के लक्षण दिखे तो सीपीआर कैसे देना चाहिए उन्हे सर्वप्रथम देखना कि गले के नीचे सांस चल रहा है कि नहीं। यदि नहीं चल रहा तो उसे मुंह से सांस देने की प्रक्रिया, किस प्रकार से इंसान को लेटाकर छाती के नीचे हाथों से 30-30 बार दबाना इस प्रकार कुल 5 बार दबाना चाहिए। जिससे व्यक्ति को होस आने की संभावना बढ़ जाती है, उसके बाद उसे तुरंत डॉक्टर को बुलाना चाहिए। प्रारंभिक उपचार कर देने से जीवन बचने की संभावना बढ़ जाता है। इसी प्रकार यदि दुर्घटना हो जाए तो कहीं से खून बह रहा है तो उसे साफ कपड़े से डेटाल, साबुन जो भी उपलब्ध हो उससे अंदर से बाहर के तरफसाफकरके कपड़े से दबा देना चाहिए। उससे भी न रूके तो और कपड़ा लगाकर पटटी बांध देना चाहिए। यदि बिजली गिरने की संभावना है तो यह प्रयास करना चाहिए कि पानी, पेड़, विघुत उपकरण, मोबाईल, टीवी इत्यादि से दूर रहना चाहिए। घर सबसे सुरक्षित स्थल है, अपने आप को संकुचित करके बचा लेना चाहिए। पुरा प्रयास हो कि शरीर से जमीन का अर्थिगं न मिले।

# आबकारी विभाग ने जप्त की मध्यप्रदेश निर्मित मदिरा, 01 आरोपी गिरफ्तार एवं वाहन जब्त



पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार उपायुक्त आबकारी जी.के. भगत व प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी सी.आर. साहू के मार्गदर्शन में 21 अप्रैल 2025 को गश्त के दौरान आबकारी विभाग के वृत-भिलाई क्रमांक 02 के अन्तर्गत पोलसाय पारा वार्ड नंबर 27 में अवैध शराब के परिवहन की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही कर एक सफेद रंग के सेंट्रो कार क्रमांक सीजी 04 एचए 1585 में 150 नग पाव गोवा (फार सेल इन मध्यप्रदेश) मदिरा जप्त किया गया। उक्त प्रकरण में आरोपी सुधाकर बनवासी आत्मज विश्वनाथ उम्र 48 वर्ष, निवासी संतरा बाड़ी वार्ड क्र. 26 थाना मोहन नगर के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 36 के तहत प्रकरण दर्ज कर सुप्रिया शर्मा सहायक जिला आबकारी अधिकारी द्वारा आरोपी को जेल दाखिल कर प्रकरण विवेचना में लिया गया है। कार्यवाही के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी पंकज कुजूर, आबकारी उप निरीक्षक प्रियंक ठाकुर, आरक्षक संदीप तिर्की, आरक्षक चितेश्वरी ध्रुव, गार्ड अमित कुमार पटेल, खोमेंद्र देशमुख, ड्राइवर दुर्गा साहू का योगदान रहा।

# विश्व में संस्कृति को सर्वोच्चता दिलाने में एक आदर्श साबित हो रहा गार्गी विद्यालयः डॉ. शर्मा

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com



भारतीय ज्ञान परम्परा के सन्दर्भ में संस्कृति-संस्कृत विशेषज्ञ एवं आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा ने हाल ही में भोपाल का दौरा किया। यहां मध्यप्रदेश शासन के महर्षि पतंजलि संस्कृत विद्या मंडल, संस्कृत भवनम् द्वारा संचालित शासकीय आदर्श रेजिडेंशियल गर्ल्स इंस्टीट्यूट फॉर संस्कृतम् अर्थात् गार्गी विद्यालय भोपाल में उनका आत्मीय अभिनंदन किया गया। विद्यालय की प्राचार्या स्नेहा सालोडकर एवं युवा शिक्षक अनुपम शुक्ल ने उनका सम्मान किया। डॉ.शर्मा ने इस दौरान सशस्त्र बल की सलामी गारद का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि जब पूरी दुनिया में गीता और नाट्यशास्त्र को यूनेस्को द्वारा मेमोरी ऑफ़ वर्ल्ड बनाये जाने की धूम है, तब यहां के तपस्वी शिक्षकों और छात्राओं जैसे संस्कृत के प्रति समर्पित असंख्य व्यक्तियों और संस्थाओं की ओर हमारा ध्यान जाता है। नारी शक्ति का सम्मान और पंच कन्याओं के प्रति पूज्य भावना भी शायद ऐसी ही मातृशक्ति की देन है। डॉ. शर्मा ने बताया कि मध्यप्रदेश के 42 जिलों की 333 बच्चियां यहां संस्कृत माध्यम पढ़ाई कर रही हैं रही हैं और संस्कृत और संस्कृति को अपने आचरण में ढाल रहीं हैं। कक्षा 6 से 12 तक की कक्षाओं में अध्ययनरत इन बच्चियों को न केवल भोजनावास निः शुल्क है, साथ ही स्मार्ट क्लास, पुस्तकें, पुस्तकालय, स्टीम लैब, एन.सी.सी., रायफल शूटिंग और रेंज आदि की भी निः शुल्क सुविधाएं हैं। बालिकाओं की चौमुखी उन्नति हो रही है।

# रिटायर कर्मी बोले- मुश्किल दिनों में सेक्टर-6 सोसाइटी ने हमेशा संबल दिया

■ इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 ने मार्च माह के रिटायर कर्मियों को दी विदाई



पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com

भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में एक आयोजन में सोसाइटी के माह मार्च या उसके पूर्व सेवानिवृत्त हुए बीएसपी के सदस्य कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गई। सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र व अन्य पदाधिकारियों ने इन सदस्य कर्मियों को शाल/ श्रीफल और उनकी जमा पूंजी का चेक देकर सम्मानित किया। अपने स्वागत भाषण में अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने कहा कि सेवानिवृत्ति के इस भावुकता से भरे अवसर पर हम अपने वरिष्ठ कर्मियों का सम्मान ही नहीं कर रहे हैं बल्कि एक रिश्ते को और मजबूत भी कर रहे हैं। उन्होंने सभी रिटायर कर्मियों को जीवन के नए पड़ाव की शुभकामनाएं दी। इस दौरान रिटायर हुए कर्मियों की ओर से सुरेश कुमार यादव व वी के सिंह ने भी अपनी भावनाएं व्यक्त की और सम्मान के लिए आभार जताया। इन रिटायर कर्मियों ने अपना सेवाकाल याद करते हुए बताया कि जब भी विपरीत परिस्थिति आई तो सोसाइटी ने तत्काल लोन मंजूर करने पहल की। इससे सोसाइटी के माध्यम से हमेशा हमें संबल मिला। रिटायर होने वाले बीएसपी के इन सदस्य कर्मियों में, बंसी टुडू, इंजीनियरिंग ड्राइंग एंड डिजाइन, मंजू शुक्ला, मानव संसाधन, प्लेट मिल से रविंद्र कुमार, औद्योगिक संबंध विभाग से सच्चिदानंद सिंह, स्टील मेल्टिंग शॉप-2 से सुरेश कुमार, विजय कुमार,ब्लास्ट फर्नेस से रमेश कनौजिया, टोमन लाल, मैकेनिकल मेंटेनेंस से कृष्णा, फोर्ज शॉप से आशीष कुमार,पब्लिक हेल्थ एंड इंजीनियरिंग विभाग से सहदेव बंजारे, पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन से दाऊ कांति नेगी, बार एंड रॉड मिल से विशाखा राम ठाकुर, एलडीसीपी से अरुण कुमार, कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से ओमप्रकाश, रमेश देवांगन,स्टील मेल्टिंग शॉप-3 से लक्ष्मीचंद, मर्चेंट वायर एंड रॉड मिल से सुरेश कुमार यादव, झरनदल्ली माइंस से पूजन प्रसाद, इंस्ट्रूमेंटेशन से के.श्रीनिवास तथा मशीन असेंबलिंग एंड इंजीनियरिंग शॉप (मार्स) से शिवकांत शामिल हैं।

# तहसील स्तरीय कर्मा जयंती एवं सामूहिक आदर्श विवाह में पहुंचे, पूर्व मुख्यमंत्री और सासंद, वर वधु को दिए आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता ∢ अम्लेश्वर
www.dailypioneer.com



नगर पालिका परिषद अमलेश्वर डीह में आयोजित तहसील स्तरीय कर्मा जयंती एवं सामूहिक आदर्श विवाह में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं दुर्ग सांसद विजय बघेल। आपको बता दें तहसील साहू संघ पाटन के तत्वाधान में 24 जोड़ा वर वधू का सामूहिक आदर्श विवाह संपन्न कराया गया। जिसके प्रथम सत्र में प्रमुख रूप से पूर्व मुख्यमंत्री विधायक पाटन भूपेश बघेल एवं दुर्ग सांसद विजय बघेल वर वधु को आशीर्वाद देने पहुंचे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लंबे अरसे के बाद पाटन के दोनों नेता एक मंच पर नजर आए। दोनों ने तहसील स्तरीय कर्मा जयंती समारोह में मंच साझा किया। वैसे पाटन की विधायक होने के नाते लगातार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल साहू समाज के कार्यक्रम में आते हैं और लंबे वर्षों से साहू समाज के लिए खड़े रहते हैं उनके कार्यों में सहयोग प्रदान करते हैं। साथ ही दुर्ग सांसद विजय बघेल वर्षों से तहसील साहू संघ पाटन को सामूहिक आदर्श विवाह एवं कर्मा जयंती में सहयोग करते आ रहे हैं। इस वर्ष भी दोनों नेता आए और साथ में मंच पर बैठे रहे। इस अवसर पर जिला साहू संघ दुर्ग के अध्यक्ष नंदलाल साहू, तहसील अध्यक्ष दिनेश कुमार साहू, प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष चंद्रिका साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष कल्याण साहू, स्थानी साहू समाज अमलेश्वर डीह के अध्यक्ष राम नारायण साहू, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू, पूर्व जिला पंचायत सभापति मोनू साहू, तहसील साहू संघ पाटन के महासचिव खेमलाल साहू, पूर्व अध्यक्ष अश्वनी साहू, गंगादिन साहू, उपाध्यक्ष गुलाब साहू, सरिता साहू, महिला संयोग का कमलेश्वरी साहू, युवा संयोजक गोपेश साहू, सहसंयोजक सुरेंद्र कुमार साहू, नगर पालिका अमलेश्वर के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, पूर्व उपाध्यक्ष उमेश कुमार साहू, गायत्री साहू, दुलारी साहू, मधूकांता साहू, सुनीता साहू, सुखदेव साहू, मोहन साहू, पार्षद मालती साहू, रामाधार साहू, सोनू साहू, जय साहू, लोकेश साहू कमलेश साहू, होरीलाल साहू, संतोष साहू, अरुण साहू, ताम्रध्वज साहू, लोकेश साहू, ओमकार साहू, जितिन साहू, मिथलेश साहू, अजय साहू, गौरव साहू सहित समाज के लोग मौजूद रहे।


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता
## लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)

### // ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना //

दिनांक 17/04/2025

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा ''डी'' श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। एनआईटी क्रं.-02-से 10 (प्रथम आमंत्रण) तक निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 06.05.2025 है, एवं एनआईटी क्रं.-11 (पंचम आमंत्रण) हेतु निविदा डाउनलोड की अंतिम तिथि 28.04.2025 तक है।

| एन.आई.टी.क्र./ निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 |
| NIT No. 02 Tender No. 167108 | बिलाईगढ़ अनुविभाग अंतर्गत व्यवहार न्यायालय भटगांव के न्यायिक अधिकारी के लिये 01 नग एफ-टाईप शासकीय अवासगृह का निर्माण कार्य। | रू. 35.28 लाख |
| NIT No. 03 Tender No. 167109 | बिलाईगढ़ अनुविभाग अंतर्गत व्यवहार न्यायालय बिलाईगढ़ के न्यायिक अधिकारी के लिये 01 नग एफ-टाईप शासकीय अवासगृह का निर्माण कार्य। | रू. 35.28 लाख |
| NIT No. 04 Tender No. 167110 | जिला जेल धमतरी परिसर में बाउंड्रीवॉल का निर्माण कार्य। | रू. 52.28 लाख |
| NIT No. 05 Tender No. 167111 | जिला धमतरी के शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में 03 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | रू. 49.88 लाख |
| NIT No. 06 Tender No. 167113 | जिला महासमुंद के विकासखंड महासमुंद ग्राम पासिद में शासकीय हाईस्कूल भवन का निर्माण कार्य। | रू. 67.47 लाख |
| NIT No. 07 Tender No. 167115 | जिला महासमुंद के विकासखंड बागबाहरा में शासकीय हाईस्कूल भवन छुईया का निर्माण कार्य। | रू. 67.47 लाख |
| NIT No. 08 Tender No. 167116 | जिला महासमुंद के विकासखंड बसना में शासकीय हाईस्कूल भवन बसना का निर्माण कार्य। | रू. 67.47 लाख |
| NIT No. 09 Tender No. 167117 | जिला गरियाबंद के विकासखंड फिंगेश्वर के तरीघाट हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन का निर्माण कार्य। | रू. 119.99 लाख |
| NIT No. 10 Tender No. 167118 | जिला महासमुंद के विकासखंड बसना ग्राम देवरी में शासकीय हाईस्कूल भवन का निर्माण कार्य। | रू. 67.47 लाख |
| NIT No. 11 Tender No. 167119 | जिला महासमुंद के उपसंभाग क्रं.-1 महासमुंद अन्तर्गत शासकीय हाईस्कूल भवन सोरिद का निर्माण कार्य। | रू. 67.44 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिड केपेसीटी उपलब्धत्ता बाबत् जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल दस्तावेजों के लिफाफे में निविदाकारों का मोबाईल नं. एवं ई-मेल आई डी का अनिवार्य रूप से उल्लेख करें।

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि.रायपुर मण्डल क्र.2 (छ.ग.)

G-252600386/15

Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़

आपकी थी चाह, हमने बनाई राह


## जीई फाउंडेशन का पोषण पखवाड़ा में उल्लेखनीय योगदान, समापन पर हुए विविध कार्यक्रम

# कुपोषित बच्चों को दी गई सुपोषण किट, गोद भराई व अन्न प्राशन में भी भागीदारी

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग भिलाई-1 परियोजना के खुर्सीपार जोन-3 सेक्टर के आंगनवाड़ी केंद्र घासीदास नगर-2 में पोषण पखवाड़ा के समापन दिवस का आयोजन मंगलवार को किया गया। 8 अप्रैल से प्रारंभ किए गए पोषण पखवाड़ा में सामाजिक संगठन गोल्डन एम्पथी (जी ई) फाउंडेशन टीम ने एकीकृत बाल विकास योजना (आईसीडीएस) के साथ मिलकर विविध गतिविधियां संचालित की। भिलाई परियोजना अधिकारी पद्मजा सिन्हा, पर्यवेक्षक कंचन महतो और जीई फाउंडेशन की ओर से प्रदीप पिल्लै ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व नवजात शिशु का अन्नप्राशन करवाया। पखवाड़े भर की गतिविधियों के अंतर्गत जीई फाउंडेशन की ओर से कुल 28 गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को प्रोटीन पाउडर वितरित किया गया साथ ही सोया, चना, गुड़, तिल, दाल, साबुत मूंग दाल, फल से भरी पोषण खजानी वाली सुपोषण टोकनी बांटी गई। परियोजना अधिकारी सिन्हा ने उपस्थित हितग्राहियों को पोषण पखवाड़ा के महत्व से परिचित कराया। साथ ही कुपोषण के दुष्चक्र से बाहर निकलने हेतु उपाय के संबंध में विस्तृत चर्चा की। पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत जीई फाउंडेशन द्वारा गंभीर और मध्यम कुपोषित बच्चों के लिए सुपोषण किट और प्रोटीन पाउडर का वितरण किया गया साथ ही 6 आँगनबाड़ी केंद्र के कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इन आयोजनों में जीई फाउंडेशन से मृदुला शुक्ला, प्रकाश देशमुख, विशाखा मांगूडे, सोनम सागर, अजीत और घासीदास नगर (1,2,3),फौजी नगर,हाउसिंग बोर्ड, कुरूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में आशा पाठक, उमेश्वरी रात्रे, पिंगला बंजारे, जीतू मनहर, सिंधु पगारे, भगवती, सहायिका, चंचल निषाद, किरण सिंह और विमला कामले सहित अन्य का विशिष्ट सहयोग रहा।

## संपादकीय

# प्रतिभा की प्रतीक गीता एवं नाट्यशास्त्र

**भारतीय प्रतिभा** की प्राचीन प्रतीक भगवद्गीता एवं नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के विश्व स्मृति रजिस्टर में दर्ज किया गया है। भारत की सभ्यतामूलक प्रतिभा को स्वीकृति देते हुए उसकी दो सर्वाधिक महत्वपूर्ण रचनाओं- 'श्रीमद्भगवद्गीता' तथा 'भरत मुनि के नाट्यशास्त्र' को यूनेस्को के विश्व स्मृति रजिस्टर में दर्ज किया गया है। इस घोषणा का पूरे देश में स्वागत हुआ है और खुशी की लहर दौड़ गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे 'दुनिया भर में रहने वाले हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण' बताया है। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा, 'गीता एवं नाट्यशास्त्र का यूनेस्को के विश्व स्मृति रजिस्टर में शामिल होना हमारे अनादि विवेक और समृद्ध संस्कृति की वैश्विक स्वीकृति है।' प्राचीन काल से भगवद्गीता को मानव मूल्यों, जीवन दर्शन तथा अन्य आयामों में दुनिया का महानतम ज्ञान माना गया है। यह महाकाव्य 'महाभारत' का अंग है तथा भारतीय दर्शन 'सांख्य योग' पर आधारित है। इन नवीनतम समावेशों से यूनेस्को के सम्मानित विश्व स्मृति रजिस्टर में भारत की कुल 14 चीजें शामिल हुई हैं। इससे वैश्विक ज्ञान, कलात्मक प्रतिभा तथा आध्यात्मिक विरासत में हमारा स्थान और मजबूत हुआ है। श्रीमद्भगवद्गीता भगवान कृष्ण एवं अर्जुन के बीच कुरुक्षेत्र की युद्धभूमि में 700 श्लोकों का संवाद है जो धर्म और इतिहास की सीमायें पार करता है। इसमें सारी दुनिया में मनुष्यों की स्थिति का वर्णन करते हुए कर्तव्य, कार्य, नैतिकता एवं आत्माभिव्यक्ति के बारे में भ्रम दूर किए गए हैं।

हजारों साल से गीता विचारकों, स्वतंत्रता सेनानियों व आध्यात्मिक अन्वेषकों के लिए प्रकाश की किरण रही है जिनमें महात्मा गांधी से लेकर एल्बर्ट आइन्स्टीन तक शामिल हैं। 'धर्म', 'कर्म' और 'भक्ति' के दर्शन पर आधारित गीता हमें कर्म का साहस तथा विचारों की स्पष्टता देती है और विभिन्न संस्कृतियों तथा महाद्वीपों के लोगों को आकर्षित करती है। भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को समान रूप से वैश्विक स्वीकृति प्रशंसनीय है जो 2,000 साल पुरानी संस्कृत त्रयी है। यह भारतीय शास्त्रीय नृत्य, संगीत एवं रंगमंच का आधार तैयार करते हुए न केवल सौंदर्यात्मक सिद्धान्तों, बल्कि अभिव्यक्ति, भावनाओं और सांस्कृतिक कथा वाचन का दर्शन है।

केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने सबसे पहले इस खबर की घोषणा करते हुए इसे 'भारत की सभ्यतामूलक विरासत का ऐतिहासिक क्षण' बताया। उन्होंने कहा, 'ये अनादि रचनायें साहित्यिक भंडार से अधिक ऐसा दार्शनिक और सौंदर्यमूलक आधार हैं जिन्होंने दुनिया के प्रति भारत के दृष्टिकोण तथा हमारे सोचने, अनुभव करने, जीवन जीने तथा अभिव्यक्ति के तरीके को परिभाषित किया है।' भारत की बौद्धिक व दार्शनिक परंपरा लंबे समय से मानवजाति के लिए प्रकाश स्तंभ रही है। 'उपनिषदों' की आध्यात्मिक गहराई से लेकर आयुर्वेद के वैज्ञानिक विचार तथा शास्त्रीय साहित्य की कलात्मक प्रतिभा तक भारतीय विचारों ने हमेशा सामंजस्य, आत्मावलोकन तथा ब्रह्मांड से संबंध पर जोर दिया है। 'भगवद्गीता' एवं 'नाट्यशास्त्र' का यूनेस्को के रजिस्टर में समावेशन केवल सांस्कृतिक उपलब्धि न हो कर विश्व गुरु के रूप में भारत का उभार है। यह हमें याद दिलाता है कि आधुनिकता के बीच प्राचीन विवेक आज भी वर्तमान समय की सर्वाधिक महत्वपूर्ण चुनौतियों के जवाब देता है। विश्व मंच पर इन प्रख्यात रचनाओं को उचित स्थान मिलना उनमें अंतर्निहित प्राचीन सभ्यता के स्वरों को मुखर करता है जो हमें प्रेरित और प्रकाशित करते हुए मानवता की प्रगति करते हैं। यह भारत के व्यापक ज्ञान और स्वयं जीवन में अंतर्दृष्टि का प्रमाण है। इससे भारत विश्व गुरु का प्राचीन दर्जा प्राप्त करने की ओर आगे बढ़ता है।

ज्ञान, दर्शन और आध्यात्मिक विवेक की समृद्ध विरासत में निहित भारत ने हमेशा गणित, चिकित्सा, योग एवं नैतिकता में महान योगदान दिया है। जलवायु परिवर्तन, मानसिक स्वास्थ्य या तकनीकी बाधाओं की जटिल चुनौतियों का सामना कर रही दुनिया में भारत का समग्र विश्व दृष्टिकोण 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना से संचालित है। अनादि मूल्यों एवं आधुनिक खोज को जोड़ कर भारत विश्व मंच पर एक बार फिर प्रेरणा का स्रोत बना है। यूनेस्को के इस कदम से भारत के विश्व गुरु के दर्जे को स्वीकृति मिली है।

# भारत-अमेरिका रणनीतिक संबंध

क्या भारत रणनीतिक आवश्यकता के समय अमेरिका पर सचमुच विश्वास कर सकता है? अतीत इस बारे में हमें चेतावनी देता है तथा वर्तमान स्पष्ट यथार्थवाद की मांग करता है।



**भोपिंदर सिंह**
(लेखक, सेवानिवृत्त ले. जनरल हैं)




वर्तमान परिवर्तनशील भू-राजनीतिक परिदृश्य में यह महत्वपूर्ण सवाल है कि क्या भारत रणनीतिक आवश्यकता के समय, खासकर ट्रंप की परिवर्तनशील नेतृत्व शैली उभरने के बाद अमेरिका पर सचमुच विश्वास कर सकता है? अतीत इस बारे में हमें चेतावनी देता है तथा वर्तमान स्पष्ट यथार्थवाद के रास्ते पर चलने की मांग करता है। जब भी संयुक्त राज्य अमेरिका को भारत का रणनीतिक सैनिक सहयोगी बनाने के मामले पर चर्चा होती है तब अतीत की बेचैन करने वाली स्मृतियां हमारे सामने आ ही जाती हैं।

1971 में जब भारतीय सेनायें बाद में स्वतंत्र बांग्लादेश के रूप में मुक्त हुए तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान पर तेजी से हमला कर रही थीं तब अमेरिका ने दुष्टतापूर्वक सातवें बेड़े के 'टास्क फोर्स 74' को बंगाल की खाड़ी में भेजने का आदेश दिया था। पाकिस्तान के सहयोगी के रूप में अमेरिका ने पाकिस्तानियों द्वारा अपने ही देश के एक भाग में किए नरसंहार को अनदेखा किया था और इसके बावजूद भारत को धमकाने का प्रयास किया था।

यह स्वतंत्र बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में विदेशी हस्तक्षेप था। यह एक प्रकार से अमेरिका के सार्वजनिक संबंधों में पूर्ण विभीषिका की तरह था, वहीं दूसरी ओर यह गलत दिशा में अमेरिकन कार्रवाई का भी प्रमाण था। पाकिस्तानियों ने 80 के दशक में मुजाहिदीनों को जन्म दिया था तथा भारत के खिलाफ उनकी आतंकी गतिविधियों को निर्देशित किया था। इसके कारण 1990 के दशकांत तक भारत-पाकिस्तान संबंध अत्यधिक प्रभावित रहे थे। जब पाकिस्तान में 'आतंकी नर्सरियों' से निकलने वाले आतंकियों ने अमेरिकन हितों पर निशाना लगाना शुरू किया तभी अमेरिका को पाकिस्तान और वहां पैदा आतंकियों के बारे में अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करना पड़ा। आज दुनिया नए विकसित हो रहे भू-राजनीतिक यथार्थ तथा आतंकी व अन्य प्रकार के खतरों के प्रति जागरूक हो रही है जिसके कारण गठबंधनों तथा दृष्टिकोण में परिवर्तन आ रहा है। चीन विश्व मंच पर विस्तारवादी प्रवृत्तियों के मुखिया के रूप में उभरा है और इसके कारण अमेरिका द्वारा चीन का मुकाबला करने के लिए भारत स्वाभाविक रूप से सर्वाधिक विश्वसनीय 'धुरी' के रूप में सामने आया है। लेकिन चीन से चिन्ता के कारण हितों के समानीकरण के साथ ही धार्मिक-आतंकवाद एक नए खतरे के रूप में उभर रहा है।

निसंदेह चीन का 'स्टील ब्रदर' पाकिस्तान अपने पूरे दोमुंहेपन के साथ ऐसे तत्वों को बढ़ावा दे रहा है। इसके परिणामस्वरूप अमेरिका-भारत संबंधों के क्षेत्र में ज्यादा सकारात्मक जुड़ाव का अवसर पैदा हुआ है। इसके परिणामस्वरूप हालिया समय में भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय विश्वास तथा संबंधों में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। यह बढ़े हुए व्यापार, हथियारों और सैन्य तकनीक के हस्तांतरण, नाभिकीय समझौते तथा रणनीतिक रूप से विभिन्न मंचों पर एकजुटता से स्पष्ट है। ऐसे मंचों में 'क्वाड' आदि शामिल हैं। इन सबके चलते नई दिल्ली ने अतीत की अवधारणायें छोड़ कर असली राजनीति की ओर कदम बढ़ाए जिसे 'रणनीतिक स्वायत्तता' कहा जाता है। मूल रूप से इसका अर्थ भारत की सुरक्षा के लिए सर्वाधिक उचित मार्ग अपनाना है जिसमें किसी द्विपक्षीय 'समूह' की मजबूरियों से बाहर निकलना शामिल है। इससे भारत को अमेरिका से हेलफायर मिसाइलों, एमक्यू 9बी ड्रोन, अपाचे आक्रामक हेलीकाप्टरों, आदि उत्कृष्ट हथियार प्राप्त करने में सुविधा मिली।

इसके साथ ही वह रूस से एस-400 मिसाइल बैटरियां, अकूला-2 नाभिकीय पनडुब्बियां तथा कारमोव केए-226, आदि प्राप्त करने में सफल रहा। इस लचीलेपन के कारण भारत विभिन्न स्रोतों से सर्वाधिक उपयुक्त हथियार प्राप्त करने में सफल रहा और इसके साथ ही वे एक स्रोत पर अति-निर्भरता के कारण ज्ञात एवं अज्ञात बाधाओं से भी मुक्त रहा।

इस प्रकार 'पश्चिमी' देशों व हाल में दक्षिण कोरिया से हथियारों की सप्लाई बेहतर हुई, लेकिन इसके बावजूद परंपरागत कारगर हथियारों के मामले में रूस पर निर्भरता बनी हुई है। ऐसे में कीमत बनाम गुणवत्ता या रूसी बनाम पश्चिमी हथियारों पर सवाल हमेशा उठते हैं और इस दृष्टिकोण के चलते अन्य महत्वपूर्ण सवाल भी सामने आए जिनमें समय पर उपलब्धता, विश्वसनीय पुर्जों की सप्लाई, रखरखाव का खर्च आदि भी महत्वपूर्ण हो गए। इनसे तय होता है कि किस देश से हथियार खरीदे जाएं। इसमें एक महत्वपूर्ण तथा अक्सर अघोषित मुद्दा भी सामने आता रहा जिसमें स्रोत देशों के साथ गठबंधन की विश्वसनीयता भी शामिल है। सप्लाई करने वाले देश की विश्वसनीयता 'किल स्विच' से भी जुड़ी है जिसका अर्थ सप्लाई करने वाले देश के हथियार प्लेटफार्मों को निष्क्रिय करना है। इसका अर्थ हिस्से पुर्जों व गोला-बारूद तथा अन्य सहायक सामग्री की सप्लाई पर रोक है जिससे महत्वपूर्ण समय पर प्लेटफार्म निष्क्रिय हो सकते हैं।

जहां ऐतिहासिक कारणों से रूस से सप्लाई में काफी कमी आई है जिसके अनेक कारण हैं, पर इतिहास हमें सिखाता है कि भारत को जब भी बाहरी देशों से हमले या हथियारों की कमी का सामना करना पड़ा, रूस ने कभी सप्लाई आदि मामलों में भारत को नीचा नहीं दिखाया है। रूसियों की विश्वसनीयता समय की कसौटी पर खरी उतरी है और शायद यही कारण है कि 2020 की गर्मियों में सैनिक सप्लायर के रूप में अमेरिका का थोड़े समय के लिए परीक्षण हुआ जब भारत-चीन टकराव शिखर पर था। उस समय अमेरिका ने हथियारों की सप्लाई बढ़ाई थी।

यह अमेरिकनों तथा उनके हथियार सप्लायरों के लिए अच्छा वाणिज्यिक अवसर था क्योंकि उसकी सप्लाई उसके अपने विरोधी चीन के खिलाफ लक्षित थी। लेकिन सवाल है कि क्या यह स्थिति उस समय भी बनी रहेगी जब भारत पर किसी अमेरिकन-सहयोगी की ओर से दबाव पड़ रहा हो, भले ही यह पाकिस्तान जैसा देश ही क्यों न हो। ऐसी स्थिति में केवल अनुमान ही लगाया जा सकता है।

हालांकि, वर्तमान समय में जारी भू-राजनीति अमेरिका और भारत को खास परिस्थितियों के चलते 'स्वाभाविक' सहयोगी बनाती है, लेकिन बदलते समय और परिस्थितियों में इसकी परीक्षा होनी अभी बाकी है।

इस दृष्टिकोण से हालिया समय में भारत के प्रति अमेरिका के व्यवहार की परीक्षा होनी है, भले ही यह वाणिज्यिक क्षेत्र में हो। ट्रंप की पहली और दूसरी सरकार के समय उनकी विश्वसनीयता पर सवाल उठते रहे हैं। वर्तमान व्यापार-टैरिफ युद्ध में भारत को कोई विशेष दर्जा नहीं मिला है या उसके प्रति उदारता नहीं दिखाई पड़ी है, जबकि किसी विशेष या स्वाभाविक 'सहयोगी' से इसकी आशा की जाती है।

हालांकि, ट्रंप ने नाटो, यूरोपीय संघ के देशों तथा अन्य सहयोगियों को भी इस युद्ध में रियायत नहीं दी है। इसके बजाय ट्रंप ने अन्य देशों को अधिकाधिक पीड़ा देने का इरादा और इच्छा ही प्रकट की है जिनमें उनके सहयोगी भी शामिल हैं। सहयोगियों की तात्कालिक आवश्यकताओं या जोखिम के बजाय अमेरिका ने एकपक्षीय रूप से केवल अपने हितों को ही वरीयता दी है। यह दृष्टिकोण आश्वस्त करने वाला नहीं है।

ट्रंप की पुरानी सरकार के पूर्व अमेरिकी विदेश सचिव जेम्स मैटिस ने कहा था, 'किसी देश की शक्ति हमारी अपनी विशिष्ट शक्ति तथा गठबंधनों व साझीदारियों की समग्र व्यवस्था पर निर्भर करती है। हम अपने हितों की सुरक्षा या संवर्धन प्रभावी रूप से मजबूत गठबंधन बनाए बिना तथा सहयोगियों के प्रति सम्मान प्रदर्शित किए बिना नहीं कर सकते हैं।' विश्वास और 'सहयोगियों' पर विश्वास का महत्व एक सैनिक के रूप में समझने वाले मैटिस ने दीर्घकालीन रूप से ट्रंप की संवेदनहीनता को हानिकारक माना था। आज ट्रंप प्रशासन के हर स्तर पर वैसी ही संवेदनशीलता और स्वार्थ प्रदर्शित कर रहे हैं जिनमें अर्थव्यवस्थायें भी शामिल हैं। यह स्थिति अमेरिका को सैनिक सप्लायर या सहयोगी के रूप में विश्वसनीय नहीं बनाती है। ट्रंप की स्मृति भले ही लंबी न हो, पर अन्य देशों की स्मृति दीर्घकालीन है। इसे देखते हुए तथाकथित सहयोगियों के बीच अविश्वास की भावना अमेरिका को दीर्घकालीन नुकसान पहुंचा सकती है। यह बात भारत के मामले में भी सही है।

# एक सिविल सेवक में सफलता की भावना

> एक धारणा है कि एक बार जब आप सर्वोच्च पद पर पहुंच जाते हैं, तो संतुष्टि अपने आप हो जाती है।

**ओपी सिंह**
(लेखक, पुलिस महानिदेशक हैं)

किसी भी सिविल सेवक से पूछें कि सफलता कैसी दिखती है, और जवाब आमतौर पर एक परिचित स्क्रिप्ट का अनुसरण करता है: प्रमुख पोस्टिंग, लगातार ऊपर की ओर बढ़ना, कुछ प्रमुख असाइनमेंट और अंत में, सेवा के शीर्ष पर सेवानिवृत्ति। सफलता का वह संस्करण साफ-सुथरा है। यह दिखाई देता है। यह अच्छी तरह से फोटो खिंचवाता है।

लेकिन कई अधिकारियों से बात करें - बैचों, सेवाओं और चरणों में - और एक शांत सत्य सामने आता है: आपके पास सफलता के सभी चिह्न हो सकते हैं और फिर भी आपको इसका एहसास नहीं होता। आप उस पद पर गहराई से संतुष्ट महसूस कर सकते हैं जिसे कभी किसी ने महत्वपूर्ण नहीं कहा। सफलता दिखने और महसूस करने के बीच का अंतर वास्तविक है। और इसे कैसे पाटना है यह सीखना सबसे मूल्यवान कौशलों में से एक है जिसे एक सिविल सेवक विकसित कर सकता है। जर्नल ऑफ़ पॉज़िटिव साइकोलॉजी में 2020 के एक अध्ययन में पाया गया कि जो लोग सफल महसूस करते हैं, न कि केवल वे जो वस्तुनिष्ठ रूप से सफल थे, वे अधिक जीवन संतुष्टि, लचीलापन और प्रेरणा की रिपोर्ट करते हैं।

सीधे शब्दों में कहें तो, हम अपनी यात्रा को कैसे संसाधित और तैयार करते हैं, यह इस बात से ज़्यादा मायने रखता है कि दूसरे इसे कैसे देखते हैं। यह सार्वजनिक सेवा में विशेष रूप से सच है, जहां आप हमेशा यह नियंत्रित नहीं कर सकते कि आप कहां तैनात हैं, आप कितने समय तक रहते हैं, या आपका सबसे अच्छा काम लोगों को नज़र आता है या नहीं। लेकिन आप यह नियंत्रित कर सकते हैं कि आप काम से कैसे जुड़ते हैं। और यह, किसी भी चीज़ से ज़्यादा, यह निर्धारित करता है कि आप सफल महसूस करते हैं या नहीं। सेवा में सफलता अक्सर तब सबसे संतोषजनक लगती है जब इसे गति में अनुभव किया जाता है- एक योजना जो हफ्तों की बैठकों के बाद आखिरकार गति पकड़ लेती है, एक बजट जो साफ़-सुथरा बंद हो जाता है, एक टीम जो बिना किसी नाटक के काम करना शुरू कर देती है। ये नाटकीय क्षण नहीं हैं।

लेकिन वे वजन रखते हैं। मनोवैज्ञानिक इसे प्रगति सिद्धांत कहते हैं, सार्थक कार्यों में आगे बढ़ने की भावना। यह दीर्घकालिक प्रेरणा और संतुष्टि का सबसे मजबूत भविष्यवक्ता है। वह अधिकारी जो एक अव्यवस्थित विभागीय प्रक्रिया को फिर से तैयार करता है ताकि यह सुचारू रूप से चले। वह जो एक जिला टीम में समन्वय लाता है जो एक-दूसरे से बात करना बंद कर चुकी थी। वह जो एक परियोजना को अंतिम रिपोर्ट तक पूरा करता है। ये वीरतापूर्ण कार्य नहीं हैं। ये कलात्मक कार्य हैं। और सार्वजनिक सेवा में कई लोगों के लिए, ये गर्व का सबसे गहरा स्रोत हैं। सिविल सेवाएँ अपने सभी पैमाने और संरचनाओं में एक समान नहीं हैं। कुछ करियर तेज़ी से आगे बढ़ते हैं। दूसरे भटकते हैं। कुछ जल्दी शिखर पर पहुंच जाते हैं।

दूसरे कई सालों तक लगातार योगदान देने के बाद चुपचाप शीर्ष पर पहुंच जाते हैं। और कुछ अधिकारी, प्रयास और योग्यता के बावजूद, शीर्ष पायदान पर नहीं पहुंच पाते। लेकिन उनके पास अक्सर ये चीज़ें होती हैं: सहकर्मियों का सम्मान, सिस्टम को बेहतर तरीके से काम करते देखने की संतुष्टि क्योंकि वे वहाँ थे, और बार-बार काम को अच्छी तरह से करने की व्यक्तिगत लय। करियर को पूरा होने के लिए जश्न मनाने की ज़रूरत नहीं है। बस यह महसूस होना चाहिए कि इसका अच्छे से इस्तेमाल किया गया।

चाहे करियर की शुरुआत हो, बीच में हो या फ़िनिश लाइन के नज़दीक हो, यहाँ चार चीज़ें हैं जो फ़र्क डालती हैं, आप कितने सफल दिखते हैं, यह नहीं बल्कि आप कितने सफल महसूस करते हैं। ज़्यादातर सिविल सेवकों को उस पर ध्यान केंद्रित करने के लिए तैयार किया जाता है जो अभी तक नहीं किया गया है। लेकिन पीछे मुड़कर देखें कि आपने किन चीज़ों को आगे बढ़ाने में मदद की है - प्रोजेक्ट, टीम, प्रक्रियाएँ - आपको आधार प्रदान करती हैं। यह निरंतरता का निर्माण करता है। यह आपको एक व्यक्तिगत कहानी देता है जिसे साथ लेकर चलने लायक है।

चाहे कोई स्पष्ट नोट लिखना हो, समीक्षा बैठक का प्रबंधन करना हो जो स्पष्टता के साथ समाप्त हो, या सहकर्मियों को समस्याओं को तेज़ी से हल करने में मदद करना हो, छोटी-छोटी बारीकियां मायने रखती हैं। वे आपको व्यस्त रखती हैं।

वे दिनचर्या को लय में बदल देती हैं। करने लायक हर चीज़ दिखाई नहीं देगी। हर असाइनमेंट के साथ कोई मंच नहीं होता। लेकिन अगर आपका दिन सिस्टम को थोड़ा बेहतर बनाकर गया है - ज़्यादा कार्यात्मक, ज़्यादा उत्तरदायी - तो यह सार्थक है। इसकी पुष्टि के लिए आपको तालियों की ज़रूरत नहीं है।

सेवा में सबसे स्थायी संतुष्टि उन टीमों से मिलती है जो काम करती हैं। वे परिपूर्ण नहीं हैं, लेकिन वे ऐसी हैं जहाँ लोग मिलकर समस्याओं का समाधान करते हैं, सम्मानपूर्वक बहस करते हैं और काम पूरा करते हैं। वह माहौल, जब यह क्लिक करता है, किसी भी पोस्टिंग से ज़्यादा मूल्यवान होता है। एक धारणा है कि एक बार जब आप सर्वोच्च पद पर पहुंच जाते हैं, तो संतुष्टि अपने आप हो जाती है। लेकिन कई वरिष्ठ अधिकारी चुपचाप स्वीकार करेंगे: शीर्ष से दृश्य हमेशा स्पष्ट नहीं होता।

दायरा बहुत बड़ा है, समय का दबाव तीव्र है, और निर्णय कार्यान्वयन से अधिक दूर हैं। सिविल सेवा में सफलता अंतिम मंजिल नहीं है। यह कोई उपाधि या सेवानिवृत्ति भाषण नहीं है। यह समय के साथ काम को अच्छी तरह से करने का एक पैटर्न है, जिससे चीजें थोड़ी बेहतर ढंग से काम करने लगती हैं।

## आप की बात

### भारत की प्रगति

**भारत** दशकों से सेवा क्षेत्र में अग्रणी रहा है, वह अब वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग का केंद्र बनने की राह पर है। यह अवसर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीति से सामने आया है। इसमें चीन पर भारी टैरिफ लगाए गए और वैश्विक कंपनियों को चीन से उत्पादन हटाने पर मजबूर होना पड़ा। यह भारत के लिए सुनहरा मौका है। ट्रंप प्रशासन द्वारा चीन पर लगाए 245 प्रतिशत टैरिफ ने कंपनियों को विकल्प खोजने पर मजबूर कर दिया। ऐसे में भारत, वियतनाम, इंडोनेशिया, बांग्लादेश जैसे देशों को नए मैन्युफैक्चरिंग केंद्र बनने का अवसर मिल सकता है। भारत अपनी विशाल युवा जनसंख्या, सस्ते श्रम, तकनीकी प्रतिभा और विशाल उपभोक्ता बाजार के चलते सबसे उपयुक्त विकल्प के रूप में उभरा है। भारत में विदेशी निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग, फार्मा और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे क्षेत्रों में कई विदेशी कंपनियों ने भारत में संयंत्र लगाने की योजना बनाई है। भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव-पीएलआई और मेक इन इंडिया अभियान विदेशी निवेशकों को आकर्षित कर रहे हैं। इस अवसर का लाभ उठा कर भारत अपनी प्रगति तेज कर दुनिया का विकसित देश बन सकता है।

– **विभूति बुपक्या**, खाचरौद

### ट्रंप के टैरिफ़

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनॉल्ड ट्रम्प ने जब से टैरिफ नीति की घोषणा की और उन्हें दुनिया के देशों पर लागू किया तब से बहुत से देश इसके खिलाफ आवाज उठाने लगे हैं। टैरिफ लगाने से दुनिया के देशों के निर्यात पर बुरा असर पड़ रहा है, वहीं आयातित वस्तुओं के दाम बढ़ने से स्वयं अमेरिका में महंगाई बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है। अब तो अमेरिका में भी इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने व्हाइट हाउस तक का घेराव किया है। 50 राज्यों में प्रदर्शनकारी टैरिफ के साथ ही नौकरियों में कटौती के खिलाफ भी प्रदर्शन कर रहे हैं। अमेरिका में चीन के सस्ते उपभोक्ता उत्पादों की भरमार है और इनके दाम बढ़ने से जनता पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है। ट्रंप इस स्थिति से परिचित हैं और वे चीन पर दबाव डाल कर अमेरिकी हितों के अनुरूप व्यापार समझौता करना चाहते हैं। अमेरिकी उद्योग इतनी जल्दी चीन व अन्य देशों से आयातित सस्ती वस्तुओं का विकल्प नहीं तैयार कर सकते हैं। ट्रंप ने अमेरिकन जनता को कुछ कष्ट सहने के लिए भी तैयार करने का प्रयास किया है। देखना होगा कि दुनिया की जनता के साथ ही अमेरिका की जनता ट्रंप की नीतियों को कहां तक स्वीकार करती है।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### सड़क दुर्घटनायें

**सड़कों** पर तेज रफ्तार और उससे होने वाले हादसे लगातार बढ़ते जा रहे हैं। केंद्र सरकार अब हाईवे पर तेज रफ्तार से दौड़ने वाले वाहनों पर लगाम कसने के लिए रडार सिस्टम को और प्रभावी बनाने जा रही है। इसका उद्देश्य सड़क हादसों में कमी लाना और यातायात नियमों को सख्ती से लागू करना है। उपभोक्ता मंत्रालय के अनुसार, पहली जुलाई से यातायात रडार उपकरणों के अनिवार्य सत्यापन और मुहर लगाने से जुड़े नए नियम लागू होंगे। ये नियम विधिक माप विज्ञान के तहत माइक्रोवेव डाप्लर रडार उपकरणों पर लागू होंगे जो सड़कों पर गति मापन के लिए बड़े पैमाने पर उपयोग में लाए जाते हैं। इससे यह सुनिश्चित होगा कि गति मापने वाले उपकरण वैज्ञानिक रूप से सटीक और कानूनी रूप से प्रमाणित हों। इससे वाहन की गति और दूरी के आंकड़ों पर सटीक निगरानी रखी जा सकेगी और यातायात नियमों में की जाने वाली किसी भी चालाकी को आसानी से पकड़ा जा सकेगा। नए सिस्टम में केवल 0.5 प्रतिशत त्रुटि की संभावना होगी। अगर यह तकनीक ठीक तरह काम करती रही तो सड़कों पर हृदयविदारक हादसे काफी हद तक कम हो जाएंगे। इसके कठोर जमीनी क्रियान्वयन की भी जरूरत होगी।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

### सामूहिकता की भावना

**जब** लोग एकजुट होकर कोई कार्य करते हैं तो असंभव से असंभव कार्य भी संभव हो जाता है। हमारे समाज में इसके अनेक उदाहरण मिलते हैं। लोगों ने आपसी सहयोग, सामूहिक भागीदारी और मिल-जुल कर प्रयासों से अद्भुत कार्य कर दिखाए हैं। देश के कोने-कोने में ऐसे छोटे-छोटे प्रयास चल रहे हैं जो बड़े बदलाव की नींव रखते हैं। विशेषकर मानसून के पहले पुराने तालाबों, बावड़ियों और नदियों की सफाई में स्थानीय निवासियों और स्वयंसेवी संगठनों की भागीदारी उल्लेखनीय रही है। जो बावड़ियाँ कचरे का ढेर बन चुकी थीं उन्हें साफ कर फिर से जल संग्रहण के योग्य बना दिया गया है। बारिश के बाद ये बावड़ियाँ लबालब भर जाएंगी और आसपास के नगरों को बारह महीनों तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराएँगी। लोगों ने यह समझा कि केवल सरकार पर निर्भर रहकर समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता। जब तक समाज स्वयं आगे नहीं बढ़ेगा तब तक स्थायी समाधान संभव नहीं। सामूहिकता की यही भावना भारत की परंपरा और संस्कृति का हिस्सा रही है। सामूहिकता की इसी भावना का व्यापक विस्तार जरूरी है।

–**सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# रामायण मेला में 27 मंडली हुई शामिल

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com





श्री हनुमंत जन्मोत्सव के पावन अवसर पर क्षेत्र में श्री राम चरित मानस ज्ञान गंगा प्रवाहित हो रहा है। इसी कड़ी क्षेत्र के हृदय स्थल नगर बेरला में त्रि- दिवसीय श्री राम चरित मानस ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। इस भक्तिमय वातावरण में बड़े संख्या में लोग पहुंचकर राम कथा का आनंद ले रहे है। त्रि-दिवसीय चलने वाले इस आयोजन में छ.ग. के कुल 18 भाग्य शाली मंडलियों की प्रस्तुति हुई। जिसमें प्रथम दिवस में वंदना महिला मानस मंडली पड़कीभाट बालोद, आदर्श मानस परिवार भरचट्टी, बेमेतरा, राम रसिया मानस परिवार चमारी बेमेतरा, जय मां सरस्वती महिला मानस परिवार कोकड़ी धमतरी श्री रामलला मानस परिवार चैनगंज गुंडरदेही लव निमेष बालिका मानस परिवार रायपुर श्रद्धा महिला मानस परिवार गुंडरदेही, बालोद सुरताल मानस परिवार जुनवानी, घटारानी नवनीत मानस परिवार नंदिनी अहिवारा, दुर्ग श्री राम सेवा सत्संग समिति पिपरभट्ठा, बेमेतरा ममता बालिका मानस परिवार नवागढ़, बेमेतरा सुर सरिता मानस परिवार खाती, बेमेतरा जनक सुता बालिका मानस परिवार खुख्सीडीह, भिलाई, स्वाति महिला मानस परिवार रूआबांधा भिलाई, श्री राधा रानी मानस परिवार कुम्ही बेरला मोर गंवई के फूल मानस परिवार डोमा, धमतरी नित्या मानस परिवार धमतरी, श्री राम कृपा मानस परिवार दामाखेड़ा के अलावा पद्म श्री छालीवुड अभिनेता अनुज शर्मा की भक्तिमय प्रस्तुति ने सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं आकाशवाणी वाणी दूरदर्शन कलाकार गौतम चंद जैन ने भी अपनी प्रस्तुति प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र साहू कंडरका ने किया। संरक्षक पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश तिवारी नगर पंचायत विशाल देशलहरा सहित नगर के समस्त जनप्रतिनिधी के साथ-साथ मां भद्रकाली जिला मानस संघ के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। राजकुमार ताम्रकार टिकेंद्र धीवर छगन साहू हीरानंद साहू देवलाल सिन्हा विष्णु साहू संतोष साहू बल्लू यादव बिसाहू सिन्हा गजेंद्र वर्मा एवं हनुमंत जन्मोत्सव समिति के समस्त सदस्य कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए है।

# हेण्डपम्प पर अवैध कब्जा बना ग्रामीणों के लिए मुसीबत, जल संकट से जूझ रहा भरेवापारा मोहल्ला

## अधिकारियों की उदासीनता से नाराज़ ग्रामीणों ने लगाई गुहार, फिर भी नहीं हुई कोई कार्रवाई







पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भरेवापारा (वार्ड क्र. 03) में पानी की समस्या विकराल होती जा रही है। मोहल्ले में वर्षों पहले शासन द्वारा लगाए गए सार्वजनिक हेण्डपम्प पर अवैध कब्जा कर निजी मोटर पम्प लगा दिया गया है। शंकर यादव के घर के सामने स्थित इस हेण्डपम्प से वर्षों तक मोहल्लावासी पीने और घरेलू कार्यों हेतु पानी भरते थे, लेकिन अब उस सुविधा से वंचित हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले कुछ वर्षों से हेण्डपम्प को निकालकर वहाँ निजी मोटर पम्प लगा दिया गया है, जिससे सिर्फ एक परिवार को पानी मिल रहा है और शेष मोहल्ला जल संकट से जूझ रहा है। इस संबंध में मोहल्लावासियों ने 28 मार्च 2025 को अनुविभागीय अधिकारी (रा) और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पंडरिया को लिखित शिकायत सौंपी थी, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

### ग्राम प्रतिनिधियों ने जताई नाराजगी

जल संकट से परेशान वार्डवासियों की ओर से सरपंच सुरेश दिवाकर, पंच राजकुमार तिवारी (वार्ड क्र. 03), टेकराम, अजय शर्मा, रोहित, तिजाऊ, गौकरण, राम भरोस और नवल किशोर ने संयुक्त रूप से आवेदन देकर समस्या के निराकरण की मांग की है।

### जनहित में उठी मांग

ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि सार्वजनिक हेण्डपम्प को पुनः स्थापित कर पानी की सुविधा बहाल की जाए, ताकि मोहल्ला के सभी लोगों को स्वच्छ पेयजल मिल सके।

### प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

अधिकारियों की लापरवाही और समस्या पर गंभीरता न दिखाने से लोगों में भारी नाराजगी है। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीणों द्वारा उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी जा रही है।

# सबका साथ सबका विकास ही हमारा प्रयास : लोकमनी चंद्राकर



पायनियर संवाददाता उतई
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आह्वान पर मोर दुआर साय सरकार अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का मुख्य उददेश्य आवास प्लस 2.0 में पात्र हितग्राहियों को शामिल करना है। इस अभियान के तहत सर्वेक्षण कार्य आज पाटन ब्लाक के ग्राम सावनी से सुरु हुआ। जिसमें मुख्य रूप से पार्टी संगठन द्वारा अधिकृत पूर्व मंडल अध्यक्ष उत्तर मंडल पाटन लोकमनी चंद्राकर उपस्थित रहे। इस दौरान ग्राम के विभिन्न हितग्राहियों के घर जाकर सर्वे का कार्य किया गया। साथ हितग्राहियों से चर्चा कर सर्वे में आवास हेतु नाम जोड़ा गया। चंद्राकर ने उपस्थित सरपंच एव पंच प्रतिनिधियों को निवेदन पूर्वक कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप हर कच्चे मकान वाले को पक्का मकान दिया जाना है, ऐसे हर गरीब एव मध्यम वर्ग परिवार जिनके पास पक्का मकान नही है। इस योजना के लाभ से वंचित न हो। आप सभी इस बात का ध्यान रखे। हर पात्र हितग्राहियों का नाम सर्वे में आ जाए। साथ ही रोजगार सहायक को भी निर्देशित किया कि एक भी पात्र हितग्राही का नाम छूटना नही चाहिए, हमारी सरकार का प्रयास है कि इस महत्वकांक्षी योजना का लाभ वहां अंतिम छोर के व्यक्ति को मिले। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास ही हमारी प्रयास। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रामेश्वरी जांगड़े सरपंच, रमाकांत यदु अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति सावनी, विष्णु रिंगरी बूथ अध्यक्ष, रामानंद चंद्राकर उपसरपंच, हेमंत जांगड़े, राकेश यदु, जयपाल यदु पंच, रानी यदु पंच, राजेन्द्र चंद्राकर, प्रभात पटेल, अनिल पटेल, यशवंत पटेल, पार्वती पटेल, उखा पटेल, श्यामलाल पटेल, भूपेंद्र साहू रोजगार सहायक सहित शासकीय सर्वे टीम के लोग उपस्थित थे।

# जनपद उपाध्यक्ष ने किया आवास प्लस सर्वेक्षण



पायनियर संवाददाता डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

मोर दुवार साय सरकार महाअभियान पखवाड़ा द्वितीय चरण 21 से 28 अप्रैल अंतर्गत विकासखंड के ग्राम पंचायत बनभेडी में जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू द्वारा सगनी बाई चंद्रवंशी का प्रधानमन्त्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत आवास प्लस 2.0 में सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सरपंच, उपसरपंच, वार्ड पंच, विकासखंड समन्वयक, सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। द्वितीय चरण अंतर्गत जनजागरूकता हेतु ग्राम पंचायत सचिव उमेश देवांगन द्वारा शासकीय उचित मूल्य की दुकान में ग्रामवासियों के जागरूकता एवं प्रचार प्रसार हेतु आवास प्लस सर्वेक्षण के संबंध में दीवार लेखन कराया गया है।

# हसदा सोसायटी में खाद एवं नगद ऋण वितरण प्रारंभ




पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

अंतरास्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्यादित हसदा पंजीयन क्रमांक 2033 में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के निर्देशानुसार किसानों को खरीफ वर्ष 25 हेतु खाद एवं नगद ऋण वितरण प्रारंभ हो गया है। प्रबंधक देवलाल सिन्हा ने बताया कि समिति में पर्याप्त मात्रा में खाद बीज उपलब्ध है। प्रारंभिक दौर में प्रथम दिवस में कुल 59 किसानों को 17.24 लाख का नगद एवं खाद ऋण 0% ब्याज दर पर प्रदान किया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष प्रकाश वर्मा सहित बड़े संख्या में किसान उपस्थित थे।

# पाहन्दा में भक्त माता कर्मा जयंती का आयोजन



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम पाहन्दा में श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता के प्रतीक भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती महोत्सव का आयोजन अत्यंत भव्यता एवं श्रद्धाभाव के साथ किया गया। इस पावन अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम की शुरुआत में विधायक साहू ने भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं मंगल की कामना की। जयंती महोत्सव के दौरान सारा पंडाल भक्त माता कर्मा की जय के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो उठा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में पायल साहू की मधुर स्वर लहरियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने संबोधित करते हुए कहा, भक्त माता कर्मा केवल एक धार्मिक व्यक्तित्व नहीं थीं, बल्कि वे समाज सुधार, भक्ति और सेवा का प्रतीक थीं। उन्होंने जो आदर्श प्रस्तुत किया, वह आज भी हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत है। साहू समाज ने हमेशा परिश्रम, निष्ठा और ईमानदारी की मिसाल पेश की है।÷ उन्होंने यह भी कहा कि आज जब साहू समाज का ही एक बेटा तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में सेवा दे रहा है, तो यह समाज की मेहनत और मूल्यों की विजय है। विधायक साहू ने समाज की एकता, परिश्रम और समर्पण को सराहते हुए कहा कि साहू समाज अपने साथ समाज के अन्य वर्गों को लेकर चलने वाला, समावेशी और कर्मशील समाज है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश तिवारी, जनपद उपाध्यक्ष बेरला शुभम वर्मा, तहसील साहू संघ अध्यक्ष सूर्यकान्त साहू, बृजेश शर्मा सहित साहू समाज के अनेक पदाधिकारी, सामाजिक बंधु एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन ने सामाजिक समरसता, परंपराओं के संरक्षण एवं युवा पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने की दिशा में एक प्रेरणादायी मिसाल पेश की।

# खरीफ-2025 हेतु अनुसंधान एवं शिक्षा विस्तार परिषद की बैठक सम्पन्न

## कृषि उन्नयन के लिए छोटे स्तर पर अनुसंधान पर दिया गया जोर

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ढोलिया स्थित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में खरीफ-2025 के लिए अनुसंधान परिषद एवं शिक्षा विस्तार परिषद की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर ने अपने उदबोधन में भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए यह बताया कि किस प्रकार आने वाले समय में छोटे स्तर पर अनुसंधान कर क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुसार कृषि क्षेत्र में सुधार किया जा सकता है। उन्होंने जिले की भौगोलिक एवं कृषि संबंधी विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि एक समय था जब यह जिला दलहन उत्पादन में अग्रणी था, किंतु समय के साथ किसानों की रुचि में गिरावट आई है, जिसे पुनः जाग्रत करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केंद्र के समस्त वैज्ञानिकों ने बीते वर्ष की अनुसंधान उपलब्धियों को साझा किया तथा आगामी अनुसंधान प्रस्तावों और योजनाओं को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया। बैठक में क्षेत्रीय कृषि विकास की दिशा में समन्वित प्रयास करने एवं अनुसंधान कार्यों को किसानों तक पहुंचाने पर बल दिया गया, जिससे खरीफ-2025 की फसलों में गुणवत्ता एवं उत्पादन क्षमता में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर पेंटिंग-पोस्टर के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पृथ्वी दिवस पर डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के छात्रों ने विश्व पृथ्वी दिवस थीम हमारी शक्ति हमारा ग्रह विषय पर छात्रों ने पेंटिंग के जरिये अपनी भावनाओ को उकेरा, यह संदेश दिया है की पर्यावरण से किये गए खिलवाड़ का नतीजा है पृथ्वी वेंटिलेटर पर है। डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता, बेमेतरा में विश्व पृथ्वी दिवस पर चित्र कला, पेंटिंग पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन रखा गया। साथ ही विद्यालय में अनेको गतिविधियां भी कराई गई, स्कूल के छात्र-छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया है। संस्था के प्राचार्य पी एल जायसवाल ने आयोजन के बारे मे बताया कि विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में, हमारी शक्ति हमारा ग्रह के साथ सांसे हो रही हैं कम, आओ पेड़ लगाए हम थीम को लेकर पेटिंग पोस्टर की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। विद्यालय के कक्षा प्रथम से लेकर कक्षा 10 तक के छात्र छात्रों ने इसमे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया यह प्रतियोगीता विशेष रूप से समाज कल्याण व देश हित के साथ हमारे आस पास के लोगो को भी सजह सतर्क व जागरूक करने के साथ पृथ्वी दिवस के प्रति जागरूकता ला सके इसी उददेश्य से इसका आयोजन कराया गया है। सभी प्रतिभागीयों को मैडल व सर्टिफिकेट उत्कृष्टता प्रमाण पत्र दिया गया।

### छात्रों ने पेंटिंग के जरिये ऐसा दिया सन्देश

कुछ छात्रों ने अपने पेंटिंग में वेन्टीलेटर पर पृथ्वी को दिखाया है, उन्होंने सन्देश देने की कोशिश किया है कि बगैर पेड़ लगाए, पर्यावरण की रक्षा किये बगैर लगातार दोहन से पृथ्वी वेन्टीलेटर पर है। हमें ही तय करना होगा कि हम किस युग में जीना चाहते हैं? एक ऐसे युग में जहां दूषित हवा से ढेर सारी खतरनाक बीमारियों होगी या फिर ऐसे युग में जहां खुलकर शुद्ध हवा का आनंद लेकर एक स्वस्थ जीवन जी सकें। कुछ छात्रों ने बीमार पृथ्वी के कारणों पर प्रकाश डालते हुए पेंटिंग तैयार किया है।बताया है कि तमाम तरह की सुख-सुविधाएं और संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों के कारण पूरी दुनिया ग्लोबल वॉर्मिंग की भयावह समस्या से त्रस्त है। इसलिए पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों में जागरूकता पैदा करने और पृथ्वी को बचाने के संकल्प लेना होगा। कुछ छात्रों ने जल संकट की गम्भीरता को देखते हुए छात्र छात्राओं ने भी पेंटिंग व पोस्टर के माध्यम से जल संरक्षण को उकेरा हैं। इन छात्र छात्राओं में पेंटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा नवमी से प्रथम लिकेश एवं लक्ष्मण द्वितीय रुद्र चंद्राकर, दुष्यंत देवांगन, एवं आयुष साहू कक्षा आठवीं प्रथम मान्या मिश्रा, द्वितीय अनुराग गुप्ता व तृतीय सुयश मिश्रा, कक्षा सातवी से प्रथम अभिज्ञान सिंह ठाकुर एवं रुद्र कुमार द्वितीय दीक्षा साहू तृतीय आरोही शर्मा एवं अर्चिता कक्षा छटवीं से प्रथम निशात साहू द्वितीय पियुष पटेल व तृतीय निलय जायसवाल, निकुंज जायसवाल व अर्मान दीप कक्षा पाचवीं प्रथम सागर बघेल, द्वितीय धवल दिलीवार तृतीय हर्षित साहू व उमेन्द्र केशरी कक्षा चौथी से गुरलीन कौर व एकता चंद्राकर, कक्षा तीसरी प्रथम महक बघेल, व प्रणव मांडले, द्वितीय आल्या केशरी, कक्षा दूसरी से प्रेरणा दुबे, कक्षा प्रथम कौशल साहू, इन सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया व इन विद्यार्थियों ने अपने पेंटिंग्स से समाज मे एक संदेश देने की कोशिश किया हैं कि समय रहते हम पृथ्वी के प्रति जागरूक हो जाए। अन्यथा हमें आगे इसका दुष्प्रभाव बहुत भयानक होंगी। प्रचार्य पी एल जायसवाल ने सभी छात्रों को एक पेड़ जरूर लगाने के सलाह दिए हैं। साथ ही विश्व पृथ्वी सप्ताह 22 अप्रैल से 30 अप्रैल तक मनाने के घोषणा किए हैं प्रतिदिन अलग अलग प्रतियोगिता व गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता लाने हेतु सन्देश दिया जाएगा। विद्यालय से शिक्षक ललित देवांगन, अखिलेश पटेल, अनिल चन्द्रवंशी, कैलाश सिंह ,गोविंद साहू, राजा तन्तुवेय, छोटू राम साहू, निशु गुप्ता, आयुषी जैन, दीपिका वर्मा, मनीषा सोनी, रितिका साहू, रेणुका पटेल, सरिता साहू,अभिषेक दुबे, नम्रता चतुर्वेदी, उमेश साहू, मधुस्मिता बेहेरा, कुसुम साहू, देवीका जैन, विजय चंद्राकर, युवराज चंद्राकर रुकमणी, रामेश्वरी, युवराज़ सहित पालको ने बच्चों के सराहना किए हैं।

# दिल्ली में आयोजित वन नेशन वन इलेक्शन समिट में नीतू कोठारी लेगी हिस्सा

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नई दिल्ली स्थित डॉ.अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित होने जा रहे यूथ फॉर वन नेशन वन इलेक्शन समिट में देश भर के प्रमुख विश्वविद्यालयों के छात्र नेताओं का जमावड़ा होगा। इस समिट में 35 वर्ष से कम उम्र के युवा नेता हिस्सा लेंगे, जिन्हें छात्र राजनीति में अच्छा-खासा अनुभव रहा है। छत्तीसगढ़ से कुल 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल इस समिट में भाग लेगा। इसमें बेमेतरा की नीतू कोठारी प्रमुख रूप से शामिल है। गौरतलब है कि नीतू कोठारी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में नगर छात्रा सह प्रमुख, नगर सहमंत्री, नगरमंत्री से लेकर पी.जी. कॉलेज बेमेतरा की छात्रसंघ अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा चुकी है। विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव जैसे महत्वपूर्ण आंदोलनों का नेतृत्व कर चुकी है। वर्तमान में नीतू कोठारी नगर पालिका बेमेतरा की सक्रिय पार्षद है। उनके दिल्ली समिट में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने पर छात्रनेताओं और युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। इस समिट में देश के केंद्रीय मंत्री वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर अपने विचार, प्रस्ताव और सुझाव प्रस्तुत करेंगे।

# सभी अधिकारी-कर्मचारी बालोद जिले को अग्रणी बनाने में अपनी बहुमूल्य भागीदारी सुनिश्चित करें: कलेक्टर मिश्रा

## नवपदस्थ कलेक्टर ने परिचयात्मक बैठक लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com

नवपदस्थ कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारी पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर बालोद जिले को प्रत्येक क्षेत्रों में अग्रणी बनाने हेतु बहुमूल्य भागीदारी सुनिश्चित करें। दिव्य मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय में पहुँचने के पश्चात् सर्वप्रथम जिला स्तरीय अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक लेकर जिले में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त किया। नवपदस्थ कलेक्टर ने जिले के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी पूरे लगन एवं प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए निर्धारित समयावधि में शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। जिससे कि आम जनता एवं समाज के जरूरतमंद तथा अंतिम पंक्ति के लोगों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से बारी-बारी से परिचय प्राप्त कर उनके विभागीय कार्यों के संबंध में जानकारी ली। नवपदस्थ कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने कहा कि जिलाधीश के रूप में पहली बार उन्हें कार्य करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। बैठक में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक एवं नूतन कंवर सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने जिले में शिक्षा गुणवत्ता को बेहतर बनाने हेतु कार्य करने की कही बात

बैठक में नवपदस्थ कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि वर्तमान में राज्य शासन की विशेष प्राथमिकता वाले एवं महत्वाकांक्षी कार्य सुशासन तिहार का जिले में सफलतापूर्वक संपादन सुनिश्चित करना हम सभी की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को सुशासन तिहार के दौरान अपने-अपने विभागों से संबंधित प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर उनके समुचित निराकरण की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### स्वास्थ्य सुविधा का लाभ सुनिश्चित कराने हेतु जरूरी उपाय करने के निर्देश

बैठक में कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला चिकित्सालय बालोद के अलावा जिले में संचालित कुल सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या एवं वहाँ पर उपलब्ध सुविधाओं एवं मानवीय संसाधनों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ सुनिश्चित कराने हेतु जरूरी उपाय करने के भी निर्देश दिए। दिव्या मिश्रा ने नियमित रूप से फील्ड विजिट कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने की बात भी कही।

### जल जतन अभियान के अंतर्गत कार्यों का करेंगी अवलोकन

जिला खनिज अधिकारी से जिले में खनिज पदार्थों के अवैध भण्डारण, परिवहन एवं उत्खनन रोकने हेतु की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली। बैठक में उन्होंने नगरीय प्रशासन विभागों के कार्यों के अंतर्गत जिले में स्वच्छ भारत मिशन के तहत किए जा रहे कार्य के अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्य के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी से जिले में कुपोषण की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपाय के संबंध में जानकारी ली। नवपदस्थ कलेक्टर ने महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से जिले में संचालित कुल औद्योगिक इकाईयों के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग से जिले में स्थित कुल वृहद, मध्यम, लघु जलाशयों की संख्या एवं वर्तमान में जल भराव की स्थिति के संबंध में भी जानकारी ली।

# बचपन प्ले स्कूल में मनाया गया वर्ल्ड अर्थ डे





पायनियर संवाददाता ‹ मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com

शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय बचपन प्ले स्कूल में वर्ल्ड अर्थ डे मनाया गया। प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। भारत सहित लगभग 195 ज्यादा देश पृथ्वी दिवस मनाते हैं। पृथ्वी दिवस मनाने की शुरुआत सन 1970 में हुई थी। पृथ्वी पर वायु, जल, मिटटी, सूर्य का प्रकाश अनुकूल तापमान समेत जीवन जीने के लिए सभी प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध है। पृथ्वी केवल इंसानों के लिए ही नहीं बल्कि जीवो के लिए भी जीवन दाहिनी है। पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य यह है कि लोगों को जागरूक किया जाए पृथ्वी को संरक्षित किया जाए पृथ्वी में उपस्थित सभी प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग जरूरत के हिसाब से हो उन्हें पूरी तरह संरक्षित किया जाए। और क्षति होने से बचाया जाए जब प्रदूषण ग्लोबल वार्मिंग जंगलों की कटाई जैसे समस्याएं बढ़ रही है। इन समस्याओं के लिए पृथ्वी दिवस मनाने का महत्व और भी बढ़ जाता है। पृथ्वी दिवस मनाने का उददेश्य लोगों को पर्यावरण की समस्या जैसे- हवा, पानी का प्रदूषण, प्लास्टिक का कचरा, पेड़ों की कटाई के बारे में लोगों को जागरूक करना है। हमें धरती को बचाना है। विद्यालय की काउंसलर सोनाली दास ने बच्चों को बताया कि हमें पर्यावरण को संरक्षित करना है। पेड़ों की कटाई को रोकना है, एवं पृथ्वी को प्रदूषित होने से रोकना इसके लिए हम सभी को जागरूक होने की जरूरत है। हमें स्वयं के साथ-साथ दूसरों को भी प्रेरित करना है। कि वह पृथ्वी को संरक्षित करें एवं प्रदूषित होने से रोके। कार्यक्रम का संचालन कर रही विद्यालय की शिक्षिका राशि गुप्ता ने सभी छात्र-छात्राओं को पृथ्वी को संरक्षित करने हेतु विभिन्न उपायों को विस्तार से समझाया एवं कार्यक्रम का सफल संचालन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं वैष्णवी जायसवाल, आरिका खान, साधना सिंह, शिल्पी सिन्हा, रेखा दोहरे, बी साई प्रिती, राधा पांडे, प्रियंका सिंह, रुचि सेन, सबा परवीन, नंदिनी साहू, शालिनी वर्मा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# विधायक ललित चंद्राकर की माता पूर्णिमा चंद्राकर को मुख्यमंत्री सहित सैकड़ों लोगों ने दी नम आंखों से अंतिम विदाई

पायनियर संवाददाता ‹ उतई
www.dailypioneer.com





दुर्ग ग्रामीण विधायक एवं राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर की माता पूर्णिमा चंद्राकर 80 वर्ष का सोमवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गमगीन माहौल में शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। जहां भाजपा नेता, कार्यकर्ता, शुभचिंतक के अलावा दुर्ग ग्रामीण व दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे और उन्हें नम आंखो से श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व. पूर्णिमा चंद्राकर के निधन पर सीएम विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, अरुण साव, केबिनेट मंत्रीगण, दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, साजा विधायक ईश्वर साहू, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, दुर्ग महापौर अल्का बाघमार, दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व विधायक लाफ चंद बाफना, दुर्ग भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री उपकार चंद्राकर सहित भाजपा-कांग्रेस के जन प्रतिनिधियों व विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनो द्वारा शोक व्यक्त किया गया।

# साड़ी चोरी के मामले को लेकर गहराया विवाद, पति ने बॉक्साइड से कुचलकर पत्नी को मारा

## बगीचा पुलिस ने सूचना के चंद घंटों में सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




बगीचा थाना क्षेत्र के ग्राम सुलेशा के कोटवार, सर्वनाथ राम के द्वारा थाना बगीचा में सूचना दिया गया कि सुलेशा के रोपाक्यारी नाला के गड्ढे किसी महिला का शव सड़ी गली अवस्था में पड़ा हुआ, देखने पर लगभग चार पांच दिन पुराना लग रहा है, सूचना पर थाना बगीचा पुलिस के द्वारा तत्काल मामले के संबंध में पुलिस अधिकारियों को अवगत कराते हुए, पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देश में फॉरेंसिक टीम के साथ, घटना स्थल पर जाकर निरीक्षण किया गया, ग्रामीणों के माध्यम से शव की पहचान करवाई, गई, तो पता चला कि उक्त शव गांव की बसंती बाई की है, पुलिस के द्वारा शव का पंचनामा करने पर, प्रथम दृष्टिया मामला हत्या का प्रतीत होने पर, मृतिका बसंती बाई के शव का डॉक्टर से पोस्ट मार्डम कराया गया, शॉर्ट पोस्टमार्डम रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा मृत्यु का कारण, सिर पर किसी वस्तु से वार से लगी चोट के कारण हत्यात्मक लेख करने पर ,पुलिस के द्वारा हत्या के लिए थाना बगीचा में बीएनएस की धारा के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान पुलिस को पता चला कि मृतिका को आखिरी बार अपने पति के साथ देखा गया था, जिस पर पुलिस को पहला संदेह मृतिका बसंती बाई के पति ढुलू राम पर गया, जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर पहले वह पुलिस को गुमराह करने की कोशिश कर रहा था,। परंतु पुलिस की मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर आरोपी पति ढुलू राम टूट गया और बताया कि मृतिका बसंती बाई, को तीन वर्ष पहले ही अपनी पत्नी बनाकर रखा था, बीते गुरुवार 17.04.25 को वह गांव में ही अपनी पत्नी मृतिका बसंती बाई के साथ अपने भतीजे की शादी की चुमावन कार्यक्रम में गया था, उसी दिन शाम को शादी घरवालों से पता चला कि उसकी पत्नी बसंती, चावल, 02 नग साड़ी और तेल चोरी करके ले जा रही है। जिस पर आरोपी ढुलू राम मृतिका बसंती बाई को खोजते हुए जंगल की ओर गया, जहां शाम करीबन 07.00 बजे के लगभग, दोनों के बीच समान चोरी की बात को लेकर विवाद हुआ, जिस दौरान आरोपी ढुलू राम आवेश में आ कर वहीं पड़े बॉक्साइड के पत्थर से अपनी पत्नी बसंती बाई के सिर में प्राणघातक हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शराब के नशे में होने के कारण आरोपी ढुलू राम भी वही किनारे सो गया था, सुबह नींद खुलने पर लाश को गड्ढे में पत्तों से छिपा दिया था और वहां से भाग गया था। पुलिस के द्वारा आरोपी ढुलू राम की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त बॉक्साइड के पत्थर को भी जप्त कर लिया गया है। मामले में आरोपी ढुलू राम, उम्र 45 वर्ष निवासी महुआ पानी सुलेशा थाना बगीचा, जिला जशपुर (छ. ग) के द्वारा अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त अपराध सबूत पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

# जिले में गौ तस्करी रोकने पुलिस विभाग को दिए निर्देश

- गौ संरक्षण की दिशा में सरकारी अधिकारियों को कार्य करने आयोग अध्यक्ष ने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल ने 21 अप्रैल को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन सहित संबंधित विभागों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में बैठक ली। बैठक में उन्होंने गौ संरक्षण, गौ संवर्धन, गौ उत्पाद और हर घर गौ पालन के प्रति जागरूकता लाने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने पशु चिकित्सा विभाग, पंचायत विभाग, नगरीय निकाय सहित सभी संबंधित विभागों को जमीनी स्तर पर गाय के विभिन्न महत्व को बताते हुए आमजन को जागरूक करने कहा। छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल द्वारा बैठक में गौ माता के विभिन्न महत्व के बारे में बताया गया। उन्होंने गायों के लिए आश्रय स्थल की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा विभागीय अधिकारी कर्मचारी और स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से भी जन-जन को जमीनी स्तर पर गाय के महत्व को समझाने और जागरूक करने कहा। उन्होंने पुलिस विभाग को गायों की तस्करी पर विशेष निगरानी रखते हुए इसे रोकने के लिए सजगता से कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने गौ सेवा के लिए सक्ती जिले में बेहतर कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन, पशु चिकित्सा विभाग, नगरीय निकाय, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, गौ शाला संचालनकर्ता, गौ सेवक सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# कवर्धा में भीषण गर्मी से आंगनवाड़ी बच्चों का हाल बेहाल बदहाल भवनों और सुविधाओं की कमी बनी चुनौती


पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com



जिले में पड़ रही भीषण गर्मी ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। तापमान लगातार 47 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहा है, जिससे खासकर छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। जिले में संचालित 1700 से अधिक आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चे चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं के बीच समय बिता रहे हैं। इन केंद्रों का संचालन सुबह 7 बजे से 11 बजे तक किया जा रहा है, जो इस भीषण गर्मी में बच्चों के लिए कष्टदायक बनता जा रहा है। स्थिति और भी गंभीर तब हो जाती है जब यह सामने आता है कि जिले के कई आंगनवाड़ी केंद्र आज भी किराए के जर्जर भवनों में संचालित हो रहे हैं। अधिकांश केंद्रों में न तो बिजली की सुविधा है, न ही पीने का साफपानी और न ही शौचालय जैसी बुनियादी व्यवस्था। ऐसी स्थिति में बच्चों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश है कि आंगनवाड़ी केंद्रों में साल में कम से कम 300 दिन पोषण आहार उपलब्ध कराया जाना चाहिए, लेकिन इन परिस्थितियों में इस आदेश का पालन करते हुए भी बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य का ध्यान रखना एक बड़ी चुनौती बन गई है। अभिभावकों और सामाजिक संगठनों की ओर से मांग की जा रही है कि गर्मी के मौसम में केंद्रों का संचालन समय सीमित किया जाए, या फिर पोषण आहार घर-घर जाकर वितरित किया जाए। इससे बच्चों को गर्मी से राहत मिल सकेगी और स्वास्थ्य संबंधी जोखिम भी कम होंगे। निष्कष-कवर्धा जिले में भीषण गर्मी, बदहाल भवन और मूलभूत सुविधाओं की कमी ने आंगनवाड़ी व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर कर दिया है। अब जरूरत इस बात की है कि प्रशासन बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए केंद्रों के संचालन समय में परिवर्तन करे और आधारभूत सुविधाओं की तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करे।

# महिला जागृति शाखा ने गौशाला में पहुंचकर लगाई फलों की सवामनी





पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com

शहर की मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा की सदस्यों ने 21 अप्रैल को शक्ति शहर की गौशाला जहां की असहाय एवं दुर्घटना की शिकार निशक्त गौ माताओ की सेवा की जाती है, ऐसी गौशाला में पहुंचकर वहां फलों की सवामनी लगाई,इस अवसर पर महिला जागृति के सदस्यों ने जहां स्वयं गौ माताओ को अपने हाथों से फल खिलाये तो वहीं उन्हें चारा खिलाया एवं रोटी भी खिलाई, इस अवसर पर गौशाला के संचालकों को महिला जागृति शाखा ने साधुवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में असहाय एवं निशक्त गौ माताओ की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का काम है, तथा इस सेवा से जहां हम गौ माताओ को संरक्षण देने की दिशा में भी अपना अहम योगदान दे रहे हैं। तो वहीं इस दौरान महिला जागृति शाखा शक्ति की वरिष्ठ सदस्य आशा गोयल ने गौशाला में गौ माताओ की सेवा के लिए प्रतिमाह 500/-रुपये की सहयोग राशि देने की भी घोषणा की, साथ ही इस अवसर पर गौशाला में जन्मे बछड़े का भी नामकरण महिला जागृति शाखा शक्ति के सदस्यों की उपस्थिति में किया गया, तथा 21 अप्रैल को गौशाला में सेवा कार्य के लिए पहुंची महिला जागृति शाखा के सदस्यों में प्रमुख रूप से सदस्य आशा गोयल, अध्यक्ष मीनल अग्रवाल, सचिव दीप्ति अभिषेक सराफ , उपाध्यक्ष मीना दिलीप अग्रवाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष उषा अग्रवाल, रंजना अग्रवाल, रितु अग्रवाल, राखी अग्रवाल, मीनू अग्रवाल, निधि अग्रवाल, सरली अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, सरिता अग्रवाल सहित काफी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

## छात्रों ने प्रस्तुत कीं रचनात्मक गतिविधियाँ, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया अंतरराष्ट्रीय मातृ पृथ्वी दिवस

पायनियर संवाददाता ‹ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com






शहर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय मातृ पृथ्वी दिवस बड़े ही उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा पाँचवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया तथा विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यालय परिसर को विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए आकर्षक पोस्टरों और चित्रों से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण प्रकृति प्रेम से सराबोर हो गया। नर्सरी कक्षा के बच्चों ने बीज रोपण कर हरियाली का महत्व बताया, वहीं केजी-1 के बच्चों ने हस्तनिर्मित वृक्ष की कलाकृतियाँ प्रस्तुत कीं। केजी-2 के विद्यार्थियों ने पर्यावरण विषय पर संगीतमय नाट्य प्रस्तुति देकर भू-संरक्षण और प्लास्टिक के दुरुपयोग से बचने का संदेश दिया। कक्षा एक से पाँचवीं तक के विद्यार्थियों ने स्लोगन लेखन, पोस्टर निर्माण तथा चित्रकला प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों की रचनात्मकता ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. बसंत कुमार तिवारी ने कहा, विश्व पृथ्वी दिवस न केवल पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता को रेखांकित करता है, बल्कि हमें यह भी सिखाता है कि छोटी-छोटी आदतें बड़े बदलाव ला सकती हैं। बिजली की बचत, पानी का संरक्षण, प्लास्टिक का सीमित प्रयोग और स्वच्छता जैसे प्रयास पृथ्वी को बचाने की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने सभी से पृथ्वी की रक्षा हेतु सजग रहने का आह्वान किया। संस्था की निदेशिका पूनम सिंह ने भी इस अवसर पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, हमें पकृति के प्रति प्रेम, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का भाव सिखाता है। यदि हम आज से ही पर्यावरण की रक्षा के लिए संकल्प लें, तो भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और सुरक्षित पृथ्वी छोड़ सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पृथ्वी को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। विद्यालय द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय मातृ पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह और पर्यावरणीय चेतना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा पाँचवीं तक के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से पृथ्वी के संरक्षण का संदेश दिया। विद्यालय परिसर को विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए रंग-बिरंगे पोस्टरों और चित्रों से सजाया गया, जिससे चारों ओर प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना झलकने लगी। नर्सरी के बच्चों ने बीज रोपण कर हरियाली की अहमियत बताई, जबकि केजी-1 के विद्यार्थियों ने हस्तनिर्मित वृक्ष कलाकृतियों के ज़रिए पर्यावरण से जुड़ाव दर्शाया। केजी-2 के छात्रों ने संगीतमय नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से पृथ्वी के संरक्षण और प्लास्टिक प्रदूषण से बचने का संदेश दिया। कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों ने स्लोगन लेखन, चित्रकला और पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया।

उनकी कलात्मक प्रतिभा और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील सोच ने सभी का मन मोह लिया।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. बसंत कुमार तिवारी ने इस अवसर पर कहा, विश्व पृथ्वी दिवस हमें यह याद दिलाता है कि छोटी-छोटी आदतें भी बड़े बदलाव ला सकती हैं। बिजली और पानी की बचत, प्लास्टिक का सीमित प्रयोग तथा स्वच्छता जैसे प्रयास हमारे पर्यावरण की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने सभी से पृथ्वी को बचाने के लिए सजग और सक्रिय रहने की अपील की।

# जनपद सभापति प्रणव शर्मा घुघुवा में विश्व पृथ्वी दिवस कार्यक्रम में हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ‹ उतई
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत वन एवं पर्यावरण स्थायी समिति के सभापति प्रणव शर्मा स्वामी आत्मानंद स्कूल ग्राम घुघुवा(क) में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर सम्मलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज एक ऐसा दिन है जो हमें न सिर्फ धरती के महत्व का एहसास कराता है, बल्कि उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी सौंपता है। हमारी पृथ्वी केवल एक ग्रह ही नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। हर पेड़, हर बूंद पानी, हर जीव, सब हमारी सांसों से जुड़े हैं, लेकिन आधुनिक जीवनशैली ने इस संतुलन को बिगाड़ दिया है। बढ़ते प्रदूषण, पेड़ पौधों की कटाई, जल की बर्बादी और प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग हमारे भविष्य पर प्रश्नचिह्न लगा रहे हैं। इस पृथ्वी दिवस पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए -वृक्षारोपण करें, प्लास्टिक का प्रयोग कम करें, जल और ऊर्जा की बचत करें। ये छोटे-छोटे प्रयास मिलकर एक बड़ा बदलाव ला सकते हैं। आइए, हम सब मिलकर अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए एक हरित, स्वच्छ और सुरक्षित धरती की ओर कदम बढ़ाएं। उक्त अवसर पर सेजेस घुघुवा(क) के शाला विकास समिति के अध्यक्ष थानेश्वर प्रसाद साहू, पालक समिति के अध्यक्ष प्रशांत शर्मा, प्रभारी प्राचार्य के के पहरी, शिक्षक जे एल वर्मा एवं शिक्षक उपस्त्रथित थे।

# श्रमिकों को मिले समस्त योजनाओं का लाभ : डॉ राम प्रताप सिंह

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में श्रम विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जशपुर जिले में संगठित निर्माण श्रमिकों एवं असंगठित श्रमिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की गई एवं समस्त योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। बैठक में सर्वप्रथम अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह ने श्रम विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया एवं उनके द्वारा किए जा रहे का कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान अध्यक्ष ने कहा की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्रमिकों एवं उनके परिवार के प्रति पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि उनके लिए श्रमिक एवं उनके परिवार का हित सर्वोपरि है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा की श्रमिकों के कल्याण के लिए संचालित शासन की समस्त योजनाओं का लाभ उन्हें मिले। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा मौजूद रहे। बैठक में अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए, जिनमें जिला जशपुर में निर्माण श्रमिकों के कार्यस्थल में कार्यरत निर्माण श्रमिकों का पंजीयन शिविर आयोजित कर पंजीयन कार्य शत प्रतिशत किया जाए। इसके साथ ही जशपुर जिले में पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिन्हें मंडल गठन से अब तक किसी भी योजना का लाभ नहीं मिला है ऐसे श्रमिकों को चिन्हांकित कर मण्डल में संचालित योजनाओं की जानकारी विकासखंडवार संचालित मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र के माध्यम से योजना आवेदन कराने की कार्यवाही करें। जशपुर जिले में पंजीयन के नवीनीकरण व संशोधन संबंधी लंबित आवेदनों को 07 दिवस के भीतर पंजीयन एवं नवकरण की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। जशपुर जिले में निर्माण श्रमिकों हेतु संचालित 30 योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदनों में से लंबित आवेदन को 07 दिवस के भीतर जांच कर लाभान्वित राशि प्रदाय किये जाने हेतु डी.बी.टी. में ऑनलाइन इंद्राज करना सुनिश्चित करें। जिले में शासकीय एवं अशासकीय निर्माण कार्यों पर 01 प्रतिशत उपकर की राशि अनिवार्य रूप से जमा कराने के संबंध में निर्देश प्रसारित कर उपकर संग्रहण संबंधित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं किसी भी निर्माण श्रमिकों के पंजीयन एवं योजनाओं में निशुल्क लाभ प्रदाय करने की कार्यवाही करने एवं किसी भी प्रकार का अनुचित लाभ नहीं लेने के निर्देश दिए। बैठक में श्रम निरीक्षक, श्रम उपनिरीक्षक, कल्याण अधिकारी, कल्याण निरीक्षक एवं श्रम विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# सुशासन तिहार: आवेदन करते ही चखना सेंटर गोगांव पर अतिक्रमण और गन्दगी पर 32800 रूपये जुर्माना

## अवैध ठेला हटाकर की त्वरित कार्यवाही

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com





सुशासन तिहार 2025 के तहत रायपुर नगर पालिक निगम को आम जनता से प्राप्त सभी आवेदनों का महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौड़, आयुक्त विश्वदीप के निर्देशानुसार गुणवत्तायुक्त त्वरित समाधान किये जाने की कार्यवाही सभी जोनों द्वारा प्रतिदिन निरन्तर की जा रही है। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत नगर निगम रायपुर के जोन क्रमांक 1 के स्वास्थ्य विभाग और नगर निवेश विभाग को आवेदन करते ही सम्बंधित नगर निगम जोन 1 के स्वास्थ्य विभाग और नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा तत्काल नगर निगम जोन 1 के तहत आने वाले संत कबीर दास वार्ड क्रमांक 3 के तहत गोगांव में संचालित चखना सेंटर पर स्थल में पहुंचकर गन्दगी और अतिक्रमण से सम्बंधित शिकायत सही मिलने पर नगर निगम जोन 1 अध्यक्ष गज्जू साहू, संत कबीर दास वार्ड पार्षद डॉ. मनमोहन मनहरे, जोन 1 जोन कमिश्नर प्रीति सिंह के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता डी.के. पैकरा, गजाराम कंवर, सहायक अभियंता शरद देशमुख, उप अभियंता सागर ठाकुर, मोहम्मद इम्तियाज अहमद, जोन स्वास्थ्य अधिकारी खेमलाल देवांगन की उपस्थिति में अतिक्रमण कर लगाया गया। अवैध ठेला तत्काल हटाने और गन्दगी और अतिक्रमण को लेकर कुल 32800 रूपये का जुर्माना किये जाने की कार्यवाही करते हुए सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत प्राप्त आवेदन का जोन स्तर पर त्वरित समाधान किया।


# आयुक्त ने तालाब की गन्दगी और कचरा हटाकर सफाई करवाने अभियान चलाने के दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप ने नगर निगम जोन 10 क्षेत्र के अंतर्गत बोरियाखुर्द में गजराजबाँधा तालाब का प्रत्यक्ष निरीक्षण वार्ड पार्षद सुषमा तिलक साहू, विनय प्रताप सिंह ध्रुव, जोन 10 जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, गजराजबाँधा तालाब समिति के पदाधिकारियों, जोन अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में किया। आयुक्त विश्वदीप ने जोन कमिश्नर को निरीक्षण के दौरान तालाब पार में विगत वर्ष लगाए गए सभी पौधों को आवश्यकतानुसार पानी, खाद आदि देकर सुरक्षा और देखभाल का कार्य प्राथमिकता से समाजहित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से करवाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष गजराजबाँधा तालाब के पार में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरुण साव, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह, तत्कालीन निगम आयुक्त जिला धमतरी कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, विशिष्टजनों, गणमान्यजनों, आमजनों ने छायादार पौधों का रोपण किया था। आयुक्त विश्वदीप ने जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे को तालाब पार में सुरक्षित तौर पर जनसहभागिता के माध्यम से अतिरिक्त छायादार पौधों का रोपण समाजहित में पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखकर करवाने के निर्देश दिए है। आयुक्त ने तालाब की गन्दगी और कचरा हटाकर सफाई करवाने अभियान चलाने के निर्देश दिए है। आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम जोन 10 ने तत्काल जेसीबी मांगवाकर गजराजबाँधा तालाब की सफाई का अभियान प्रारम्भ कर दिया है। आयुक्त ने तालाब क्षेत्र में किये जा रहे अवैध कब्जों और अतिक्रमणों को तत्काल अभियान चलाकर हटाने के निर्देश जोन कमिश्नर को दिए है।

# गुडाघाट नदी के पुल का सडक मार्ग जर्जर



पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

गुडाघाट से दगोरी जाने नदी के पुल का सडक अत्यंत जर्जर हो चुका है की इन पर लगे छड़ भी निकल कर बाहर आ चुके है। उक्त मार्ग से सैकडों की संख्या मे आवागमन करने वाले राहगीरों को जर्जर रोड के कारण भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है उक्त बाढ़ के पानी के उपरी बहाव से कटने के कारण अभी तक सम्बंधित विभाग द्वारा इस सडक का मरम्मत नही किया जा सका है। अगर समय रहते इस सडक का मरम्मत नही हो पाता है तो आने वाले बरसात मे स्थिति यथावत रहने कि संभावनाये बढ़ जायेगी। गौरतलब है कि पहले उक्त मार्ग रायपुर बिलासपुर बार्डर हुआ करता था परंतु वर्तमान समय मे बलौदाबाजार जिले का बार्डर है। अगर इस मार्ग के लिये ग्रामीण जन व्यापार हेतु रायपुर जाते है तो उन्हें 100 किलोमीटर दूरी का फासला तय करना पडेगा, जबकि बिलासपुर न्यायधानी के लिए 20 किलोमीटर पडेगा, परंतु सडक मार्ग अत्यंत जर्जर होने से किसी भी अप्रिय घटना के संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

सम्बंधित मामले कि जानकारी लिया जायेगा कि उक्त पुल कि सडक किन के विभाग के अधिकार क्षेत्रांतर्गत आता है, जिसके बाद आगे कि मरम्मत कार्य किया जायेगा।
**आर.के. साहू**
**लोक निर्माण विभाग अधिकारी**

# जल संचय महाभियान की हर स्तर पर हो मॉनिटरिंग : कलेक्टर

## जल संचय वाहिनी का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

जल संचय महाभियान अंतर्गत जल संचय वाहिनी का एक दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण सोमवार को सम्पन्न हुआ। कलेक्टर दीपक सोनी ने ऑनलाइन प्रशिक्षण में शामिल जल संचय वाहिनियों को जल संचय की महत्ता व जल संकट की स्थिति से बचने के उपाय के बारे में जरुरी निर्देश दिये। उन्होंने जिले में चल रहे जल संचय महाभियान अंतर्गत ग्राम पंचायतों में जल संचय वाहिनी के कार्य और जिम्मेदारियों को रेखांकित करते हुए महाभियान की हर स्तर पर मॉनिटरिंग के निर्देश दिये। इस अवसर पर सम्पर्क केंद्र में सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल उपस्थित थीं। कलेक्टर ने कहा कि पानी बचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। वर्षा जल संचयन और पानी के सदुपयोग से जल संकट से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोगों को जल संचय और पानी के सदुपयोग के प्रति जागरूक करने के लिए जिले में 18 अप्रैल से जल संचय महाभियान शुरू किया गया है जो 15 मई 2025 तक चलेगा।

# नगर में सफाई नहीं होने से भारत सरकार द्वारा संचालित स्वच्छ अभियान की उड़ रही धज्जियां

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



वार्ड नंबर 26 में नगर पालिका परिषद द्वारा ठीक से सफाई कार्य नहीं करने की शिकायत टी.ज्योति पार्षद द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष को किया गया था किंतु सफाई प्रभारियों की लापरवाह से ठीक से कार्य नहीं किया जाना भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत अभियान की धज्जियां उड़ाना है। टी.पार्षद द्वारा कहा गया कि मेरे द्वारा नगर पालिका में सफाई अधिकारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी व नगर पालिका अध्यक्ष को जानकारी दिया गया था। यहां पर कुछ महीनो से ई-रिक्शा द्वारा घर के कचरों को उठा कर नहीं ले जाया जा रहा है और दूसरी ओर रेलवे कॉलोनी में भी पूरे रेलवे क्वाटर्स के कचरे को दुर्गा मंच के बाजू में ही डंप किया जा रहा है, जिससे रेलवे स्टेशन के मुख्य मार्ग में कचरा उड़ के हवा से फैल रहा है। पार्षद ने कहा कि कचरे को जलाए जाने का प्रावधान नहीं है फिर भी जलाया जा रहा है, सफाई कर्मचारियों द्वारा पूरे रेलवे क्षेत्र की साफ सफाई सही रूप से नहीं की जा रही है साथ ही नालियों की भी साफ सफाई ठीक से नहीं की जा रही है। बताया गया कि रेलवे द्वारा नगर पालिका में टेंडर प्रक्रिया द्वारा यहां साफ सफाई का कार्यभार सौंपा गया था। लक्ष्मण देवांगन को रेलवे क्षेत्र का प्रभार दिया गया उसे इस कार्य से पद मुक्त करने के लिए व ई रिक्शा द्वारा तत्काल वार्ड 26 में कचरा को ले जाकर एस एल आर सेंटर में डंप किया जाय। टी.ज्योति पार्षद द्वारा इस विषय में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# महिला बाल विकास विभाग ने किया पोषण पखवाड़ा का आयोजन



पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

महिला बाल विकास विभाग के द्वारा संचालित पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। समापन दिवस का आयोजन वार्ड क्रमांक 16 के आंगनबाड़ी केन्द्र में किया गया जहाँ मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद पवेन्द्र कोडप्पा थे, विशेष अतिथि स्वास्थ्य सुपरवाइजर रेखू राम साहू ने पोषण पखवाड़ा के विषय में जानकारी दिया। एनिमिया, छः जानलेवा बीमारी से बचाव के विषय, संपूर्ण पोषण आहार, संतुलित भोजन, गर्भावस्था की देखभाल, गर्भावस्था में जांच, सुरक्षित प्रसव, के विषय में विस्तार से जानकारी दिया। पार्षद ने वार्ड वासियों से अपील किया शासन के जनकल्याणकारी योजना का आप सब लाभ ले। संचालन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेखा साहू ने की। विभाग की सुपरवाइजर रेणु छत्रपाल ने हितग्राहियों से गृह भेंट के दौरान की जाने वाले संप्रेषण के विषय में जानकारी दी। आयोजन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पुष्पा सिंग, रामेश्वरी, तबस्सुम, उत्तरा, शिम्पा, सहायिकागण एवं वार्डवासीगण उपस्थित थे!

# शहीद अरुण केशव सप्रे की जयन्ती पर तैल चित्र के समक्ष पुष्पांजलि

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में रायपुर निवासी भारतीय वायुसेना के टेस्टिंग पायलट स्क्वाड्रन लीडर रायपुर निवासी शहीद राजीव पाण्डेय की 90वीं जयन्ती 23 अप्रेल को प्रातः 10 बजे राजधानी शहर में रायपुर नगर पालिक निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के चतुर्थ तल पर स्थित सामान्य सभा सभागार में शहीद के तैल चित्र के समक्ष उनका सादर नमन करने नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 4 के सहयोग से पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है।

**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)**

**// निविदा निरस्तीकरण सूचना पत्र //**

क्रमांक/142/आ.वि./निर्माण/2025-26 बलौदाबाजार, दिनांक :- 21/04/2025

कार्यालयीन पत्र क्रमांक/3368/आ.वि./निर्माण/2025 बलौदाबाजार दिनांक 12.03.2025 के माध्यम से विभाग द्वारा संचालित छात्रावास/आश्रमों में जीर्णोद्धार/लघुमूल निर्माण एवं उंचीकरण/नवीन विद्युतीकरण कार्य के लिए द्वितीय अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना पत्र जारी किया गया था। कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग के आदेश क्रमांक प्र.अ./ 49585017/सा/2024 नया रायपुर अटल नगर दिनांक 04.02.2025 एवं एफ 21-5/टी/19/2012 दिनांक 11.03.2025 में निहित निर्देश के तारतम्य में निरस्त किया जाता है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास
बलौदाबाजार-भाटापारा

G-252600420/4

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक 649/क./भू.व्यप/अविअ/2025 सरायपाली, दिनांक 17/04/2025

आवेदक रामानुज प्रसाद गुप्ता पिता सरजू प्रसाद गुप्ता निवासी ग्राम झिलमिला तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम बैतारी में स्थित भूमि खसरा नंबर 409/7 रकबा 0.0800 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 01/05/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सरायपाली

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक 654/क./भू.व्यप/अविअ/2025 सरायपाली, दिनांक 17/04/2025

आवेदक डिग्रीलाल पिता सुखदेव निवासी ग्राम नवरंगपुर तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम नवरंगपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 293/5 रकबा 0.2000 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 01/05/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सरायपाली

**कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सुकमा, जिला-सुकमा (छ.ग.)**

**// जोनल निविदा प्रथम आमंत्रण सूचना //**

क्रमांक/31/NIT/व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2025-26 सुकमा, दिनांक 21/04/2025

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित विकासखण्ड सुकमा, छिन्दगढ एवं कोन्टा अंतर्गत सिविल एवं आंतरिक विद्युतीकरण कार्य कराये जाने हेतु जोनल निविदा जोनवार आमंत्रित की जाती हैः-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|
| (1) जोनल निविदा विकासखण्ड सुकमा, छिन्दगढ एवं कोन्टा अंतर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत रू. 25.00 लाख एवं इससे कम लागत के भवन/मंच/पुलिया/बाउंड्रीवाल/नाली/सड़क एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य हेतु (वि.ख.सुकमा हेतु 3 जोन, छिन्दगढ़-4 जोन एवं वि.ख.-कोन्टा-3) | प्रत्येक जोन हेतु 40.00 लाख |
| (2) जोनल निविदा विकासखण्ड सुकमा, छिन्गढ़ एवं कोन्टा अंतर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत भवन निर्माण कार्य जिसमें रू. 25.00 लाख एवं इससे कम लागत के आंतरिक विद्युतीकरण कार्य हेतु | प्रत्येक वि.खण्ड हेतु 40.00 लाख |

**निविदा डाऊनलोड एवं डी.डी. बनाने की अंतिम तिथि :- 30.04.2025**

2. उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेब साईट http:/res.cg.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सुकमा
जिला-सुकमा (छ.ग.)

G-252600394/6

# जयसिंह अग्रवाल ने बालको प्रबंधन की नियम विरूद्ध कार्यशैली से अंचल की गंभीर वायु प्रदूषण की स्थिति पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com

पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने बालको संचालित बिजली घरों से निस्तारित फ्लाई ऐश के निपटान हेतु अपनाई जा रही नियम विरूद्ध कार्यशैली से कोरबा अंचल में लगातार बढ़ रही वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति पर अंकुश लगाने हेतु कोरबा कलेक्टर अजीत बसंत को पत्र लिखा है। कलेक्टर को लिखे पत्र में कहा गया है कि बालको प्रबंधन के ऐश डाईक की भराव क्षमता पूर्ण हो जाने की वजह से बहुत बड़े क्षेत्र की फ्लाई ऐश को उन्मुक्त छोड़ दिया गया है जिसके ऊपर न तो मिटटी की परत चढ़ाई गई है और न ही उसके ऊपर पानी का छिड़काव किया जाता है। परिणाम यह होता है कि तेज हवा चलने अथवा अंधड़ तूफान की स्थिति में व्यापक पैमाने पर ऐश डाईक से फ्लाई ऐश का गुबार उठता है जो समूचे अंचल को अपने आगोश में ले लेता है। इस गुबार की वजह से लोगों का सड़कों पर चलना दूभर हो जाता



है, सड़क दुर्घटनाओं की आशंकाएं बढ़ जाती हैं, आम नागरिकों का सांस लेना दूभर हो जाता है। इस फ्लाई ऐश के वातावरण में घुले होने की वजह से अंचल में अनेक प्रकार के चर्मरोग, श्वास अथवा अस्थमा व फेफड़े की बीमारियों के मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। जयसिंह अग्रवाल ने पत्र में इस बात का भी जिक्र किया है कि संयंत्र से निस्तारित राखड़ के परिवहन हेतु बालको प्रबंधन द्वारा केन्द्रीय प्रदूषण नियामक मण्डल व नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की ओर से निर्धारित मानकों का स्पष्ट उल्लंघन करते हुए मनमाने तरीके से कार्य किया जा रहा है। कोरबा शहर से अन्यत्र जाने वाले किसी भी सड़क मार्ग पर निगाह डालिए फिर वह चाहे जंगल का क्षेत्र हो या सड़कों के किनारे छोटे-बड़े गड्ढे या फिर सुनसान इलाका, रात के समय जहां मौका मिलता है बालको द्वारा राखड़ डम्प करवाया जाता है। बालको प्रबंधन के इस गैर जिम्मेदाराना कृत्य से रूगबहरी, सोनपुरी, रूमगरा, परसाभाठा, बालकोनगर, भदरापारा, बालको हाऊसिंगबोर्ड, बेला कछार, कैलाश नगर, नेहरूनगर, शांतिनगर, लालघाट आदि क्षेत्रों के निवासियों को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। पत्र में यह भी लिखा गया है कि राखड़ के गुबार की वजह से सड़कों के किनारे मकान बनाकर निवासरत परिवारों की हो रही दुर्गति का अंदाजा लगाना है तो प्रशासन को चाहिए कि उनके घरों का एक बार मुआयना अवश्य करे। चिमनियों से निकलने वाले धुंए के संबंध में स्पष्ट है कि दिन में निकलने वाले धुंए की मात्रा निर्धारित मानको के अनुरूप होती है क्योंकि उसे नियंत्रित करने हेतु खर्चीली प्रक्रिया अपनाई जाती है जबकि रात के समय खर्च में कटौती करने की नीति के तहत उस प्रक्रिया का पालन किया जाना आवश्यक नहीं समझा जाता जिसका परिणाम अंचल के लोग भुगतने के लिए लाचार हैं। पत्र के माध्यम से जिला प्रशासन से मांग की गई है कि बालको प्रबंधन द्वारा सड़क मार्ग से परिवहन करते हुए फ्लाई ऐश का निपटान करने के लिए कब-कब और किन-किन क्षेत्रों में ले जाने की अनुमति मांगी गई है और किन-किन अधिकारियों द्वारा अनुमति प्रदान की गई है। यह भी जानकारी मांगी गई है कि बालको प्रबंधन को फ्लाई ऐश का निपटान करने के लिए प्रशासन द्वारा दी गई अनुमति के साथ क्या केन्द्रीय प्रदूषण नियामक मण्डल व नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की ओर से निर्धारित मानकों का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया था अथवा नहीं। जयसिंह अग्रवाल ने पत्र के माध्यम से पूर्व में फ्लाई ऐश के निपटान संबंधी बालको द्वारा नियमों को ताक पर रखकर अपनाई गई कार्यशैली पर अंकुश लगाने हेतु प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी भी मांगी है।

## कूल रहें और स्मार्ट खरीददारी करें अमेजन.इन पर

रायपुर। बढ़ते तापमान के साथ, ठंडा और आरामदायक रहना सर्वोच्च प्राथमिकता है और अमेजन.इन आपको पूरे मौसम में ठंडा और आरामदायक रहने में मदद करने के लिए मौजूद है। ताजा और ऊर्जा बढ़ाने वाले पेय पदार्थों से लेकर, पालतू जानवरों की देखभाल के लिए जरूरी सामान और शिशु देखभाल उत्पादों तक, इस वन-स्टॉप डेस्टिनेशन में तेज़ और विश्वसनीय डिलीवरी की सुविधा के साथ गर्मियों की हर जरूरी चीज की विस्तृत श्रृंखला मौजूद है। ग्राहक अमेजन पे का उपयोग करके अतिरिक्त बचत और सुविधा का भी आनंद ले सकते हैं, प्राइम सदस्यों को 10 लाख से अधिक उत्पादों पर उसी दिन डिलीवरी का आनंद मिलता है। चाहे आप धूप में बाहर जाने की योजना बना रहे हों या घर के अंदर शीतलता पाने के तरीके खोज रहे हों, अमेजन.इन यह सुनिश्चित करता है कि आपको लिक्विड आई.वी., स्लीपी आउल, ग्लूकोन-डी, हिमालय, बैम्बो नेचर, पेटविट और गूफी टेल्स जैसे शीर्ष ब्रांडों से सभी आवश्यक उत्पाद सीधे आपके घर के दरवाजे तक पहुंचाई जाएं।

# डिज़्नीलैंड मेला रावांभाठा ग्राउंड में शुरू, कश्मीर सिटी बना नया आकर्षण

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



रावनभाटा मैदान, अतर्राज्यीय बस स्टैंड के पास, भाटागॉव में डॉ राजेश्री महन्त रामसुंदरदास महाराज के मुख्य आतिथ्य में डिज्नीलैंड मेला का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर फिरोज अख्तर भी उपस्थित थे। मेले को काफी अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। ज्ञात हो कि डिज़्नीलैंड मेले में कश्मीर सिटी के नाम से एक नया और अनोखा आकर्षण जोड़ा गया है। यह विशाल डोम, जो 2000 वर्गफीट से भी अधिक क्षेत्रफल में फैला हुआ है, लोगों को कश्मीर की वादियों का जीवंत अनुभव कराता है। डोम के भीतर प्रवेश करते ही पर्यटक खुद को कश्मीर की ठंडी वादियों में महसूस करते हैं। बर्फ से ढके पहाड़, कल-कल बहते झरने, नीली नदियाँ—इन सभी को इतनी खूबसूरती से दर्शाया गया है कि दृश्य सजीव प्रतीत होते हैं। इसके अलावा, यहां पेंगुइन, सील मछली, ध्रुवीय भालू, शार्क, हिरण, भेड़िया जैसे विभिन्न जानवरों की बेहद आकर्षक प्रतिकृतियाँ भी प्रदर्शित की गई हैं, जो बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को मंत्रमुग्ध कर देती हैं। कश्मीर सिटी निस्संदेह डिज़्नीलैंड मेले का प्रमुख आकर्षण बन चुका है, जिसे देखने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। इसके अलावा इसमें बच्चों के फन जोन का विशेष ध्यान रखा गया है। मेले में बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले स्क्रीम टॉवर, जाएंट व्हील, ब्रेक डांस झूला, कोलंबस झूला, सिलंबो झूला, डेशिंग कार और ड्रैगन झूला समेत एरो प्लेन, मिनी ट्रेन, कार झूला, मिकी माउस आदि का आनंद ले सकते हैं। इस आयोजन में क्राफ़्ट बाजार का एक अलग ही सेक्शन है जहां देश भर के बुनकरों के हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, लाईफ स्टाईल, होम डेकोर, फर्नीचर, एसेसरीज कॉस्मेटिक व होम एप्लायंसेस की विशाल रेंज रखी गई है। आयोजन में स्वाद प्रेमियों के लिए फूड जोन भी है जिसमें स्वादिष्ट फूड के अनेक स्टॉल है। ज्ञात हो कि इस बार मेले में ख़ास तैयारी की गई है जो कि मेले के लुक में भी देखने को मिलेगा। मेले का समय रोज़ाना शाम 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक है।

# सीएमए किक बॉक्सिंग एकेडमी में खिलाड़ियों का हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण







पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में सीएमए किकबॉक्सिंग एकेडमी डीडीएम रोड कोरबा में किकबॉक्सिंग खिलाड़ियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया।

एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा ने बताया कि एकेडमी में किकबॉक्सिंग, मार्शल आर्ट खेल, आत्मरक्षा,जनरल फिटनेस प्रशिक्षण के साथ साथ समय समय पर खिलाड़ियों के शारीरिक, बौद्धिक एवं नैतिक विकास हेतु विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जाता है, इसी तारतम्य में छत्तीसगढ .किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के पत्राचार पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा खिलाड़ियों के हित में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

कैडेट, जूनियर एवं सीनियर वर्ग बालक बालिका खिलाड़ियों का चेक उप डॉ. राजेश जायसवाल एवं उनकी टीम के द्वारा किया गया। इस हेतु एसोसिएशन ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ के एन केसरी, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ दीपक राज, डॉ राजेश जायसवाल एवं टीम को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित कर आभार जताया। इस अवसर पर एकेडमी की संचालिका प्रीती मिश्रा, प्रशिक्षकगण जुनैद आलम, अंकुश लाल यादव, प्रभात साहू, अशोक साहू, लोकिता चौहान, रमेश साहू, शुभम यादव, खिलाड़ी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# फ्लैट स्टील आयात पर 12 प्रतिशत सेफगार्ड ड्यूटी आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऐतिहासिक कदम : नवीन जिन्दल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



केंद्र सरकार ने घरेलू इस्पात उद्योग की सुरक्षा के लिए फ्लैट स्टील उत्पादों के आयात पर 12% सेफगार्ड ड्यूटी लगा दी है, जो 21 अप्रैल से अगले 200 दिनों तक प्रभावी रहेगी। इस कदम का उद्देश्य चीन, दक्षिण कोरिया और जापान से सस्ते स्टील आयात को नियंत्रित करना है, जिससे घरेलू इस्पात निर्माताओं को राहत मिले। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ ट्रेड रेमेडीज़ द्वारा की गई जांच में पाया गया कि उपरोक्त देशों से स्टील आयात से घरेलू उद्योग को 'गंभीर नुकसान' हो रहा था। गौरतलब है कि भारत, जो दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कच्चा इस्पात उत्पादक देश है, वित्त वर्ष 2024-25 में तैयार स्टील का शुद्ध आयातक देश बन गया और कुल आयात 95 लाख टन के साथ 9 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इस फैसले का भारतीय इस्पात संघ (आईएसए) और देश के प्रमुख उद्योगपतियों ने स्वागत किया है। भारतीय इस्पात संघ के अध्यक्ष और जिन्दल स्टील एंड पावर के चेयरमैन नवीन जिन्दल ने इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मील का पत्थर करार दिया है। उन्होंने कहा, हम सरकार के इस निर्णायक कदम के लिए आभारी हैं कि फ्लैट स्टील उत्पादों पर 12% सेफगार्ड ड्यूटी लगाई गई है, जो कि अव्यावहारिक कीमतों पर आ रहे आयात को रोकने के लिए बेहद आवश्यक था। सरकार का यह सहयोग निवेशकों को 2030 तक 300 मिलियन टन की क्षमता निर्माण के लक्ष्य की ओर एक नए जोश के साथ काम करने के लिए प्रेरित करेगा और आत्मनिर्भर भारत तथा विकसित भारत के निर्माण के लिए अग्रसर करेगा। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और इस्पात व इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के प्रति अटूट समर्थन के लिए उनका धन्यवाद करते हैं। टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया और जिन्दल स्टील एंड पावर जैसी कंपनियों को इस निर्णय से सीधे लाभ की उम्मीद है। लगातार दूसरे वर्ष स्टील का शुद्ध आयातक बन जाना, देश के इस्पात क्षेत्र के लिए चिंता का विषय बन गया था। ऐसे में यह सेफगार्ड ड्यूटी न केवल एक सुरक्षात्मक उपाय है, बल्कि यह घरेलू विस्तार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए एक रणनीतिक कदम भी है।

# हरित बनो और हरित बचाओ : सुनीता चंसोरिया



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

दुर्गा महाविद्यालय में भूगोल विभाग, इको क्लब, एनएसएस संयुक्त तत्वाधान में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भूगोल विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉक्टर पूर्णिमा शुक्ला ने बैच एवं पौध प्राचार्य को दिया। डॉक्टर पूर्णिमा शुक्ला ने कहा कि हरियाली तभी आएगी जब पेड़ पौधों की रखवाली होगी। पर्यावरण को स्वच्छ बनाना है तो सिंगल युज प्लास्टिक का उपयोग हमें नहीं करना है। सुनीता चंसोरिया ने कहा कि 2025 का थीम है हमारी शक्ति हमारा ग्रह इस पृथ्वी दिवस पर हमें तपती हुई धरती को बचाने के लिए नवीनीकरण ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ावा देना है प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को बढ़ावा देना है। पर्यावरण से जुड़ी समस्या जैसे दूषित हवा, जल, सिंगल युज प्लास्टिक, पेड़ों की कटाई के प्रति जागरूकता लाना है सप्ताह में एक दिन गाड़ी ना चला कर साइकिल चलाना जल बचाना है। ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर उनकी देखभाल करना है। कार्यक्रम में प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रही, जिन्हें सकोरे एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के अंतर्गत कपड़े के थेलों का वितरण भी किया गया।

## पॉलीकैब इंडिया ने फैन कैटेगरी में अपनी पकड़ मजबूत की; सुपर आरओआई फैंस लॉन्च किए, बेहतरीन एयर डिलीवरी, शानदार बचत

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

इलेक्ट्रिकल सॉल्यूशंस में अग्रणी कंपनी पॉलीकैब इंडिया फैन कैटेगरी में अपनी उपस्थिति को और मजबूत कर रही है। कंपनी ने सुपर आरओआई फैंस की नई रेंज लॉन्च की है, जो इस श्रेणी में रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट (आरओआई) के नए स्टैंडर्ड कायम करेगी। यह रेंज शानदार प्रदर्शन, ऊर्जा दक्षता और आधुनिक डिज़ाइन का बेहतरीन तालमेल प्रस्तुत करती है। बढ़ती ऊर्जा लागत और विकसित हो रही उपभोक्ता प्राथमिकताओं के साथ, पॉलीकैब नए और आधुनिक ऐसे समाधान देने के लिए समर्पित है जो ग्राहकों के लिए उनके पैसों का बेहतर मूल्य सुनिश्चित करते हैं। पॉलीकैब के सुपर आरओआई फैंस बीएलडीसी तकनीक से लैस हैं, जो 50% तक बिजली की बचत करने में सक्षम हैं। इसके कुछ विशेष बीएलडीसी मॉडल 25% अधिक एयर डिलीवरी प्रदान करते हैं। रिवर्स रोटेशन की सुविधा सर्दियों में भी आरामदायक माहौल बनाए रखने में मदद करती है।



100% कॉपर वाइंडिंग मोटर से निर्मित ये पंखे लंबे समय तक साथ निभाते हैं। ये पंखे 4 साल की वारंटी के साथ आते हैं। ये आधुनिक डिज़ाइन में 30 से अधिक रंगों में उपलब्ध हैं, जो आपके होम डेकोर को और सुंदर बनाते हैं। सुपर आरओआई पंखे अपने ग्राहकों को रिटर्न ऑन परफॉर्मेंस, रिटर्न ऑन टेक्नोलॉजी और रिटर्न ऑन प्रोडक्ट का वादा करते हैं, जिससे यह एक स्मार्ट और लाभदायक निवेश बन जाता है। बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, पॉलीकैब ने फैन कैटेगरी में बड़े पैमाने पर निवेश किया है। कंपनी ने 9 मिलियन से अधिक फैंस के उत्पादन की क्षमता वाला एक अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित किया है। इस मैन्युफैक्चरिंग प्लांट को एक एडवांस्ड रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर की ओर से सपोर्ट प्रदान किया जाता है।

## ओप्पो ने लॉन्च किया के13 5जी 17,999 रुपये से शुरू होने वाला एक ओवरपावर्ड परफॉरमेंस स्मार्टफोन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

ओप्पो इंडिया ने ओप्पो के13 5जी लॉन्च किया है। यह स्मार्टफोन पॉवर एफिशिएंसी और प्रीमियम यूजर अनुभव के साथ ओवरपावर्ड परफॉर्मेंस प्रदान करता है। इसमें स्नैपड्रैगन 6 जेन 4 मोबाइल प्लेटफॉर्म के साथ 80वाट सुपरवोक फास्ट चार्जर और 7000एमएच की ग्रेफाइट बैटरी दी गई है। यह सेगमेंट में सबसे ज़्यादा वीसी कूलिंग, 120 एचजेड एफएचडी+ एएमओएलईडी डिस्प्ले और इंटेलिजेंट नेटवर्क ऑप्टिमाइज़ेशन के साथ आता है, ताकि बेहतर मल्टीटास्किंग, दिलचस्प गेमिंग, लंबी बैटरी लाइफ और भरोसेमंद कनेक्टिविटी मिल सके। ओप्पो के13 5जी उपयोगी इनोवेशन, आधुनिक इंजीनियरिंग एंड शानदार डिज़ाइन पेश करने की ओप्पो की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है, ताकि यह अपने सेगमेंट में सबसे बेहतर परफॉरमेंस प्रदान कर सके।




ओप्पो के13 5जी 25 अप्रैल से ओप्पो ई-स्टोर और फ्लिपकार्ट पर दोपहर 12 बजे से दो रंगों आइसी पर्पल और प्रिज्म ब्लैक में उपलब्ध होगा। इसके 8जीबी+128जीबी वैरिएंट का मूल्य 17,999 रुपये और 8जीबी+256जीबी वैरिएंट का मूल्य 19,999 रुपये है। इस स्मार्टफोन पर ग्राहकों को केवल सेल के दिन चुनिंदा बैंक ऑफर्स के साथ 1000 रुपये का तत्काल डिस्काउंट या 1000 रुपये का एक्सचेंज बोनस दिया जाएगा, जिससे इसका मूल्य क्रमशः 16,999 रुपये और 18,999 रुपये हो जाएगा। इसके अलावा लॉन्च के ऑफर्स में छह महीने तक की नो कॉस्ट ईएमआई शामिल है, जिससे ओप्पो के13 5जी का मूल्य प्रस्ताव और ज्यादा बेहतर हो गया है।

## एयरटेल ने स्पैम के खिलाफ अपनी लड़ाई को आगे बढ़ाते हुए नए फीचर्स की घोषणा की

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

हाल ही में अपनी एआई आधारित स्पैम डिटेक्शन टूल की शुरुआत के बाद एयरटेल ने दो महत्वपूर्ण नई सुविधाओं की घोषणा की है, जो स्पैमर्स से एक कदम आगे रहने के उद्देश्य से शुरू की गई है। एयरटेल की इस प्रणाली ने अब तक 27.5 अरब से अधिक कॉलों को स्पैम के रूप में पहचानकर उपभोक्ताओं को अलर्ट किया है। अब ग्राहकों को कॉल और संदेश के लिए स्पैम अलर्ट उनकी मनचाही भारतीय भाषाओं में मिलेगा। यह नई सुविधा प्रारंभ में दस क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध होगी और भविष्य में अन्य भाषाओं को भी जोड़ा जाएगा। एयरटेल का एआई आधारित टूल अब अंतरराष्ट्रीय नेटवर्कों से आने वाली सभी स्पैम कॉलों और संदेशों की पहचान कर उपभोक्ताओं को अलर्ट करेगा। जबसे एयरटेल ने देश के भीतर स्पैम कॉलों पर सख्ती बढ़ाई है, तब से स्पैमर्स अंतरराष्ट्रीय नेटवर्कों का सहारा लेकर भारत में फर्जी कॉलों की बाढ़ लाने लगे हैं। इस खतरनाक प्रवृत्ति से पिछले छह महीनों में विदेशी स्पैम कॉल में 12 प्रतिशत की बढ़त देखी गई है।




एयरटेल को उम्मीद है कि ये नई सुविधा इस बढ़ती समस्या को प्रभावी रूप से समाप्त कर देगी। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, सिद्धार्थ शर्मा, निदेशक मार्केटिंग एवं सी ई ओ कनेक्टेड होम्स, भारती एयरटेल ने कहाः हम जो कुछ भी करते हैं, उसमें ग्राहक और उनकी प्रतिक्रिया केंद्र में होती है। ग्राहकों की राय का गहराई से विश्लेषण करने के बाद, हमने अपने समाधानों को भारत की भाषाई विविधता के अनुरूप और अधिक सक्षम बनाया है। साथ ही, जब से स्पैम ट्रैफिक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्कों की ओर ट्रांसफर हुआ है, हमने अपने एआई आधारित टूल को इस दिशा में भी सक्रिय कर दिया है, ताकि सभी अंतरराष्ट्रीय कॉलों और संदेशों की जांच की जा सके। हमारी इंजीनियरों और डेटा वैज्ञानिकों की समर्पित टीम इन सॉल्यूशन्स को लगातार और बेहतर बनाने में जुटी है, ताकि हम किसी भी नए खतरे से पहले ही निपट सकें।

## लैग्नम स्पिनटेक्स ने वित्त वर्ष 25 के नतीजों घोषित किए, टोटल रेवन्यू 38 प्रतिशत बढ़कर 605.56 करोड़ रुपये हुआ

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत में हाई क्वालिटी कॉटन यार्न की लीडिंग कंपनी लैगनम स्पिनटेक्स लिमिटेड ने 31 मार्च, को समाप्त वित्त वर्ष और तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी ने अपने स्ट्रेटेजिक एक्सपेंशन प्रयासों और नए प्रोडक्ट सेगमेंट में डाइवर्सिफिकेशन के कारण महत्वपूर्ण रेवन्यू ग्रोथ हासिल की। उल्लेखनीय रूप से, लैगनम ने 218 करोड़ रुपये कैपिटल एक्सपेंडिचर प्रोजेक्ट को नियोजित समय से पहले चालू कर दिया, इसे 1 अप्रैल 2024 की लक्षित तिथि के बजाय 31 जनवरी 2024 को पूरा किया। नई प्रोडक्यूशन यूनिट, जो अब पूरी क्षमता से काम कर रही है, ने कंपनी को प्रतिस्पर्धी लागत लाभ और रेवन्यू में उल्लेखनीय वृद्धि प्रदान की है, जैसा कि नवीनतम परिणामों में दिख रहा है। वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में, कंपनी का टोटल रेवन्यू रू. 149.65 करोड़ से बढ़कर रू 162.86 करोड़ हो गया, जो 10% की वृद्धि है। तिमाही के लिए प्रॉफिट आफ्टर टैक्स (पैट) में 22% की वृद्धि हुई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में रू 7.3 करोड़ की तुलना में रू 8.54 करोड़ तक पहुँच गया। एबिटा में 64% की वृद्धि हुई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में रू 15.20 करोड़ की तुलना में रू 24.91 करोड़ हो गया। वित्त वर्ष 25 के परिणाम देखे तो, टोटल रेवन्यू रू 437.50 करोड़ से बढ़कर रू 605.56 करोड़ हो गया, जो 38% की वृद्धि है। वही, एबिटा में 45% की वृद्धि हुई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में रू 45.37 करोड़ की तुलना में रू 65.68 करोड़ हो गया। एक्सपोर्ट्स की बात कर तो 37% की वृद्धि के साथ रू 204.63 से बढ़ कर रू 280.14 करोड़ हो गया।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण योद्धाओं को मिला सम्मान

# धरती माता की सेवा हम सबकी जिम्मेदारी : चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान देने वाले संगठनों और पर्यावरण प्रेमियों का सम्मान करते हुए कहा कि धरती माता की सेवा हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। कवर्धा की हरियाली और स्वच्छता के लिए कार्यरत लोगों की सराहना करते हुए उन्होंने उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। सुधा वाटिका में आयोजित इस सम्मान समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष ने उपस्थित सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवकों और नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में वृक्षारोपण अभियान को व्यापक रूप से चलाया जाएगा, जिसमें स्कूल, कॉलेज और आम नागरिकों की





भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, सभापति व पार्षद रिंकेश वैष्णव सहित नगर के अन्य जनप्रतिनिधि व सामाजिक संगठन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान हरीतिमा टीम, जनसेवा एवं सुरक्षा टीम, मां काली योग समिति, गौ सेवा समिति समेत अनेक संगठनों और व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन ही हमारे स्वस्थ जीवन की कुंजी है और इसके लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

## भू-विस्थापितों ने कुसमुंडा खदान किया बंदः रोजगार, बसावट, जमीन वापसी सहित भू-विस्थापितों की समस्याओं को लेकर हड़ताल




पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com

एसईसीएल के कुसमुंडा, गेवरा, दीपका, कोरबा क्षेत्र के प्रभावित गांव के भू-विस्थापितों ने छत्तीसगढ़ किसान सभा और भू-विस्थापित रोजगार एकता संघ के नेतृत्व में लंबित रोजगार प्रकरणों का तत्काल निराकरण, खमहरिया की जमीन किसानो को वापस करने, आउट सोर्सिंग कार्यों में प्रभावित भू-विस्थापितों को रोजगार प्रदान करने, नए पुराने नाम पर मुआवजा कटौती बंद करने, विस्थापित सभी परिवार को बसावट देने एवं बसावट गांव में मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने की मांग को लेकर कोल इंडिया के मेगा प्रोजेक्ट कुसमुंडा में सुबह 6 बजे से कोल परिवहन को बंद कर हड़ताल शुरू कर दिया है।

# सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से निराकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर

## समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश सभी स्थानों पर पेयजल की समुचित आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा




पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले की नवपदस्थ कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने करीबन ढाई घँटे से अधिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। साढ़े 10 बजे शुरू हुई बैठक करीबन 1 बजे खत्म हुई। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने सुशासन तिहार के अंतर्गत सभी विभागों को प्राप्त आवेदनों का 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर ने जिले में सुशासन तिहार के अंतर्गत विभिन्न विभागों को प्राप्त आवेदनों की निराकरण हेतु की जा रही कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने ग्रीष्मकाल के मद्देनजर जिले में पेयजल एवं निस्तारी हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं अन्य संबंधित विभागों के द्वारा पानी की प्रबंध हेतु किए जा रहे उपायों की भी समीक्षा की। उन्होंने जिले के सभी स्थानों पर आम जनता के लिए पेयजल एवं निस्तारी हेतु पानी की समुचित आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं नूतन कंवर सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### आवेदन पत्रों की निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की

कलेक्टर ने समय-सीमा की लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए सभी विभाग प्रमुखों को निर्धारित समयावधि तक प्राप्त आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में दिव्या उमेश मिश्रा ने पहल पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों की निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने जिला खाद्य अधिकारी से सार्वजनिक वितरण प्रणाली की उचित मूल्य की दुकानों के संचालन हेतु समय-समय पर जिलों को प्रदत्त कार्यशील पूंजी पर पर्याप्त नियंत्रण एवं एजेंसियों को वितरित राशि के वापसी के संबंध में भी जानकारी ली।

### मौसमी बीमारियों के रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की ली जानकारी

बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जिला चिकित्सालय बालोद के अलावा जिले के सभी सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों एवं अन्य चिकित्सा कर्मियों तथा वहाँ पर उपलब्ध संसाधनों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जिले के सभी अस्पतालों में मानवीय संसाधनों तथा अन्य जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जिले में टीबी उन्मूलन के कार्यों के अलावा मौसमी बीमारियों के रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की भी जानकारी ली।

### शिक्षकों की कमी के कारण स्कूलों में अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था प्रभावित न हो

बैठक में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने सुशासन तिहार के अंतर्गत विभागवार प्राप्त आवेदनों एवं इसके निराकरण हेतु की जा रही कार्रवाई की भी विस्तृत समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने मांग एवं शिकायत से संबंधित प्राप्त कुल आवेदनों के संबंध में भी जानकारी ली। सभी विभाग प्रमुखों को अपने-अपने विभागों से संबंधित प्राप्त आवेदनों का समुचित परीक्षण कर निर्धारित समयावधि तक निराकरण की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से स्कूलों में शिक्षकों के स्वीकृत पद के विरूद्ध वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों की संख्या के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की कमी के कारण स्कूलों में अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था प्रभावित न हो इसके लिए निर्धारित समयावधि में शिक्षकों की रिक्त पदों की पूर्ति हेतु शासन को अनिवार्य रूप से प्रस्ताव प्रेषित की जाए। इसके अलावा उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से शिक्षकों की रिक्त पदों की पूर्ति हेतु वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# गौशाला में गायों को खिलाया गया चारा एवं पानी का किया गया इंतजाम

## मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा द्वारा लगातार किया जा रहा आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ चांपा
www.dailypioneer.com




मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा नैला जांजगीर द्वारा नई कार्यकारिणी गठन उपरांत राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जोन 4 अमर सुल्तानिया के मार्गदर्शन एवं प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत गांधी के निर्देश पर लगातार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में शाखा शाखा द्वारा विगत दिनों गौशाला पहुंचकर गायों के चारा एवं पानी के लिए कोटना का इंतजाम किया गया इसी क्रम में गौशाला में उपस्थित व्यक्तियों को भीषण गर्मी को देखते हुए समस्त कार्यकर्ताओं को गमछा वितरण किया गया जिससे उन्हें गर्मी से राहत मिल सके मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा के अध्यक्ष का कमान जब से पूनम अग्रवाल को मिला है तब से लगातार शाखा के सदस्य अपने कार्यों के प्रति सजकता दिखा रहे है चाहे वह धार्मिक आयोजन हो या जरूरतमंदों को समान वितरण का कार्यक्रम हो पशु पक्षियों की रक्षा हो या उनके लिए खाने-पीने का इंतजाम हो शाखा अपने दायित्व का निर्वाहन भली भांति कर रही है उक्त आयोजन में मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा के अध्यक्ष पूनम अग्रवाल ने कहा कि गायों की रक्षा करना हमारा परम दायित्व है आज वर्तमान में गाज रोड पर बैठी रहती है और समय काल के गाल में समा रही है हमारी शाखा द्वारा उनकी रक्षा हेतु छोटा सा उठाया हुआ कदम भी व्यक्तियों को जागरूक करेगा और वह गायों के संरक्षण हेतु कार्य करेंगे उक्त कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा से प्रांतीय सदस्य बीना बंसल अनुपमा गोयल पूर्व अध्यक्ष शिखा अग्रवाल अध्यक्ष पूनम अग्रवाल सचिव मनीषा अग्रवाल कोषाध्यक्ष पूनम अग्रवाल जगनी, अनीता अग्रवाल, ममता मोदी पूनम बंटी अग्रवाल एवं मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा के सदस्यगण उपस्थित थे।

# विकास की रफ्तार को नया आयामः विधायक भावना बोहरा ने सहसपुर लोहारा में विकास कार्यों की समीक्षा कर दिए सख्त दिशा-निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com



पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की विधायक भावना बोहरा ने जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा में आयोजित समीक्षा बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं और विकास कार्यों की गहन समीक्षा की। बैठक में क्षेत्रीय समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं अधूरे कार्यों के शीघ्र संपादन हेतु अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। विधायक बोहरा ने विशेष रूप से सुतियापाट नहर विस्तारीकरण में आ रही बाधाओं को जल्द दूर कर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत हितग्राहियों की सूची तैयार कर कार्य शीघ्र प्रारंभ करने की बात कही तथा ग्रामों में पेयजल संकट और लो वोल्टेज जैसी समस्याओं के समाधान हेतु समन्वय और निगरानी को प्राथमिकता दी। विधायक ने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पेयजल और बिजली आपूर्ति को सुदृढ़ करने के विशेष निर्देश दिए। साथ ही स्कूलों में शौचालय, स्वच्छता, पाठ्यपुस्तक, गणवेश, और सेनेटरी पैड जैसी मूलभूत सुविधाओं की समयपूर्व व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया। बैठक में उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती, तालाबों की सफाई, नालियों की नियमित सफाई, राशन दुकानों की निगरानी तथा पात्र हितग्राहियों के लिए राशनकार्ड बनवाने हेतु शिविर आयोजन के निर्देश भी दिए। भावना बोहरा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार बनने के बाद विकास कार्यों में तेजी आई है। उनका उद्देश्य है– भ्रष्टाचारमुक्त प्रशासन, गुणवत्तापूर्ण अधोसंरचना और हर नागरिक तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना। विधायक बोहरा ने कहा कि यह सरकार आम जनता को केंद्र में रखकर योजनाओं का संचालन कर रही है, जिससे हर वर्ग– किसान, महिला, विद्यार्थी, व्यापारी– सशक्त हो और क्षेत्रीय उन्नति सुनिश्चित हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे समय-समय पर विकास कार्यों की समीक्षा कर जनहित में कोई भी समझौता नहीं होने देंगी।

# गांजा तस्करी करते हुए आरोपी एवं संघर्षरत बालक को पकड़ने में थाना पामगढ पुलिस एवं सायबर टीम पुलिस को मिली सफलता

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com




गांजा तस्करी करते हुए 01 आरोपी एवं 01 विधी के विरूद्ध संघर्षरत बालक को पकड़ने में थाना पामगढ पुलिस एवं सायबर टीम पुलिस को मिली सफलता। थाना पामगढ़ पुलिस एवं सायबर टीम को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि 02 लोग एक सफेद रंग की बोलेरो वाहन के पीछे मे बोरी मे गांजा रख कर शिवरीनारायण से राहौद होते हुए पामगढ की ओर बेचने के लिये आने वाला है, कि सूचना पर रेड कार्यवाही, मुखबीर के बातये अनुसार वाहन बोलेरो का इंतजार कर रहे थे कि कुछ समय बाद बोलेरो वाहन आया जिसे रोकवाया और पुछताछ किया जो चालक के द्वारा अपना नाम विनोद कुमार साहू एवं बगल मे बैठा व्यक्ति विधि के विरूद्ध संघर्षरत बालक था, उक्त बैठे व्यक्तियो से पूछताछ करने पर अपने बोलेरो वाहन के पिछे में बोरी में रखा 7.450 किलो ग्राम (सात किलो चार सौ पचास ग्राम) मादक पदार्थ गांजा का किमती 74500/रुपए एवं परिवहन में उपयोग किए वाहन बोलेरो किमती 8,00000 रूपये (आठ लाख रूपये) एवं 01 मोबाईल कीमती 8000 रूपये को बरामद किया जाकर आरोपी विनोद कुमार साहू को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया एवं प्रकरण में शामिल एक विधी के विरूद्ध संघर्षरत बालक को किशोर न्यायालय में पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही मे साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक सागर पाठक थाना प्रभारी पामगढ़ उप निरीक्षक मनोहर सिन्हा, सउनि. संतोष बंजारे, रामदुलार साहू, सरोज पाटले थाना पामगढ़ एवं सायबर टीम से विवेक सिंह, आरक्षक गिरीश कश्यप, प्रदीप दुबे, शाहबाज अहमद तथा आर. श्याम सरोज ओग्रे, टिकेश्वर राठौर, सूरज पाटले, दीपक कश्यप, प्रहलाद बनर्जी, अनुज खरे थाना पामगढ़ का सराहनीय योगदान रहा।

# अंबेडकर स्टेडियम मरम्मत कार्य के कारण अस्थायी रूप से रहेगा बंद




पायनियर संवाददाता ➤ बालकोनगर
www.dailypioneer.com

बालको प्रबंधन द्वारा बालकोनगर में स्थित अंबेडकर स्टेडियम के मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्य आरंभ किया जा रहा है। यह कार्य स्टेडियम को और अधिक आकर्षक, सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनाने हेतु किया जा रहा है। मरम्मत कार्य की अनुमानित अवधि फरवरी 2026 तक होगी। इस दौरान स्टेडियम में किसी भी प्रकार की खेलकूद गतिविधियाँ स्थगित रहेंगी। अंबेडकर स्टेडियम, बालकोनगर के खिलाड़ियों के लिए एक प्रमुख अभ्यास स्थल है। बालको प्रबंधन इस स्थल को और बेहतर बनाने के लिए पूर्ण रूप से कटिबद्ध है। कार्य की गुणवत्ता समयसीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवधि में स्टेडियम पूर्णतः बंद रहेगा।

# जोन 7 अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा ने पदभार संभाला



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर के जोन 7 अध्यक्षीय कक्ष में पहुंचकर पूजा-अर्चना उपरांत जोन 7 की जोन अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा ने पदभार ग्रहण कर लिया। जोन 7 जोन अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा के पदभार ग्रहण करने पर जोन कार्यालय पहुंचकर प्रमुख रूप से रायपुर नगर पालिक निगम के सभापति सूर्यकान्त राठौड़, रायपुर लोकसभा सांसद प्रतिनिधि विजय अग्रवाल, नगर निगम संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, वित्त विभाग अध्यक्ष महेन्द्र खोडियार, जोन 8 जोन अध्यक्ष प्रीतम सिंह ठाकुर, जोन 10 जोन अध्यक्ष सचिन बी. मेघानी, पार्षद आनंद अग्रवाल, अजय साहू, पूर्व पार्षद ओंकार बैस, सनत बैस, सहित निगम जोन 7 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता ईश्वर लाल टावरे, जोन सहायक राजस्व अधिकारी अमरनाथ साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू सहित जोन 7 के अन्य सम्बंधित अधिकारियों, कर्मचारियों गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों, आमजनों ने उन्हें बुके प्रदत्त कर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

# डॉ. राम प्रताप सिंह ने कहा प्रत्येक श्रमिक को मिले लाभ



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

डॉ रामप्रताप सिंह, छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के द्वारा जिला पंचायत सभा कक्ष, रायगढ़ में श्रम विभाग में कार्यरत अधिकारी / कर्मचारियों की मंडल अंतर्गत पंजीयन एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में अध्यक्ष के द्वारा निम्नानुसार बिन्दुओं पर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। जिले में पंजीयन का लक्ष्य बढाकर समस्त निर्माणाधीन स्थलों एवं पंचायतों में शिविर के माध्यम से शत प्रतिशत पंजीयन कराये जाने के निर्देश दिये गये। मंडल गठन अंतर्गत ऐसे पंजीकृत श्रमिक जो किसी भी योजना का लाभ प्राप्त नहीं किये है उनका विकासखण्डवार / पंचायतवार चिन्हांकन कर योजना का लाभ प्रदाय करने हेतु निर्देश दिये। पंजीयन के लंबित आवेदनों को सात दिवस के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिये गये। महतारी जतन योजनांतर्गत लाभ प्रदाय करने हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग से समन्वय कर योजना का प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक श्रमिकों को लाभ प्रदाय करने के निर्देश दिये गये। विभाग के द्वारा एक प्रतिशत उपकर की राशि वसूली की जाती है जिसे ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे निर्माण कार्यो से भी उपकर संग्रहण के निर्देश दिये गये। श्रम विभाग द्वारा आयोजित इस बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेन्द्र यादव एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी महेश पटेल, सहायक श्रमायुक्त घनश्याम पाणिग्राही सहित श्रम विभाग के अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ चेंबर में नए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ कोरिया/रायपुर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रायपुर के शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नव निर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष अजय गुप्ता ने कोरिया जिला से निर्वाचित होकर अपनी जिम्मेदारियों की शपथ ली। इस समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्वराज्यपाल रमेश बैस सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व चेंबर अध्यक्ष सुंदरानी और अमर परवानी समेत अन्य विशिष्ट अतिथिगण ने भाग लिया। समारोह के दौरान, चेंबर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। अजय गुप्ता ने शपथ लेते हुए कहा, मेरा उद्देश्य छत्तीसगढ़ के व्यापार और उद्योग को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाना है। मैं अपने सभी सहयोगियों के साथ मिलकर राज्य के आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हूँ। मुख्यमंत्री विष्णु देव ने समारोह में अपने संबोधन में कहा, छत्तीसगढ़ चेंबर का योगदान हमारे राज्य की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण है। हमें व्यवसायिक समुदाय के साथ मिलकर राज्य में विकास के नए आयाम स्थापित करने होंगे। इस कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व चेंबर अध्यक्ष सुंदरानी ने कहा, नव निर्वाचित पदाधिकारी हमारे राज्य के लिए एक नई दिशा प्रदान करेंगे। हमें उन्हें पूरा समर्थन देना चाहिए ताकि वे अपने कार्यों में सफल हो सकें। समारोह का आयोजन अत्यंत गरिमामय और व्यवस्थित तरीके से किया गया, जहाँ विभिन्न उद्योगों और व्यवसायों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में, सभी नए पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को बधाई दी और राज्य के विकास हेतु एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस शपथ ग्रहण समारोह ने यह दर्शाया कि छत्तीसगढ़ में व्यापारिक समुदाय का एकजुटता और समर्पण किस प्रकार राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। आगामी दिनों में ये नवनिर्वाचित पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के उद्योग जगत को नई दिशा देने में सफल होंगे, यही उम्मीद है।

# दुर्गापाली विद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित, सिमरन अनंत प्रथम

**सरायपाली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गापाली का स्थानीय परीक्षा 9वीं व 11वीं का परिणाम जिला शिक्षा अधिकारी व विकासखंड शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम जारी करने हेतु आयोजित कार्य म के मुख्य अतिथि श्रीमती मौना पटेल सरपंच ग्राम पंचायत दुर्गापाली, अध्यक्षता निमंकर पटेल प्राचार्य, विशिष्ट अतिथि लक्ष्मण पटेल प्रधान पाठक उच्च प्राथमिक शाला सागरपाली, राजकुमार पटेल सरपंच प्रतिनिधि, मनोरंजन साहू संकुल समन्वयक व पालक गण, शिक्षक गण व छात्र छात्राएं उपस्थित थे। परीक्षा प्रभारी, राजेश कुमार पंडा ने बताया कि कक्षा 9 वीं का परिणाम 82.9प्रतिशत, 11वीं का 93.9 प्रतिशत रहा।कक्षा 9वीं में स्नेहा ने 84.5 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर कु.कोमल पटेल 77 प्रतिशत व तृतीय स्थान जुहीदास 76.3 प्रतिशत प्राप्त किया। कक्षा 11 वीं सिमरन अनंत ने 83.2 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।






सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403